kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-55 | शुक्रवार, 22 मार्च 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है और भारत का उदय वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए एक आश्वासन है। जगदीप धनखड़

कांग्रेस का दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक हैः नड्डा 11

उत्तराखंड में मौसम ने ओढ़ी बादलों की चादर, फिजाओं में घुली ठंडक 12

सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

रोक लगाने से अराजकता और अनिश्चितता पैदा होगी, याचिका खारिज

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य दो आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति संबंधी 2023 के (संशोधित) कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दीं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, हम अब कानून पर रोक नहीं लगा सकते हैं। रोक लगाने से केवल अराजकता और अनिश्चितता पैदा होगी। पीठ ने हालांकि, कहा कि चयन समिति के सदस्यों को विचार-विमर्श के लिए अधिक समय दिया जा सकता था। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को 14 मार्च को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे ठीक एक दिन पहले शीर्ष अदालत ने इससे संबंधित मामले की सुनवाई होनी थी। पीठ ने आगाह करते हुए कहा, ऐसी संवैधानिक नियुक्तियों से सावधान रहना होगा। विपक्ष के नेता को बैठक से पहले उम्मीदवारों पर विचार करने के लिए कोई समय नहीं दिया गया। ऐसा लगता है कि कुछ ही घंटों में 200 नामों पर विचार किया गया। पीठ ने कहा कि जब मामला अदालत में विचाराधीन है तो सरकार चयन संबंधी बैठक को एक या दो दिन के लिए टाल सकती थी। शीर्ष अदालत ने कहा, छ

न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। हम जन प्रतिनिधित्व अधिनियम से निपट रहे हैं जो मेरे अनुसार संविधान के बाद सर्वोच्च है। पीठ ने केंद्र ● शेष पेज 11 पर

भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बांड का ब्योरा बंद लिफाफों में चुनाव आयोग को सौंपा

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुये चुनावी बांडों को खरीदने और भुनाने वाले दलों के पूरे विवरण दो मुहर बंद लिफाफों में निर्वाचन आयोग को सौंप दिये हैं। एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा की ओर से उच्चतम न्यायालय में गुरुवार को दाखिल एक शपथपत्र में इस बात की जानकारी दी गयी। शपथपत्र के अनुसार एसबीआई अध्यक्ष ने हलफनामे में न्यायालय को बताया है कि उसने चुनावी बांड से संपूर्ण विवरण चुनाव आयोग को दे दिये हैं। इस विवरण में बांड खरीदने वाले के नाम, निर्गम करने वाली शाखा का कोड, मियाद पूरी होने की तिथि बांड नंबर, नंबर से पहले का अक्षर, उसकी रकम और स्थिति के साथ ही बांडों को भुनाने वाले राजनीतिक दलों के नाम, उनके खातों के अंतिम चार अंक, बांड का नंबर और उससे पहले लगने वाले अक्षर, बांड का मूल्य, भुगतान करने वाली शाखा का पूरा विवरण दिया गया है। बांड नंबर अल्फा न्यूमरिक (अक्षर और अंकों का मिश्रण) हैं। एसबीआई के एक उप प्रबंध निदेशक ने बुधवार, 20 मार्च को मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेज उच्चतम ● शेष पेज 11 पर

'फैक्ट चेक यूनिट' पर केंद्र सरकार की अधिसूचना पर रोक

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए 'फैक्ट चेक यूनिट' से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। अदालत कई महत्वपूर्ण सवालों पर विचार कर रही है। पीठ ने हालाँकि, कहा, "हमारा मानना है कि उच्च न्यायालय के समक्ष आने वाले प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के मूल प्रश्नों से निपटते हैं। उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय लंबित होने के कारण, हम गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने से बच रहे हैं। हमारा विचार है कि अंतरिम राहत के आवेदन की अस्वीकृति के बाद 20 मार्च, 2024 की अधिसूचना पर रोक लगाने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने बताया कि नियम 3(1)(बी)(5) की वैधता को दी गई चुनौती में गंभीर संवैधानिक प्रश्न शामिल है और मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति पर नियम के प्रभाव का उच्च न्यायालय द्वारा विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी।

शराब घोटाले में पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय का एक्शन

ईडी ने अरविंद केजरीवाल को किया गिरफ्तार

सुप्रीम कोर्ट से लगायी गुहार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के पहलू की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। आम आदमी पार्टी के संयोजक श्री केजरीवाल को ईडी के अधिकारी दो घंटे की पूछताछ करने के बाद उनके निवास से गिरफ्तार कर लिया गया। श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी कानूनी टीम उच्चतम न्यायालय से गुहार लगाने के लिए पहुंच गयी थी। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज दिन में श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी से बचने की अर्जी को खारिज कर दिया था। उसके बाद ईडी अधिकारियों की टीम मुख्यमंत्री के आवास पर तलाशी के लिए पहुंची और दो घंटे तक पूछताछ की। केजरीवाल मंत्रिमंडल के सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर लिखा, छमुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी की टीम किसी बाहरी व्यक्ति को मुख्यमंत्री के आवास के अंदर जाने की अनुमति नहीं दे रही थी। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि यहां ईडी छापेमारी की गई है। पुलिस किसी को अंदर नहीं जाने दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की पूरी तैयारी है। मुख्यमंत्री के

आवास के बाहर आप नेताओं ने कहा कि छह से आठ अधिकारियों की टीम मुख्यमंत्री आवास के अंदर गयी है।

इसबीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, भाजपा की राजनीतिक टीम (ईडी), केजरीवाल की सोच को कैद नहीं कर सकती। क्योंकि 'आप' ही भाजपा को रोक सकती है। सोच को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर कहा, मोदी जी, केजरीवाल एक कट्टर देशभक्त हैं। आपसे और आपकी टटपूंजीयों से नहीं डरने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि श्री केजरीवाल को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से जुड़े मामले में नौ समन जारी किए गए हैं। इस मामले में 'आप' नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं। इस मामले में ईडी ने पिछले हफ्ते तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव की पुत्री एवं विधान परिषद सदस्य के कविता को इससे संबंध में गिरफ्तार किया था। श्री केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पहुंचे वकीलों ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को गैर-कानूनी बताते हुए इस मामले की तत्काल सुनवाई करने की आग्रह किया है। दिल्ली की वित्त मंत्री ने कहा कि हमने उच्चतम न्यायालय से तत्काल आज रात में ही सुनवाई की अपील की है। उल्लेखनीय है कि श्री केजरीवाल को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से जुड़े मामले में नौ समन जारी किए गए हैं। इस मामले में 'आप' नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल में हैं। इस मामले में ईडी ने पिछले हफ्ते तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव की पुत्री एवं विधान परिषद सदस्य के कविता को हैदराबाद में इसके संबंध में गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने श्री केजरीवाल का फोन रखवा लिया है और उनसे इस मामले में पूछताछ भी की जा रही है। मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस और त्वरित कार्रवाई बल के जवान तैनात किए गए हैं और वहां आप के कार्यकर्ता भी जमा होने लगे हैं।

संक्षेप

ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्म के विज्ञापनों से बचें : सरकार

नयी दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर सभी प्रभावशाली लोगों को सरोगेट विज्ञापन सहित ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों के प्रचार या विज्ञापन से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि इन विज्ञापनों और सट्टेबाजी तथा जुए का उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर गलत सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है। मंत्रालय ने ऑनलाइन विज्ञापन मध्यस्थों को सलाह दी है कि वे ऐसी प्रचार सामग्री को भारतीय दर्शकों को ध्यान में रखकर बढ़ावा न दें। सोशल मीडिया मध्यस्थों को भी सलाह दी गई है कि वे इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें। सरकार की ओर से चेतावनी दी गई है कि परामर्श का पालन न करने वालों के खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की सकती है, जिसमें सोशल मीडिया पोस्ट या खातों को हटाना या अक्षम करना और लागू कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई शामिल है।

डूंगरपुर के एक मामले में आजम समेत सभी आरोपी बरी

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर की एक अदालत ने चर्चित डूंगरपुर मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान समेत सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया गया है। जिले के चर्चित डूंगरपुर प्रकरण में आजम खान और अन्य के खिलाफ 12 मुकदमें दर्ज हुए थे। इसमें से एक मुकदमें में सभी आरोपियों को पहले बरी किया जा चुका है, जबकि दूसरे मामले में आजम खान को सात साल की सजा और आठ लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है। आजम सहित चार लोगों को इसमें सजा हो चुकी है, जबकि इसी मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया। इसी प्रकरण में आज एक और मामले में फैसला आया। इसमें आजम खां समेत आठ लोग आरोपी थे। इसमें मकानों पर बुलडोजर चलवाने के साथ ही घर में लूटपाट करने का भी आरोप था। इसकी सुनवाई जिले की एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला घेर मियां खां निवासिनी शफीक बानो ने वर्ष 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित महिला ने तहरीर में लिखा था कि उसने वर्ष 2012 में जमीन खरीदकर पक्की रजिस्ट्री कराई थी।

सपा और अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूटा, लोकदल साथ आया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने तीन लोकसभा सीटों पर अपनी मर्जी से प्रत्याशी उतारने वाले सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी को अब पराया कर दिया है। इस तरह सपा का अपना दल कमेरावादी गठबंधन से टूट गया, लेकिन राष्ट्रीय लोकदल के रूप में सपा को नया साथी भी मिल गया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि उनका अपना दल (कमेरावादी) से गठबंधन नहीं है। अखिलेश लखनऊ में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपना दल कमेरावादी से गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था लेकिन अब नहीं है। क्या गठबंधन को लेकर उनसे आगे बातचीत होगी, इस पर अखिलेश ने कहा कि अब हम लोग आगे बढ़ चुके हैं और अब नामांकन होने जा रहा है। उधर लोकदल मुखिया सुनील सिंह ने सपा के साथ आने का ऐलान किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि अब हमारे साथ असली लोकदल आ गया है। सपा में शामिल होने का ऐलान करते हुए लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने में जी-जान से जुटेगी। सुनील सिंह का दावा है कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल यही है। उन्होंने कहा कि नकली रालोद चला गया और असली लोकदल सपा के साथ है। चौधरी चरणसिंह ने ही लोकदल बनाया था।

असल में अपना दल कमेरावादी नेता व सपा विधायक पल्लवी पटेल ने बुधवार को मिर्जापुर, फूलपुर और कौशांबी लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे दिए थे। पल्लवी पटेल ने कहा था कि हमने अपना निर्णय इंडिया गठबंधन के सामने रख दिया। हमें फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर की सीटें चाहिए लेकिन इसके तुरंत बाद सपा ने भी मिर्जापुर में प्रत्याशी का ऐलान कर दिया।

जाति जनगणना पर कांग्रेस का रुख इंदिरा और राजीव की विरासत का अपमान : आनंद शर्मा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर पार्टी के आधिकारिक रुख का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि समावेशी दृष्टिकोण रखने वाली इस पार्टी का अपने पुराने रुख से विचलित होना इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की विरासत का अपमान है।

उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गए पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना देश में व्याप्त असमानताओं और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए रामबाण नहीं हो सकती। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शर्मा ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पार्टी से अलग रुख ऐसे समय अपनाया है जब लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और पार्टी ने इस चुनाव में जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की बात की है उनमें से एक जाति जनगणना भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले कई महीनों से जाति जनगणना और सामाजिक न्याय को



विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। शर्मा ने खरगे को लिखे पत्र में कहा, "राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना चुनावी विमर्श में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसका समर्थन किया है। गठबंधन में वे दल भी शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय से जाति आधारित राजनीति की है। हालांकि, सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व समझ पर आधारित है। शर्मा का कहना है, "संविधान में निहित सकारात्मक कदम के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। यह भारतीय संविधान निर्माताओं की सामूहिक ज्ञान को दर्शाता है। दशकों बाद, अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को एक विशेष श्रेणी के रूप में शामिल किया गया और तदनुसार आरक्षण का लाभ दिया गया। इसे अब 34 वर्षों से पूरे देश में स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि जाति भारतीय समाज की एक वास्तविकता है, लेकिन कांग्रेस कभी भी पहचान की राजनीति में शामिल नहीं हुई और न ही इसका समर्थन किया। शर्मा के अनुसार, क्षेत्र, धर्म, जाति और जातीयता की समृद्ध विविधता वाले समाज में ऐसी राजनीति लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, "कांग्रेस एक ऐसे समावेशी दृष्टिकोण में विश्वास करती है, जो गरीबों और वंचितों के लिए समानता और सामाजिक न्याय के लिए नीतियां बनाने में भेदभाव रहित है। उन्होंने 1980 में इंदिरा गांधी के समय पार्टी के नारे 'न जात पर न पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर' का ● शेष पेज 11 पर

बदायूं में दोहरे हत्याकांड का दूसरा आरोपी बरेली में गिरफ्तार

बदायूं। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में दो बच्चों की हत्या के दूसरे आरोपी को पुलिस ने बरेली के बारादरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने गुरुवार को बताया कि बाबा कॉलोनी स्थित एक घर में दो बच्चों की निर्मम हत्या के एक आरोपी साजिद को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था जबकि उसका दूसरा भाई जावेद फरार था जिसे आज बरेली स्थित बारादरी थाना क्षेत्र के सैटेलाइट इलाके में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जावेद की गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। उस पर जो इनाम कराया गया था, उसके दबाव में उसने आज बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के सैटेलाइट चौकी में जाकर आत्मसमर्पण पर किया है और अपना एक वीडियो भी वायरल किया था। वायरल वीडियो को लेकर स्थानीय पुलिस ने बरेली में उच्चाधिकारियों से संपर्क किया और अब बदायूं पुलिस उसको लेकर वापस आ रही है। उससे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक करोड़ 12 लाख ने किये श्रीरामलला के दर्शन

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को दो माह के भीतर एक करोड़ 12 लाख श्रद्धालुओं ने भगवान रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया है।

अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बीते वर्ष की अपेक्षा तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन मंदिर में एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2017 में दीपोत्सव के बाद से श्रीराम की नगरी में भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। 2017 में कुल एक करोड़ 78 लाख 57 हजार 858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। इनमें एक करोड़ 78 लाख 32 हजार 717 भारतीय एवं 25 हजार 141 विदेशी शामिल हैं। 2018 में एक करोड़ 95 लाख 34 हजार 824 भारतीय एवं 28 हजार 335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। वर्ष 2019 में ● शेष पेज 11 पर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सभी डीएम को दिया निर्देश

नए विकास कार्यों के लिए पैसा देने पर रोक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। चुनाव आयोग ने नए विकास कार्यों के लिए पैसे देने पर रोक लगा दी है। सांसद और विधायक अपने संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड जारी नहीं करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के साथ ही प्रदेश में दद्दरौल (शाहजहांपुर), लखनऊ पूर्व, गैसड़ी (बलरामपुर) और दुद्धी (सोनभद्र) में विधानसभा उपचुनाव भी होने हैं।

आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि संसद सदस्य (राज्य सभा सदस्यों सहित) स्थानीय क्षेत्र

❑ सांसद-विधायक निधि को लेकर निर्देशों का पालन हो, चालू किए गए काम पूरे कराए जाएं

विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। इसी प्रकार, निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक / विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि यदि पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकेंगे। आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हुए काम चलते रहेंगे। जो काम पूरे कर लिए गए हैं, उनके लिए भुगतान जारी करने पर कोई रोक नहीं होगी। जिन क्षेत्रों में योजनाएं मंजूर कर ली गई हैं और निधि उपलब्ध कराई गई है या जारी की गई है और सामग्री खरीदी गई है और साइट पर पहुंच गई है, ऐसी योजनाएं पूरी कराई जाएंगी।

कांग्रेस ने 'मोदी की गारंटी' जैसे विज्ञापनों की आयोग से शिकायत की

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार के कई विज्ञापनों और पोस्टरों आदि पर आपत्ति दर्ज करते हुए गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया पर भी इस तरह की कई पोस्ट डाली जा रही है जिन पर रोक लगाने की जरूरत है। चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक तथा सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, हमने 2-जी पर जारी एक वीडियो

आयोग ने चार राज्यों में 13 पुलिस प्रमुखों, जिलाधिकारियों के स्थानांतरण किए

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने वर्तमान चुनावों में तंत्र की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चार राज्यों- गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आठ गैर-कैडर पुलिस अधीक्षकों/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पांच गैर-कैडर जिलाधिकारियों का तबादला कर दिया है। आयोग ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, उसने आज उन गैर-कैडर अधिकारियों के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। इनमें कुछ प्रमुख राजनेताओं के रिश्तेदार जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की बैठक बुलाने के बाद यह निर्णय लिया गया। स्थानांतरित किये गए अधिकारियों में गुजरात में छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण जिलों के पुलिस अधीक्षक हैं। पंजाब में पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मलेरकोटला जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ओडिशा में ढेंकनाल के जिलाधिकारी और देवगढ़ और कटक ग्रामीण जिलों के पुलिस अधीक्षक, पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर, झारग्राम, पूर्व बर्धमान और बीरभूम जिलों के जिलाधिकारी शामिल हैं। आयोग ने पंजाब में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बठिंडा और असम में पुलिस अधीक्षक सोनितपुर को निर्वाचित राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनकी रिश्तेदारी या पारिवारिक संबंध को देखते हुए स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया है। इस बारे में आयोग निर्देश के तहत, सभी संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे गैर-एनकैडर अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में उनकी वर्तमान भूमिकाओं से स्थानांतरित करें और आयोग को एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

होली पर नहीं होगी यूपी रोडवेज की बसों की किल्लत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की भारी संख्या के मद्देनजर शत प्रतिशत बसों के संचालन और बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा के निर्देश दिये हैं।

निगम के महानिदेशक मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके पश्चात विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। प्रत्येक क्षेत्र समस्त बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को सुदृढ़ व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। समस्त सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि होली पर्व की अवधि में यात्रियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त बसों का संचालन योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। बस अड्डों पर बैनरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।महानिदेशक ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग/आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्?डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बसों में संचालन के दौरान यह भी सुनिश्चित करें, कि अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जाए।

इस बीच परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने सभी संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को होली पर्व के दृष्टिगत अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च 2024 को होली का पर्व मनाया जाना है। प्रायः महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रदेश के अंदर आने वाली व प्रदेश से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय कुप्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है।

लोकसभा चुनाव में यूपी की भूमिका होगी निर्णायकः अखिलेश

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश ही लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा।

पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की साजिश और षडयंत्रों से सतर्क और मतदान के साथ सावधान रहने की जरुरत है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। इसी तरह भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। देश की भोली भाली जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट सीज कर रही है क्योंकि उसकी चंदा वसूली और चंदा चोरी उजागर हो गयी है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हटेगी तो देश में लोकतंत्र बचेगा। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल की एमएसपी मिलेगी।

तीन पालियों में परीक्षा को मंजूरी, छात्रों को पास होने का मिलेगा एक और मौका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन पालियों में होंगी। जिन छात्रों ने छह सेमेस्टर पास कर लिए हैं और प्रथम और द्वितीय में अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें एक और मौका दिया जाएगा। इसी तरह उत्तर पुस्तिका को 40 पेज के स्थान पर 32 पेज करने के लिए समिति गठित कर दी गई है। यह निर्णय परीक्षा समिति की बैठक में हुए। एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के मद्देनजर गुरुवार को परीक्षा समिति की बैठक हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इस सत्र से सम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन पालियों में होंगी। यह परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित होती हैं। लिहाजा तीन पालियों में परीक्षा कराना आसान है। इसके अलावा भी कई अन्य निर्णय लिए गए हैं।

परीक्षा निंश्यत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने छह सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है लेकिन वह प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं। साथ ही पांच वर्ष की निर्धारित अवधि भी पूर्ण कर चुके हैं। उन छात्रों को समिति ने एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। जिससे उनका पाठ्यक्रम पूर्ण हो सके। उनकी परीक्षाएं सम और विषम सेमेस्टर के साथ कराने पर मुहर लगी है। परीक्षा समिति की बैठक में उत्तर पुस्तिकाओं के पेजों को लेकर भी चर्चा हुई। अभी तक एलयू में उत्तर पुस्तिका 40 पेज की होती है। इन्हें 32 पेज किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव पर मंथन के लिए एक समिति गठित कर दी गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर पेजों की संख्या पर निर्णय लिया जाएगा।

मूल्यांकन राशि बढ़ाने का शासनदेश जारी न होने से शिक्षकों में नाराजगी

लखनऊ। यूपी बोर्ड की कापियों के मूल्यांकन राशि में 33 फीसदी वृद्धि का अभी तक शासनादेश जारी न होने से शिक्षकों में आक्रोश है। होली के पहले शासन ने शासनादेश जारी नहीं किया तो शिक्षकों को पुरानी दरों पर ही पारिश्रमिक का भुगतान होगा। गुरुवार को रायबरेली रोड स्थित सरस्वतीपुरम में उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रधान कार्यालय में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने विरोध जताया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने बताया कि 13 मार्च को शिक्षकों के प्रदर्शन के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने वार्ता के दौरान मूल्यांकन पारिश्रमिक की दरों में 33 फीसदी बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कही थी। जबकि संगठन पारिश्रमिक दरें सीबीएसई के सामान किये जाने की मांग कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा का कहना है कि सीबीएसई अपने शिक्षकों को प्रति कापी मूल्यांकन का 40 रुपये देता है। जबकि यूपी बोर्ड हाईस्कूल की प्रति कापी मूल्यांकन का 11 रुपये व इंटर में 13 रुपये भुगतान करता है। निदेशक माध्यमिक डॉ. महेन्द्र देव ने शिक्षकों को आश्वासन दिया था कि 33 फीसदी मूल्यांकन पारिश्रमिक इसी सत्र से लग जाएगा।

अलीगढ़ मॉड्यूल के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा था हासिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। असम से गिरफ्तार आईएसआईएस आतंकी हासिम फारूकी का अलीगढ़ 'कनेक्शन सामने आया है। वह आईएसआईएस के अलीगढ़ मॉड्यूल से जुड़ा था। प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि वह अलीगढ़ मॉड्यूल के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा हुआ था।

सूत्रों के अनुसार यूपी एटीएस भी हासिम से पूछताछ कर सकती है। एटीएस ने आईएसआईएस के अलीगढ़ मॉड्यूल की जानकारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के साथ साझा की थी। एटीएस ने अलीगढ़ मॉड्यूल से जुड़े अब्दुल्ला अर्सलान व माज बिन तारिक समेत कई आतंकियों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल हासिम का उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से कनेक्शन मिला है। वह देहरादून के रहने वाले एक यूनानी हकीम का बेटा है। देहरादून पुलिस और स्थानीय खुफिया तंत्र की ओर से यह जानकारी दी गई है कि हासिम पिछले 10 वर्षों से देहरादून नहीं आया है।

हासिम को उसके एक दोस्त के साथ असम से गिरफ़्तार किया गया है। उसके इस दोस्त ने कुछ दिनों पहले ही इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था। हासिम के बारे में यह जानकारी जुटाई जा रही है कि वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) का छात्र रहा है या नहीं? इससे पहले एटीएस ने आईएसआईएस से जुड़े जिन आतंकियों को गिरफ्तार किया था, वे सभी एएमयू के पूर्व छात्र रहे हैं। कुछ ने तो पीएचडी की डिग्री तक हासिल कर रखी है।

बाजार में मोदी-योगी तस्वीर वाली पिचकारी की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होली के बाजार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन वाली सरकार की तस्वीरों वाली पिचकारी की धूम है।

प्रयागराज के थोक बाजार चौक घंटाघर क्षेत्र में सजी दुकानों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों वाली पिचकारी की बड़ी मांग है। स्कूल बैक के आकार की पिचकारी का भगवा रंग है। इसके ऊपर श्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की तस्वीर छपी हुई है। इसपर बीजेपी डबल इंजन की सरकार भी लिखा हुआ है।

चौक क्षेत्र के व्यापारी करामत उल्ला ने बताया कि इस बार चुनाव से पहले रंगो का त्यौकार होली पडा है। पूरे देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मोदी और योगी की डबल इंजन वाली सरकार की धूम मची है। बाजार में बिक रही मोदी-योगी की तस्वीर वाली पिचकारियों को लेकर बच्चों में बड़ा उत्साह नजर आ रहा है। गदा वाली भी पिचकारी है जिस पर कमल का फूल छपा है और बीजेपी डबल इंजन की सरकार लिखा है। इन पिचकारियों का मूल्य 400 रूपए से अधिक है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले होली पर इस प्रकार किसी जोड़ी को लेकर कोई पिचकारी बाजार में नहीं बिकती थी। मोदी और योगी की जुगलबंदी ने जहां पहले ही लोकसभा चुनाव को अपने पक्ष में कर लिया है वहीं बाजार में भी इन जोडियों वाली पिचकारी की भरपूर माग है। उन्होंने पिचकारी के बहाने चुनाव को लेकर भाजपा का प्रचार भी हो रहा है और बच्चों की पहली पसंद भी बनी हुई है। दारागंज क्षेत्र निवसी उपभोक्ता राजन सिंह चौक में बच्चों के लिए में पिचकारी और कुछ घरेलू समाना की खरीददारी करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बाजार में मोदी-योगी की तस्वीरों वाली पिचकारियों को दुकानदारों ने इस प्रकार दुकान के बाहर लटका रखी है कि बच्चों की निगाह पड़ने के साथ ही वे इसकी खरीददारी करने के लिए मचलने लगते हैं। उन्होंने बताया कि इसी बहाने लोकसभा चुनाव का प्रचार भी डबल इंजन सरकार की हो रही है।

श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास में जितना काम किया पिछली सरकारों ने ऐसा कोई काम नहीं किया। आज देश में ओवरब्रिज का जाल बिछ गया है। यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिए रेलवे के क्षेत्र में विकास के कार्य कराऐ जा रहे हैं। बंदे भारत जैसी ट्रेनों को लगातार बढाया जा रहा है। प्रदेश में भी विकास के कार्य को योगी सरकार प्राथमिकता दे रही है। अपराध पर काफी हद तक नियंत्रण योगी सरकार ने किया है।

उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं कहा जा सकता कि पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया। उसके भी शासनकाल में देश ने बहुत विकास किया है। समय के साथ वर्तमान सरकार उस काम को और अधिक बढ़ावा दे रही है। मंहगाई को लेकर उन्होंने कहा कि देश में विकास की गति बढ़ेगी तो जनता पर कुछ तो असर पड़ेगा।

अतीक अहमद के दोनो बेटों की हुई पेशी, अगली तारीख चार अप्रैल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले की एक अदालत में माफिया अतीक अहमद के दोनो बेटों की पांच करोड़ रूपए की रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास के मामले में गुरूवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। अगली पेशी चार अप्रैल निर्धारित की गयी है। शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चन्द्र अग्रहरि ने बताया कि अतीक अहमद का बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है और दूसरा बेटा अली प्रयागराज के नैनी जेल में बन्द है। दोनो बेटों पर पांच करोड़ रूपए की रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास मामले में गुरूवार को प्रयागराज की जिला अदालत मे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए एडिनल डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश (एडीजे) राम प्रताप सिंह की अदालत में पेशी हुई। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुना। सुनवाई के बाद अगली पेशी आगामी चार अप्रैल निर्धारित किया। गौरतलब है कि बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम ने करेली थाने में पांच करोड की रंगदारी, हत्या का प्रयास, अपहरण, धमकी और मारपीट समेत अन्य धाराओं में 26 अप्रैल 2023 को उमर और अली के अलावा असाद कालिया, ऐहतेशाम करीम, अजय और नुसरत के खिलाफ जमीन कब्जा करने और धमकी देकर पांच करोड़ रूपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेवर। विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम हिंदूपुर स्थित मां गमा देवी मंदिर पर आयोजित सप्ताह भर से चल रही श्री मदभागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा परिसर पर श्रीमद् भागवत का रसपान पाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा वाचक आचार्य

पंडित अभिषेक शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का समापन करते हुए क?ई कथा प्रसंगों का भक्तों को श्रवण कराया। जिसमें ऊषा चरित्र,नृग चरित्र, बासुदेव नारद संवाद, सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष की कथाओं का श्रवणपान करवाया गया और गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही कमेटी के सदस्य शेरसिंह चौहान ने कहा ये भागवत समस्त ग्राम के सहयोग से कराई गई है सभी से इसमें सहयोग के लिए बोला गया जिससे सभी ने भड़चढ़ कर हिस्सा लिया। कथा के दौरान कथाव्यास ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही। वहीं उन्होंने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों को श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया।

इस कड़ी में आचार्य ने भक्तों को बताया कि श्री मद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन शुकदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए कथा में विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। वहीं उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए श्रीकृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। भंडारे में समस्त मंदिर कमेटी सहित सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

पंचायत घर की सरकारी जमीन पर दबंग कर रहे हैं कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी। एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एंटी भू माफिया अभियान चलाकर उन्हें चिन्हित करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई का दावा करने की बात तो करती है लेकिन जनपद मैनपुरी में दबंग जमीनों पर कब्जा करने से आज भी बाज नहीं आ रहे हैं जो लगातार सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं पीड़ित का आरोप है कि सरकारी जमीन पर दबंग किस्म के लोग आज भी उक्त भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं

पुरा मामला भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम?पंचायत उद्धमपुर नरैनी में पुराने पंचायत घर की बाउंड्री को तोडकर अपना पर्सनल गेट लगाकर रास्ता बनाने से रोके जाने ग्राम पंचायत उद्धमपुर नरैनी के मजरा नरैनीपुर में आज से लगभग 60 वर्ष पुराना पंचायत घर बाना हुआ थी जो लगभग 5 वर्ष पहले ही दीवाले गिर गई थी जो भी ईट सवित निकली उस ईट को इकट्ठा करके और लेखपाल को प्राार्थना पहले दिया और जगह की नाप करवाकर उस ईट से उस जगह की वाउड़ी कर दी लोगों ने उस पर ऐतराज उठाया तो उपजिलाधिकारी के स्वयं खड़े होकर जगह को सुरक्षित करवाया उसके वाद रामशरण पुत्र दर्शन सिह व इनके पुत्र विशाल यादव व प्रसान्तयादव पुत्रगण रामशरण ने अपने गेट को लगाने के लिए ग्रामपंचायत घर की बाउंड्री को तोडदिया है आज दिनाँक 19/03/024 की घटना है और ये लोग पूरा कब्जा करके रखे है जानवर बाँधते है और गोवर कंडे उसी में सबकुछ कर रहे है। जिला अधिकारी से राजकुमार प्रधान प्रतिनिधि कि मांग की हैकि ग्रामपंचायत घर की कीमती भूमि को सुरक्षित रखने के लिए जो लोग कब्जा कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।

अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही जारी

कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के अंतर्गत 06 माह के लिये जिला बदर किये गये अपराधी को थाना सिकन्दरा पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुये सिकंदरा थाना क्षेत्र में ही निवास करते हुये एकअदद अवैध देशी तमंचा व एक अदद कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया. मालूम हो कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना सिकन्दरा पुलिस ने माननीय न्यायालय से 06 माह के लिये जिला बदर अपराधी विनय कुमार पुत्र महेन्द्र पाल निवासी महमूदपुर बुजुर्ग थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात को सूर्या ओवर ब्रिज के नीचे से मय एक अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ बुधवार को समय करीब 12.15 बजे गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है..... एवंअभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0 57/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व 10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम बनाम विनय कुमार पुत्र महेन्द्र पाल निवासी महमूदपुर बुजुर्ग थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात पंजीकृत करके उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है.... उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी करने में व0उ0नि0 मनजीत दयाल थाना सिकन्दरा, का0 892 विनय कुमार थाना सिकन्दरा कानपुर देहात का सराहनीय योगदान रहा।

20 लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

बिछवां कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक नहर पुल के समीप से वीती शाम मुखविर की सूचना पर एक गांव निवासी एक युवक को थाना पुलिस ने कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया और थाने लाकर लिखा पढ़ी कर आवकारी एक्ट में कार्यवाही कर दी। वीते वुधवार की शाम को थाने के एस आई वीरेंन्द्र सिंह मय हमराह गश्त पर थे तभी मुखविर ने सूचना दी कि वीलों नहर पुल के समीप एक संदिग्ध युवक खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर वहां खड़ा एक युवक भागने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। जिसके पास से एक प्लास्टिक कैन में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछने पर उसने अपना नाम मुलायम सिंह पुत्र आशाराम निवासी फर्दपुर बताया। पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई और लिखा पढ़ी कर आवकारी एक्ट में कार्यवाही कर दी।

संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

बिछवा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के गांव डेरा बंजारन लहरा निवासी एक वृद्ध घर से बाहर खेतों की तरह बने शौचालय में गए थे। जहां वह अचानक गिर गए और उनकी मौत हो गई। पारिवारीजनो जिन्होंने मौत का कारण 5 दिन पहले हुई मारपीट से जोड़ा मामले की सूचना 112 कंट्रोल रूम को दी गई मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस में मौत का सही कारण जानने के लिए शव पोस्टमार्टम कराया है। गांव डेरा बंजारन लहरा निवासी किताव सिंह पुत्र राम प्रसाद ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि उनके पिता राम प्रसाद उम्र 65 वर्ष पुत्र रघुवीर सिंह को 5 दिन पूर्व उधारी के पैसे मांगने को लेकर रूपेश व नीरज पुत्र गढ अनोखेलाल ने गाली गलौज में मारपीट की थी। उसे दिन से उसके पिताजी परेशान थे ।आज गुरूवार सुबह शौचालय के लिए घर के बाहर खेतों की तरफ बने शौचालय में गए जहां वह गिर गए और उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर मृतक के पुत्र द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मौत का कारण जानने के लिए शव को पंचनामाना भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस ने पैरामिलिट्री के साथ पैदल गशत कर कराया सुरक्षा का एहसास

मैनपुरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना घिरोर पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना घिरोर क्षेत्र में पैदल मार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का आश्वासन देकर भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील इस दौरान पैरामिलिट्री ने संवेदनशील क्षेत्र में भी पैदल मार्च किया। लोकसभा चुनाव रमजान और होली पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देने के लिए पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ कस्बा घिरोर के मोहल्ला फर्रास ,मोहल्ला शक्यान ,मोहल्ला कुरैशी , मोहल्ला डालगंज, नई बस्ती ,जसराना रोड ,मोहल्ला नगला केशोराय, व क्षेत्र के ग्राम फैजपुर, बमरोली, नगला फत्ते, कोसोन,में फ्लैग मार्च किया इस दौरान अधिकारियों ने जिम्मेदार लोगों से मिलकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखकर पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की घिरोर थाना प्रभारी बी एस भाटी के नेतृत्व में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ असामाजिक तत्वों को सख्ती से निबटने का संदेश दिया कहा कि यदि इस दौरान किसी ने किसी प्रकार की गड़बड़ी की तो बख्शा नहीं जाएग घिरोर थाना प्रभारी बी एस भाटी ने बताया कि गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठकर उन्हें असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और उनकी जानकारी पुलिस को देने का आहान किया।

निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों की प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड होगी कार्यवाही की रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। निरीक्षण के दौरान स्कूलों से गैर हाजिर रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध बीएसए ने क्या कार्यवाही की है यह रिपोर्ट अब प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजा है। महानिदेशक का पत्र मिलने के बाद विभाग में हड़कम्प है।

जिले के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की समय-समय पर जांच कर अनुपस्थित मिलने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही करने का निर्देश शासन ने जारी कर रखा है। इस क्रम में बीएसए रिद्धी पाण्डेय समेत जिले के 10 बीआरसी में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहा हैं। जांच के दौरान अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है इसे जानने के लिए शासन संजीदा दिख रहा है। मामले में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि दिसम्बर 2023 से 15 मार्च 2024 तक अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही को प्रेरणा पोर्टल पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें। आदेश में चेतावनी दी है कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। महानिदेशक का फरमान मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही को पोर्टल पर अपलोड करना शुरू कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि तीन माह दिसंबर, जनवरी एवं फरवरी में 156 शिक्षक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए हैं। सभी शिक्षकों पर कार्यवाही कर दी गई है। पोर्टल पर सत प्रतिशत डाटा अपलोड कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने की शान्ति समिति की बैठक, दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। आगामी त्योहारों को शान्तिपूर्ण, सकुशल सम्पन्न करायें जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में कुल 1825 स्थानों पर होलिका दहन होगा, तहसील/थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठक की जा चुकी है। बैठक के दौरान मिली शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे में सभी सभ्रान्त व्यक्ति/धर्मगुरू, अपनी गतिविधियॉ मा0 आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप संचालित करें। उन्होंने सभी एसडीएम व क्षेत्राक्षिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थलों का लगातार भ्रमण करें तथा वहां से सम्बन्धित सुझाव, शिकायतों का संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दृष्टिगत रोस्टर के अनुरूप निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई, पेयजल आदि की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु डीपीआरओ व अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी एसओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहे, किसी भी अवैध गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने सभी धर्मगुरूओं/सम्भ्रान्त नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने समुदाय के लोगों को जागरूक करें, कि वे किसी ऐसी गतिविधि शामिल न हो, जो आपत्तिजनक हो। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल का उपयोग चुनावी भाषण के लिए नही किया जायेगा। उन्होंने अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी थानों में अग्निशमन यंत्रों को पूरी तैयारी के साथ तैनात रखे, जिससे किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा कि सभी बीट आरक्षी अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहेंगे, उन्होंने सभी एसओ को निर्देशित किया कि अपने थाने के त्योहार रजिस्टर का अध्ययन कर ले, यदि पूर्व में किसी स्थान पर कोई अप्रिय घटना घटी हो तो वहां पर विशेष सर्तकता बरते। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के डी0जे0 मालिको के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे दे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमित राठौर, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, एसओ व सभी समुदाय के धर्मगुरू, सम्भ्रान्त नागरिक आदि उपस्थित रहे।

होली, रमजान त्यौहार को लेकर एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने पीस कमेटी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।होली रमजान एवं लोकसभा चुनाव को लेकर गुरूवार को मोहनलालगंज कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता एसीपी राधा रमण सिंह व संचालन प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने किया।एसीपी राधा रमण सिंह ने बैठक में मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा होली के साथ-साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है.उसका भी सभी को आदर करना है.त्यौहारो का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे को बढावा देना है।इसके साथ साथ हमारे जीवन में एक नया उमंग और उत्साह भी भरना है।दोनो ही त्यौहारो में किसी की धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखें. अफवाहों पर ध्यान नहीं दें.सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष टीम नजर रख रही है. सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा।अगर किसी को कोई परेशानी आती है तो पुलिस को अवगत कराएं, जिससे की समस्या का समाधान किया जा सके।लोकसभा चुनाव करीब आ चुके हैं चुनाव में गड़बड़ी करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा दोनों त्योहार आपसी भाईचारा का संदेश लेकर आते हैं इसलिए सभी को शांतिपूर्वक त्योहारों को मनाना चाहिए। त्योहार पर किसी प्रकार का उपद्रव आदि न करें,जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़े। उन्होंने सभी प्रधानों से अपील की यदि किसी स्थान पर होली दहन

मोहनलालगंज कोतवाली में होली,रमजान व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीस कमेटी की हुयी बैठक,एसीपी ने क्षेत्रीय लोगो से त्यौहारो को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील

को लेकर कोई समस्या है तो तुरंत सूचित करें।होली पर्व में डीजे पर अश्लील व फूहड़ गाने बिल्कुल ना बजाये।शराब समेत मादक पदार्थो का सेवन त्यौहार में बिल्कुल ना करे।प्रभारी निरीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के नियमो की जानकारी भी दी।बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस बसंत कुमार, मोहनलालगंज क्षेत्रके प्रधान व दोनो समुदायो के संभ्रान्त लोग मौजूद रहें।

महिलाओं के द्वारा होली का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। होली के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था पवार प्राइड एन्ड क्लब की तरफ से भव्य कार्यक्रम की सुरुवात की गई ये कार्यक्रम विकास नगर के विजय पैरेडाइस होटल में किया गया।जहा पर महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी वही होली के गीतों पर जमकर महिलाओं ने नृत्य किया वहीं ठंडाई की चुस्कियो के साथ डीजे पर लगाए ठुमके सबसे अच्छी बात तो ये हैं कि संस्था ने पॉलीथिन मुक्त की तर्ज पर कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं को जूट के बैग्स दिए गए जिसमे अबीर गुलाल के पैकेट व उपहारो से सम्मानित भी किया गया।नारी समूह की हैड मिठू रॉय भी खुब दिखी उत्साहित। कार्यक्रम में सभी को टीम पावर एन्ड प्राइड की ओर से

होली की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शक्ति बाजपाई, साध्वी त्रिपाठी, मोनिका सिंह ,प्रीति वार्ष्णेय, अंजुल पाठक ,पूनम गुप्ता ,ऋचा दुबे,पीयूष श्रीवास्तव, नंदिता सिंह ,सुनीता रमन , आकांशा अवस्थी, अर्चना सिंह ,अनिता सिंह ,सृष्टि जी ,डॉ आकांशा के साथ फाउंडर रुपाली श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत व सत्कार किया ।

सेंट जोसेफ स्कूल में मेधावियो का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सेंट जोसेफ कालेज समूह की राजाजीपुरम व रूचिखण्ड स्थित शाखाओं के वर्ष 2023-24 में विभिन्न परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एवं वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले वाले छात्र छात्राओं को ट्राफी, मेंडल व सार्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा में विद्यालय के छात्र छात्राओं को टॉप परफॉर्मर, ऑल राउंडर, फुल अटेंडेंस, बेस्ट इंपूरवमेंट आदि में सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्री प्राईमरी, प्राइमरी, जूनियर व सीनियर के मेधावियों के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में टॉप परफार्मर में फाकरा गौहर 98.7 प्रतिशत, आराध्या यादव 98.16 प्रतिशत, शौर्य श्रीवास्तव 98.5 प्रतिशत, सायना रायजादा 96.8 प्रतिशत, निहाल कश्यप 98.5 प्रतिशत प्रमुख थे।

एसीपी बाजार खाला ने सीआरपीएफ फोर्स के साथ निकाला फ्लैग मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के पश्चिमी जोन में आगामी लोकसभा चुनाव , होली और रमजान को देखते हुए पश्चिमी जोन पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को थाना सआदतगंज क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। पैदल मार्च से लोगो के बीच पुलिस की मौजूदगी का संदेश दिया गया।और संदिग्ध लोगों परिस्थितियों पर भी पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर है। इसी को लेकर थाना सआदतगंज क्षेत्र में एसीपी बाजारखाला धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी , इंस्पेक्टर सआदतगंज ब्रजेश कुमार सिंह सभी चौकी प्रभारियों और भारी सीआरपीएफ बल के साथ संवेदनशील इलाके में निकाला फ्लैग मार्च। आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने वालो पर की जाएगी सख्त कार्यवाही - एसीपी बाजारखाला धर्मेंद्र रघुवंशी डीसीपी

पश्चिमी जोन डॉ दुर्गेश कुमार , एडीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश पर एसीपी बाजारखाला धर्मेन्द्र रघुवंशी ने इंस्पेक्टर सआदतगंज ब्रजेश कुमार सिंह के साथ सभी त्यौहारो को आपसी भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की भी क्षेत्र की लोगो से की अपील। इसके साथ एसीपी ने यह बताया कि आदेश आचार संहिता का उलंघन और उत्पात मचाने वाले लोगों को नही बक्सा जाएगा और उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों के आदेशों पर सआदतगंज पुलिस पूरी तरह क्षेत्र में चौकन्ना है - एसएचओ सआदतगंज ब्रजेश कुमार सिंह इसके साथ इंस्पेक्टर सआदतगंज ने भी यह बताया कि सभी अधिकारियों के आदेशों पर सआदतगंज पुलिस पूरी तरह क्षेत्र में चौकन्ना है हमारा काम क्षेत्र के लोगो को उनकी सुरक्षा का अहसास दिलाना है। और अपराधियों के दिल मे पुलिस का डर पैदा करना , अपराध पर काबू पाने के लिए संवेदनशील क्षेत्र में हमारी पुलिस मुस्तैद है। सीआरपीएफ बल के थाना सआदतगंज पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार होली,आसन्न लोकसभा चुनाव,19वी/21वीं रमजान जुलूस, मिश्रित आवादी व संवेदनशील स्थानों/मतदेय स्थलों/जुलूस के मार्गो जैसे वजीरबाग पुलिस,दरगाह रोड,मौलानगरी, फाजिलनगर, नजफ रोड आदि स्थानों पर निकाला गया फ्लैग मार्च।

एकेटीयू में दो दिवसीय एफडीपी का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से आयाजित दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम रोल एंड इंपॉर्टेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन मॉडर्न डे टीचिंग विषय का गुरूवार को समापन हो गया। इन दो दिनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षण और शिक्षकों में महत्ता पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। बताया कि आने वाला समय नई तकनीकी का है। ऐसे में शिक्षकों को इन तकनीकी को अपनाना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर आयोजित हुआ अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेन्द्र नगर लखनऊ के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में एवं शिक्षा शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य ऐश्वर्या सिंह के संयोजकत्व में द्विदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि वक्ता प्रोफ़ेसर मनोज कुमार अग्रवाल अर्थशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने परम्परा और पश्चिमी सभ्यता एवं संस्कृति पर अपने व्याख्यान को केन्द्रित किया।

गुडम्बा पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा पाँच शातिर चोर हुए अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ ।डी सी पी उत्तरी की सर्विलांस टीम और गुडम्बा पुलिस के संयुक्त प्रयास से दिनांक 8 मार्च 2024 की मध्य रात्रि को हुई चोरी की घटना का खुलासा पाँच शातिर चोरों को गिरफ्तार करने के साथ कर दिया गया है पुलिस की गिरफ़्त मे आये अभियुक्तों के नाम नरेंद्र कुमार यादव पुत्र बिंद्रा प्रसाद मनोज कुमार, राम मोहन मौर्य कृष्ण मोहन मौर्य और लतीफ बताये जा रहे हैं जिनके पास से चोरी किये गए तकरीबन 8 लाख के एल ई डी वा ग्रोसरि के सामान की भी बरामदगी की गई है साथ ही अभियुक्तों के पास से अवेध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है

गुडम्बा पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर दर्ज मुकदमे व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हे जेल भेज दिया है ।

दो दिवसीय फागुन आयो रे कार्यक्रम उमड़ी भक्तों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । । बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में दो दिवसीय फागुन आयो रे कार्यक्रम के अंतिम दिन भक्तो का उत्सव देखते ही बन रहा था। श्री श्याम परिवार महामंत्री रुपेश

अग्रवाल ने बताया कि रंगभरी एकादशी पर लाखो भक्तो ने दर्शन किया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम भक्तों प्रसाद में गुझिया, सेब, केला प्रसाद का वितरण किया गया। श्री श्याम होली उत्सव कार्यक्रम 25 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

परवरिश स्कूल में मनाया गया विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल के प्रांगण में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस दिव्यांग बच्चों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बताया कि डाउन सिंड्रोम दिवस एक जागरूकता दिवस के रूप में प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जा

तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित हुआ विदाई समारोह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी के संरक्षण एवं दिशा निर्देश में एनसीसी तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी ने एनसीसी कैडेट्स को उनके महाविद्यालय में निरंतर योगदान की सराहना की एवं एकता और अनुशासन की भी सराहना की। इस अवसर पर एनसीसी की प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की लगभग 85 छात्राओं ने प्रतिभा किया।

एसबीआई कार्ड और टाइटन ने मिलकर लांच किया 'टाइटन एसबीआई कार्ड'

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर–प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता ने टाइटन कंपनी लिमिटेड, आभूषण, घड़ियों, चश्मे और एथनिक वियर की श्रेणियों में अग्रणी खिलाड़ी के साथ पार्टनरशिप में टाइटन एसबीआई कार्ड लॉन्च किया है। अपनी तरह का अनोखा शॉपिंग क्रेडिट कार्ड कंज़्यूमर्स की आकांक्षात्मक खर्च की ज़रूरतें पूरी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टाइटन एसबीआई कार्ड विभिन्न जीवनशैली श्रेणियों में खर्च पर त्वरित लाभ प्रदान करता है। कैशबैक, टाइटन गिफ़्ट वाउचर और रिवॉर्ड पॉइंट जैसी सुविधाओं के साथ, कार्डहोल्डर सालाना 2,00,000 रुपए से ज़्यादा के ख़ास फ़ायदे ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति एसबीआई कार्ड वेबसाइट (द्धण्ध्ध्://बबब.पथ्द्बदथन्द.दधद्ब/) या टाइटन स्टोर्स पर जाकर एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से पूरी तरह से डिजिटल तरीके से कार्ड के लिए नामांकन कर सकता है।

राउंडटेबल का उद्देश्य बच्चों के लिए नहीं बल्कि उनके साथ काम करने वालों के साथ एक सार्थक संवाद करना है : निपुण गुप्ता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा चेंज सेकर्स को जुनून के साथ काम करने का आह्वान करते हुए यूनिसेफ के उत्तर प्रदेश प्रमुख डॉ जाकरी एडम ने कहा कि युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के साथ जोड़ने व तालमेल रखने की जरुरत है। बाल अधिकारों और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने में किशोर किशोरियों और युवाओं की सार्थक सहभागिता पर गुरुवार को यूनिसेफ के लखनऊ कार्यालय में आयोजित राउंडटेबल कांफ्रेंस में बोलते हुए डॉ एडम ने विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के बीच एक कनेक्ट स्थापित करने पर जोर दिया। यूनिसेफ, यूपी में संचार विशेषज्ञ, निपुण गुप्ता ने कहा कि इस राउंडटेबल का उद्देश्य बच्चों के लिए नहीं बल्कि उनके साथ काम करने वालों के साथ एक सार्थक संवाद करना है।

जरूरतमंद महिलाओं में सेनेटरी पैड व कपड़ो का वितरण

लखनऊ, । गोमती नगर विस्तार प्रखण्ड समिति संबद्ध गोमती नगर जनकल्याण महासमिति द्वारा गोमती नगर विस्तार के सुलभ आवास के सामने जरूरतमंद महिलाओं को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रेरणा से जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी पैड और कपड़ा का वितरण किया गया। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने इस कार्यक्रम को करने की प्रेरणा दी। समिति की सचिव मोनिका कुमारी ने महिलाओं को सेनेटरी पैड उपयोग करने के फायदे भी बताए। समिति के अध्यक्ष प्रभात चर्तुवेदी ने भी इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस मौके पर समिति के सांस्कृतिक सचिव अतुल तिवारी, राकेश वर्मा, बजरंग शाखा के संदीप उर्फ़ बबलू पंडित, महासमिति के अध्यक्ष नंद लाल मिश्रा, सुलभ के एस के पालीवाल, सिद्धार्थ तिवारी, मनोज राणा, पवन तिवारी, शिवम दुबे, अमित पांडे, संदीप सैनी, मुन्ना सिंह, निर्मला सिंह व बबिता मेहरा, रोमा सिंह समेत अन्य मौजूद रही।

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। स्थानीय नगरपंचायत के मऊ गांव में लोक निर्माण विभाग के खण्ड दो के द्वारा सम्पर्क मार्ग में लगभग 38 लाख की लागत से विशेष मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करते हुए किया जा रहा है। जिससे आबादी एरिया में सीसी मार्ग के निर्माण में मार्ग की चौड़ाई घटा दी गई है एवं निर्माण में मानक के अनुरूप कार्य नही किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में घोर असुविधा का सामना करना पड़ेगा। वही शासकीय धनराशि का दुरुयोग हो रहा है।

लखनऊ-रायबरेली मार्ग से गोसाईगंज मार्ग को जोड़ने वाला मऊ सम्पर्क मार्ग लगभग 2.5 किलो मीटर है जिसमे लगभग 200 मीटर पूर्व से सीसी मार्ग बना है। शेष मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गया था जिसमे विशेष मरम्मत कार्य पी डब्लू डी के खण्ड दो

द्वारा कराया जा रहा है जिसकी लागत लगभग 38 लाख रूपये स्वीकृत है जिसमे आबादी एरिया में सीसी मार्ग तथा शेष में डामरीकरण स्वीकृत है।ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी मार्ग के निर्माण में 3 मीटर की चौड़ाई ली गई है जिसमे मार्ग के दोनो ओर लगभग 1 से दो मीटर कच्चा मार्ग खाली पड़ा हुआ है सीसी मार्ग बनने से मार्ग की ऊंचाई अधिक हो गई है और अगल बगल खाली होने से यातायात में आय दिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा निर्माण में 20-40 एमएम की गिट्टी की जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है तथा पानी का चिड़काओ कर रोलर से कुटाई नही की गई जिससे बन रही सड़क का बेस मजबूत न होने के कारण सड़क टूट जाएगी,सीसी मार्ग में एयर निकलने के लिए क्रास नही डाले जा रहे है जो मानकों के विपरीत है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सीसी के मसाले में सीमेंट का प्रयोग कम मात्रा में किया गया है मार्ग के गड्ढों को मानक के अनुरूप भराई नहीं कराई गई है मार्ग के किनारे जल भराव के स्थानों पर नाली का निर्माण नही किया जा रहा है जिससे मार्ग कुछ दिन बाद क्षतिग्रस्त हो जायेगा।पटरी मरम्मत का कार्य भी ठेकेदार द्वारा नियमानुसार नही किया जा रहा है।इस सम्बन्ध में निर्माणाधीन मार्ग के अवर अभियंता मोहित कटियार का कहना है कि उन्होंने आबादी एरिया में सीसी मार्ग के साथ खाली एरिया में इंटरलॉकिंग का इस्टीमेट बनाया था किन्तु विभागीय अधिकारियों द्वारा उसे काट दिया गया है। मानक की गुणवत्ता पर कहा कि मार्च का महिना है व्यस्तता अधिक है इस लिए मौके पर समय नही दे पा रहा हूं।ठेकेदार को मानक के अनुसार निर्माण करने को कहा गया है।

जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग का सीएमओ व सीएमएस ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने संयुक्त रुप से जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल का निरीक्षण किया। इस दौरान गार्डों को अपनी यूनिफॉर्म और आई कार्ड के साथ रहने, गेट पर गार्ड की तैनाती के साथ ही सुरक्षा में लगे होमगार्ड को मुख्य मार्ग और इमरजेंसी मार्ग को क्लीन रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने इमरजेंसी और एक्स-रे रूम का का भी निरीक्षण किया।अनुपस्थित मिले कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। गुरुवार को सुबह करीब 10रू45 पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता जिला पुरुष चिकित्सालय पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने संयुक्त रूप से सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी के साथ जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गेट पर गार्ड ना मिलने को लेकर उन्होंने गार्ड की तैनाती को लेकर निर्देश दिए। सभी गार्डों को अपनी निर्धारित यूनिफॉर्म और आई कार्ड के साथ रहने के निर्देश दिए। एक्स-रे रूम में एक्स-रे मशीन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। साफ सफाई की व्यवस्था को देखा। वहीं मुख्य पर गेट के सामने गाड़ियां खड़ी थी जिससे रास्ता बाधित था, इसे लेकर होमगार्ड को निर्देशित किया कि किसी की भी कार मोटरसाइकिल को रास्ते में खड़ा ना होने दें। जिससे मरीजों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। गाड़ियों की आवा जाही भी बनी रहे। वहीं अनुपस्थित मिले नौ कर्मचारियों का स्पष्टीकरण स्पष्टीकरण तलब किया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

एसएसबी ने आयोजित कराया वॉलीबॉल व बैटमिंटिन प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्पूर्णानगर-खीरी। गुरूवार को समय 0900 बजे से 1300 तक 49 वी वाहिनी समवाय बसही के एओआर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत कमांडेन्ट 49 वी वाहिनी पीलीभीत शेर सिंह चौधरी के निर्देशन मे तथा समवाय कमांडर अच्छ सिंह सहायक कमांडेन्ट के उपस्थिति में वॉलीबॉल और बैटमिंटिन के खेल का आयोजन किया गया।

जिसमे वॉलीबाल रानीनगर टीम कैप्टन आकाश कुमार तथा परगट, गुरजयंत, रविंद्र, आकाश वर्मा और जितेंद्र तथा बसही टीम कैप्टन संतोष, अन्य खिलाडी अरविंद, सूर्यप्रताप, विकास, धनंजय, सुपेन्द्र तथा एसएसबी टीम कैप्टन सहायक उप निरीक्षक सदानंद मजूमदार व अन्य जवानों ने भाग लिया। जिसमे 1-1 से रानीनग और एसएसबी बसही की टीम बराबर पर रहे। बैडमिंटन मे संपूर्णानगर के विधार्थी सिद्धार्थ पाल तथा देवांश पराशर और बसही के सन्नी गुप्ता तथा उपेंद्र गुप्ता भाग लिया। जिसमे सिद्धार्थ की टीम विजयी हुए। इस दौरान वॉलीबाल और बैटमिंटल टीम को वॉलीबाल 4 नेट 2 तथा बेटमिंटन टीम को बाटमिंटन रैकेट 2-2 (4) शटल बॉक्स 2, 2 (4) नेट 2 खेल सामग्री समवाय के अछ सिंह सहायक कमांडेन्ट के दवारा खिलाड़ियों को वितरित किया गया। इस दौरान उप निरीक्षक सूर्य प्रताप, मुख्य आरक्षी दिनेश व अन्य एसएसबी महिला और पुरुष जवान तथा स्थानीय प्रधान राजनाथ यादव, बीडीसी बाबुराम व अन्य सभी बसही के ग्रामीण युवा उपस्थित रहे। वॉलीबॉल और बैटमिंटन का ग्राउंड भी समवाय बसही द्वारा तैयार कर स्थानीय युवाओ को सौप दिया गया।

मवासेपुर में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा व रासलीला का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विगत 14 मार्च से हो रही यज्ञ की हुई पूर्णाहुति

अंतिम दिन बुधवार को हुआ विशाल भण्डारा

जहांगीराबाद(सीतापुर)। हवन, पूजन व मंत्रोच्चार के बीच निकटवर्ती मवासेपुर गांव में विगत सात दिनों से चल रही श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत् कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन गत 14 मार्च से शुरू हुआ था जो बुधवार 20 मार्च को पूर्णाहुति और विशाल भण्डारे के साथ समाप्त हो गया।भण्डारे में देर रात तक लोगों ने प्रसाद छका। इस अवसर पर प्रतिदिन यज्ञ पूजन, हवन,आरती एवं परिक्रमा के अलावा दोपहर और सायंकाल से देर रात्रि तक कथा व्यास कमलेश कुमार पाण्डेय ''मृदुल जी महाराज'' ने श्रीमद्भागवत् कथा को मंच पर सुन्दर रासलीला के प्रदर्शन के साथ सुनाया। रासलीला में सुन्दर मनमोहक झांकियों तथा अन्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही भारी संख्या में गांव तथा क्षेत्र के अनेक गांवों की श्रद्धालु महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहकर श्री राम और कृष्ण की कथा के विविध प्रसंगों को सुन और देखकर अभिभूत हुये। यज्ञाचार्य विकास कुमार मिश्र ने यज्ञ के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि यज्ञ मनुष्य की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती है। तथा यज्ञ में प्रयुक्त होने वाली तमाम सुगंधित सामग्रियों से उठने वाले धुएं से वातावरण शुद्ध होता है और समस्त व्याधियां नष्ट हो जाती हैं।पांच दिनों तक लगातार दिन और रात्रि में सत्संग के दौरान सुन्दर मनमोहक झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। यज्ञमान मास्टर हरगोविंद वर्मा व ताराचन्द्र वर्मा तथा प्रह्लाद वर्मा ने सपत्नीक प्रतिदिन वैदिक विधान से यज्ञशाला में हवन पूजन आरती आदि कार्यक्रम संपादित किये। भक्तों, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर अपने को धन्य किया।इस दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण कार्यक्रम में शामिल होते रहे।

हवन-यज्ञ से वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को मिलता है आत्मिक बल : संगीता कृष्ण प्रिय

एजेंसी

औरैया। कंचौसी क्षेत्र के जमौली गांव में बाबा ब्रह्मदेव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में ज्ञान यज्ञ बुधवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के पश्चात गुरुवार को यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन सुरेंद्र कुशवाह परिवार की ओर से करवाया गया था। कथा व्यास संगीता कृष्ण प्रिय ने सात दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। संगीता कृष्ण प्रिय ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है।

हाई कोर्ट बार कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त, एल्डर कमेटी ने संभाला चार्ज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का 20 मार्च को कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही एल्डर कमेटी ने 21 मार्च को कार्यभार संभाल लिया। एल्डर कमेटी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता छोटेलाल पांडेय ने गुरुवार को बताया कि कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह की अध्यक्षता में हुई एल्डर बैठक में निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन के दैनिक ख़र्च का संचालन एल्डर कमेटी के किसी सदस्य के अनुमोदन से अध्यक्ष अशोक सिंह व महासचिव नितिन शर्मा के हस्ताक्षर से किया जाएगा।

30 मार्च से डिजिटल क्लासेज शुरू होंगी

महमूदाबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। न्यू विजन पब्लिक इंटर कालेज में 30 मार्च से डिजिटल क्लासेज शुरू होंगी साथ ही वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कालेज में कक्षा 9 से 12 हिंदी मीडियम तथा नर्सरी से हाईस्कूल में अंग्रेजी माध्यम से बच्चों को डिजिटल पढाई कराई जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्था के मैनेजर अहमद अंसारी ने बताया कि न्यू विजन पब्लिक इंटर कालेज महमूदाबाद क्षेत्र का पहला विद्यालय होगा जिसमें सभी कक्षाओं में आधुनिक संचार की पूर्ण सुविधा व कक्षाओं में बड़े डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को ग्रेड प्लस के द्वारा नीट व आई आई टी , जेइइ की प्रवेश परीक्षा की तैयारी की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। डिजिटल कक्षाएं का शुभारंभ होने के साथ विद्यालय परिसर में वार्षिक पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी होगा।

नवनिर्वाचित एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह का काशी पत्रकार संघ में अभिनंदन

वाराणसी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर गुरूवार को गोलघर मैदागिन स्थित पराड़कर स्मृति भवन में वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह का अभिनंदन किया गया। काशी पत्रकार संघ एवं वाराणसी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सक्रिय पत्रकारिता से सक्रिय राजनीति में आने से राजनीति का ही मान बढ़ा है। पत्रकार संघर्ष का प्रतीक होता है और संघर्ष से निकले पत्रकार का राजनीति की मुख्य धारा में आना शुभ संकेत है। पत्रकारिता की गरिमा को धर्मेन्द्र सिंह ने हमेशा सहेज कर रखा है। एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि पत्रकारिता मेरा संस्कार है और पराड़कर स्मृति भवन पत्रकारिता का मंदिर है। राजनीति में भी पत्रकारिता के प्रति मेरी प्रतिबद्धता रहेगी। उन्होंने कहा कि राजनीति और पत्रकारिता का सुचिता के स्तर पर अर्न्तसंबंध है। पत्रकारिता मेरा बल है। मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति मैं प्रतिबद्ध हूं। धर्मेन्द्र सिंह का स्वागत संघ के अध्यक्ष डॉ? अत्रि भारद्वाज ने, संचालन महामंत्री अखिलेश मिश्र ने और धन्यवाद ज्ञापन वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्र ने किया। संघ के पूर्व अध्यक्ष योगेश कुमार गुप्त, विकास पाठक, कृष्णदेव नारायण राय, सुभाषचन्द्र सिंह, वाराणसी प्रेस क्लब के मंत्री विनय शंकर सिंह, कुमार अजय, डॉ? नागेंद्र पाठक, एके लारी, प्रो? श्रद्धानंद, डॉ? कविन्द्र नारायण, विनोद कुमार बागी, अधिवक्ता शिव सहाय पाण्डेय ने विचार रखे। अभिनंदन कार्यक्रम से पूर्व धर्मेन्द्र सिंह ने संपादकाचार्य बाबूराव विष्णु पराड़कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों एडीओ पंचायत गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। परिवार रजिस्टर में नाम सही करने के नाम पर एडीओ पंचायत खीरी को एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इसके बाद खीरी थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवकुमार मौर्य निवासी गांव मन्दूरा थाना खमरिया ने परिवार रजिस्टर में नाम गलत होने और उसे सही करने को लेकर एडीओ पंचायत शिवाशीष शरण श्रीवास्तव को अनुरोध किया था। इसके बाद एडीओ पंचायत द्वारा शिकायतकर्ता शिवकुमार मौर्य से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई। शिवकुमार मौर्य ने एंटी करप्शन ब्यूरो से इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम ने एडीओ पंचायत शिवाशीष शरण श्रीवास्तव को शिवम गैराज चौराहा पटेल नगर से रंगे हाथों 50 हजार रुपये की घूस लेते हुए गिरफ्तार किया। मामले में एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद खीरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में 1.12 करोड़ भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से दर्शन-पूजन के लिए यहां आने वाले भक्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। 22 जनवरी से 20 मार्च तक एक करोड़ 12 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की अपेक्षा तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन मंदिर में औसतन एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है। राज्य पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में जबसे दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है, उसके बाद से अयोध्या में भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। इनमें 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी शामिल हैं। वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार वर्ष 2018 में कुल 1,95,63,159 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी श्रद्धालुओं को मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखने को मिली। इस वर्ष 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी श्रद्धालुओं को मिलाकर कुल 61,96,148 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। वर्ष 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। वर्ष 2023 में 5,75,07,005 भारतीय और 8,418 विदेशी श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी-रोजगार में भी तेजी से वृद्धि होने लगी है। अब अयोध्या की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। खान-पान, होटल-रेस्टोरेंट, सजावटी सामानों की दुकानों पर सैलानियों की भीड़ अब आम हो चली है। लोगों का मानना है कि 22 जनवरी को जबसे रामलला विराजमान हुए हैं, यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा हुआ है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। अयोध्या को फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी अयोध्या में विकसित की जा रही हैं।

संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण में खंगाले बंदियों के सामान, देखी भोजन की गुणवत्ता

मीरजापुर। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ गुरूवार को जिला कारागार का संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण किया। बैरकों में बंद बंदियों के सामान खंगाले और भोजन की गुणवत्ता को देखा। जनपद न्यायाधीश ने कारागार के अस्पताल में पहुंचकर बीमार रोगियों से बात की। दवा, इलाज व मिल रही अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों को मिल रही सुविधाओं एवं उनके छोटे बच्चों के लिए दूध, बिस्किट आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बंदियों से कहा कि यदि उनके पास किसी कारणवश अधिवक्ता न हो तो वे कारागार अधीक्षक के माध्यम से आवेदन भेजे। उन्हें सरकारी वकील उपलब्ध कराया जाएगा। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने नए कपड़े व चाकलेट दिए। इसके पूर्व कारागार अधीक्षक के कक्ष में लगाए गए सीसीटीवी का फुटेज भी टीवी पर देखा। इस दौरान अपर जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव लालबाबू यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नम श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर मनोज गुप्ता व जिला कारागार अधीक्षक मौजूद थे।

अमेठी में प्रसव के बाद नवजात की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। अमेठी के जगदीशपुर स्थित सिटी हॉस्पिटल में प्रसव के कुछ देर बाद नवजात की मौत हो गई। नवजात की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिजनों का आरोप है की प्रसव के दौरान नवजात के सिर में चीरा लगने से उसकी मौत हुई है। दरअसल ये पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित सिटी हॉस्पिटल का है।अस्पताल में हंगामा करने लगे

जहां पूरे दला इमलीगांव का रहने वाला सुभाष कुमार अपनी पत्नी पिंकी का प्रसव करवाने के लिए देर रात कैमा सीएचसी से रेफर करवाकर सिटी हॉस्पिटल पहुंचा था। आज सुबह करीब 9 बजे डॉक्टरों ने महिला का प्रसव कराया। बच्चे के पैदा होने के कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और फिर बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजन उग्र हो गए और अस्पताल में हंगामा करने लगे।निजी अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। परिजनों द्वारा एक फोटो भी दिखाया गया। जिसमें बच्चे के सर में चीरा लगा हुआ था।

ऑपरेशन की सलाह दी गई थी वहीं बच्चे के पिता सुभाष ने कहा कि कल रात को भर्ती कराया गया था। जिसके बाद डॉक्टरों ने कहा कि सब कुछ नार्मल है और बच्चे की नार्मल डिलीवरी हो जाएगी। आज सुबह डॉक्टरों ने प्रसव कराया। जिसके बाद बेटा पैदा हुआ। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जब हम लोगों ने देखा तो बच्चे के सिर में चीरा लगा हुआ था।

वहीं पूरे मामले पर सीएमओ अंशुमान सिंह ने कहा कि पूरे मामले पर प्रारंभिक जांच कराया हूं। जांच में यह बात सामने आई है कि पिंकी नाम की महिला थी। जिसका पहला बच्चा था। वह थोड़ी देर से आई थी। जिसके बाद उसको ऑपरेशन की सलाह दी गई थी लेकिन ऑपरेशन नहीं हुआ था नॉर्मल डिलीवरी उसकी हुई थी।

विशेष किशोर पुलिस इकाई मानव तस्करी रोधी इकाई की मासिक समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। गुरूवार को समय 11.00 बजे जनपद खीरी के पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी नोडल अधिकारी की अध्यक्षता मे एएसजेपीयू व एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसपीओ अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी विवेचक के समक्ष आ रही समस्या, पीड़िता के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशामुक्त आभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन, पोक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत करने के 24 घण्टे के अन्दर सीडब्लूसी को सूचित करना, पोक्सो के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरा जाना, बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य और दिशा-निर्देश का पालन, जेजे एक्ट के अन्तर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारी रिमाण्ड लेने हेतु सादे वस्त्र में आने, जे0जे0 एक्ट की धारा 94, पोक्सो तथा जुबेनाइल से सम्बन्धित अभियोगों में प्रेस विज्ञप्ति देते समय पीड़िता/बाल अपचारी की फोटो व व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखा जाये आदि के दीपेंद्र कुमार सिंह प्रथम, जेजेबी अंकिता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन कुमार गौतम, डिप्टी सीएमओ डॉ0 रामधनी, डीपीओ संजय कुमार निगम, श्रम विभाग के श्रमप्रवर्तन अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष सीडब्लूसी सुरेंद्र पाल सिंह, थाना एएचटीयू के प्रभारी उ0नि0 राम अवतार, चाइल्ड लाइंस अंजुमन परवीन, विभिन्न एनजीओ एम ट्रस्ट बचपन बचाओ आंदोलन, मानव सेवा संस्थान, वनस्टॉप सेन्टर, जिला बाल संरक्षण इकाई, आरपीएफ व जीआरपी थानों के बाल कल्याण अधिकारी सहायक बाल कल्याण अधिकारी तथा थाना कर्मचारीगण मौजूद रहे।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री पहुंचे सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। गोला गोकर्णनाथ के सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर ट्रस्ट में पहुंचे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा ने हॉस्पिटल परिवार के साथ फूल मालओं से भव्य स्वागत किया है।

स्वागत से अविभूत श्री टेनी ने हॉस्पिटल परिवार का आभार जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों का बखान किया। सरकार की तमाम लाभकारी योजनाओं और सामाजिक विषयों पर चर्चा की। आये हुए अतिथियों को डॉक्टर कौशल ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए। सदर विद्यायक योगेश वर्मा, सहकारी बैंक के चेयरमैन पपिल मनार, नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी अग्रवाल, वाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्या डॉ प्रीति वर्मा, आशीष पांडे, प्रधान प्रतिनिधि अजीत वर्मा,अनिरुद्ध वर्मा, प्रधान नवीन वर्मा, ब्रजेन्द्र वर्मा व प्रतीक मिश्रा, सुमित,धर्मेंद्र सिंह, दिनेश वर्मा, अरुण तिवारी, सचिन प्रभाकर, ओम बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, उमाशंकर वर्मा, देवेंद्र वर्मा, आदेश वर्मा, अनुज वर्मा, मदनमोहन झा, प्रभात गौरव वर्मा, अविनाश गुप्ता, ओम प्रकाश वर्मा, योगेंद्र वर्मा, प्रेम वर्मा, पंकज यादव, विपिन बाजपेई, सचिन पाण्डेय, के.के. वर्मा, लाला राम वर्मा, सुमित शुक्ला, आनंद अर्कवंशी, अनुज सिंह, कमलेश वर्मा, मुकेश वर्मा, सुशील पाण्डेय समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

रंगों से हमारे शरीर की एनर्जी संतुलित : सतीश राय

एजेंसी

प्रयागराज। जीवन में रंगों का बहुत महत्व है, रंगों के द्वारा भी उपचार होता है। इसे हम कलर थेरेपी यानी रंग चिकित्सा कहते हैं। शरीर के विभिन्न अंगों पर रंग लगाकर शरीर की एनर्जी को संतुलित किया जाता है। होली के दिन शरीर पर रंग लगाकर बिना संकोच के कहीं भी आ-जा सकते हैं। यह बातें एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान पर जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने कही। उन्होंने कहा कि फाल्गुन माह में होने वाले बड़े-बड़े उत्सव एवं शादी विवाह में रंग खेलने की परम्परा भी है। इसका आध्यात्मिक पहलू है रंग हमारे शरीर के एनर्जी को संतुलित करते हैं जिसके कारण बहुत सी बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं। सभी उम्र के लोगों को पूरे मन एवं उत्साह से होली में रंग जरूर खेलना चाहिए, यह शरीर में हैप्पी हारमोंस को बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि ग्रन्थों में अग्नि चिकित्सा, वायु चिकित्सा, मंत्र चिकित्सा, जल चिकित्सा, स्पर्श चिकित्सा के साथ-साथ सूर्य चिकित्सा का उल्लेख मिलता है। सूर्य के प्रकाश का शरीर पर चिकित्सीय प्रभाव पड़ता है और रंग चिकित्सा में भी सूर्य प्रकाश का ही उपयोग होता है। रंग लगाकर उपचार करने की विधि को हिलीयो थेरेपी कहते हैं। रोमन भाषा में हेलियों का अर्थ है सूर्य और थेरेपी का अर्थ चिकित्सा से है। सूर्य की किरणों एवं इंद्रधनुष में सात रंग होते हैं और हमारे शरीर के सात प्रमुख चक्र के रंग भी सात हैं। सहस्त्रार चक्र का रंग बैगनी, आज्ञा चक्र का गहरा नीला, कंठ चक्र आसमानी, हृदय चक्र हरा, मणिपुर चक्र पीला, स्वाधिष्ठान चक्र नारंगी और मूलाधार चक्र का रंग लाल होता है। यह सातों रंग हमारे जीवन और हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में अत्यंत सक्षम हैं। सतीश राय ने बताया कि आज रंग चिकित्सा में आधुनिक उपकरणों द्वारा उपचार हो रहा है। प्रयागराज में भले ही रंग चिकित्सा से उपचार की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन अति विकसित महानगरों में रंग चिकित्सा में हाई टेक्नोलॉजी द्वारा उपचार हो रहा है।

समाजवादी छात्र सभा का ब्लॉक व नगर पंचायत अध्यक्ष कार्यकारिणी घोषित

पड़रौना कुशीनगर। समाजवादी छात्र सभा कुशीनगर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राम लखन यादव ने जिले के ब्लाक और नगर पंचायत अध्यक्ष की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जारी सूची के अनुसार पडरौना ब्लॉक पर बिट्टू कुमार, सेवरही राज मोहम्मद ,तमकुहीराज अनीश यादव, सुकरौली सतीश यादव ,खड्डा प्रदीप कुमार ,कसया अंकित यादव, विशुनपुरा विजय गौतम ,फाजिलनगर राजकुमार, दुदही उपेंद्र कुमार, मोतीचक अभय कुमार सिंह, हाटा फिरोज आलम ,कप्तानगंज नीरज पांडे ,रामकोला अभिषेक सैनी नेबुआ नौरंगिया मनीष कुमार यादव, और नगर पंचायत /अध्यक्ष गण की प्रथम सूची जारी हुई रामकोला कृष्णानंद यादव , छितौनी उमेश साहनी ,सुकरौली धनंजय कुमार ,सेवरही मुकेश गिरी ,पडरौना अंकुश गुप्ता , हाटा जहांगीर अंसारी, फाजिलनगर विवेक यादव ,दुदही अनुराग, कसया राकेश यादव अंकित को नामित किया गया नामित पदाधिकारी का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष राम लखन यादव ने कहा कि समाजवादी छात्र सभा लोकसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ समाजवादी पार्टी के सरकार में हुए विकास कार्यों को लेकर जन जन तक पहुंचेगी।

अनुकरणीय है पं. अनिरुद्ध शुक्ल का व्यक्तित्व : आरपीएन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। राज्यसभा सदस्य व भारत सरकार के पूर्व गृहराज्यमंत्री आरपीएन सिंह ने कहा कि पूर्वांचल के महान शिक्षाविद शिक्षण संस्थानों के संस्थापक, प्रधानाचार्य व प्रबंधक रहे पं अनिरुद्ध शुक्ल बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। इनका कठोर अनुशासन, शिक्षा की उच्च गुणवत्ता व संवेदनशीलता के प्रतिमूर्ति स्वर्गीय शुक्ल का व्यक्तित्व अनुकरणीय रहा। इनके व्यक्तित्व की विराटता है कि पूर्वांचल के सभी जिलों से शिक्षा क्षेत्र की विभूतियां यहां उपस्थित हैं।

राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह गुरुवार को मंसाछापर स्थित नेहरू इंटर कालेज मे आयोजित पं. अनिरुद्ध शुक्ल की 83वीं जन्म जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पं. शुक्ला के साथ व्यतीत किये बहुमूल्य क्षणो को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्ष 1996 से में पं शुक्ल जी के संपर्क में रहा। उन्होंने राजनीतिक दृष्टि भी मुझे प्रदान की। उनसे मेरा व्यक्तिगत जुड़ाव रहा। वह समाज के कैसे सुखी रखा जुए, इसके लिए प्रयासरत रहते थे। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने अनुकरणीय योगदान दिया। उनके सुपुत्र शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने बहुत समृद्ध कार्यक्रम किया है। जिसमे समाज के सभी उपांग मौजूद हैं। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल उर्फ मंटू ने कहा कि पं शुक्ल दृढ़ इच्छाशक्ति के धनी थे। वह जो ठान लेते थे, उसे पूरा करके चैन लेते थे। उन्होंने शिक्षा से वंचित इस क्षेत्र में संस्कारवान पीढ़ियों के निर्माण किया। वह शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय ने कहा कि पं शुक्ल ने नारायणी के इस पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाई। जिसका लाभ पीढियां ले रही है। श्री पांडेय ने कहा कि हम बचपन मे आते थे, तो देखता था कि उनके कार्यकाल में गजब का अनुशासन देखता था।

शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना, कुशीनगर। पडरौना विकास खंड के नाहर छपरा मुसहरटोली में वरिष्ट समाज सेवी पप्पू पांडे के नेतृत्व में मत दान महादान कार्यक्रम के अंतर्गत सत प्रतिशत मतदान करने के लिए मुसहरो को जागरूक किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी पप्पू पांडे ने कहा कि मत दान महा दान के लिए हम सभी ने संकल्प लिया हैं की स्वच्छ और निष्पक्ष सरकार के लिए गरीब मालिन बस्तियों में जाकर चार चरणों में मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक किया जाएगा।

लोकतंत्र के प्रथम स्तंभ प्रहरी के रूप में मतदाता प्रथम कारक के रूप में पहली भूकिमा निभाने का कार्य करता हैं स्थिर सरकार देने के लिए हम सभी को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए क्योंकि अगर हम सम्पूर्ण रूप से मतदान करने नही जाते हैं तो एक तरफ अस्थिर सरकार तो बनती ही हैं और उसके साथ साथ देश और हमारे ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ जाता हैं। कम मतदान करने के स्थिति में जब अच्छी सरकार चुन के नही आती हैं तो उस स्थिति में समाज से लेकर देश की सुरक्षा प्रभावित होता हैं।

इसलिए हम सभी को मतदान महादान के दिन एक उत्सव के रूप में घर के सभी बालिक मतदाताओं को अपने निकटतम बूथ पर जाकर निष्पक्ष रूप से मतदान करना चाहिए। अंत में सभी लोगो को मतदान करने के लिए सपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश मुसहर,सरवन मुसहर,सुदामा मुसहर,नरेश मुसहर,कोकिल मुसहर, अनिरुद्ध,किशोर,.फ़ेकनी मुसहर,राजमती मुसहर,रीना मुसहर,बदामिया मुसहर,नीलम आदि सैकड़ो मुसहर परिवार उपस्थित रहे।।

अवैध बीयर के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने दबोचा

पड़रौना, कुशीनगर (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। खपडा पुलिस टीम ने सालिकपुर पुलिस चौकी के समीप सेबाइक से अवैध बीयर और अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।अवैध शराब बिहार प्रांत को ले जाई जा रही थी।खड़ा थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने बताया कि उनके नेतृत्व में उपनिरीक्षकअरविन्द कुमार सिपाही सोनू यादव, लालबहादुर यादव, अरविंद गौड़ ने सालिकपुर पुलिसचौकी के समीप मुखबिर की सूचना पर एक बाइक को रोककर तलाशी ली तो छिपाकर रखे॰ अदद बीयर कैन और 2 अदद अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई। पुछताछ में वाहनचालक ने अपना नाम अरविंद कुमार साहनी निवासी वार्ड नं. 6 शिकारपुर थाना डीकेशिकारपुर जिला पश्चिमी चंपारण (बिहार) बताया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार परवाहन एवं आरोपित के विरुद्ध के आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज चालान की कार्रवाईकी गई है।

एक दर्जन गांवों में हुआ फ्लैग मार्च

चौडगरा (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। फतेहपुर जनपद में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्पर प्रशासन नें बृहस्पतिवार को सशस्त्र सीमा बल के साथ मिलकर एक दर्जन से अधिक गांव में फ्लैग मार्च किया बूटों की चाप से गांव गूंज उठा भारी पुलिस बल व एसएसबी जवानों को देखकर ग्रामीण सहम गए। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकार बिन्दकी सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर रमा शंकर सरोज के साथ एसआई पीजे टू थांग एस एस बी बटालियन की मौजूदगी में मुरादीपुर, मुनीर, दूधीकगार, मदोकीपुर, गोबिन्दपुर, करनपुर, भाऊपुर ,साई, चौडगरा, मौहार, पहरवापुर, कोरसम, दादन खेडा, सौंह, महरहा, हबीबपुर , बसावन खेड़ा, हसनापुर, रेवाड़ी बुजुर्ग, रेवाड़ी खुर्द, जोगापुर संहित उन्नीस गांवों में फ्लैग मार्च के माध्यम से शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु अपील करते हुए अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए चुनाव में किसी भी प्रकार की आचार संहिता उल्लंघन एवं पोलिंग बूथ से उचित दूरी को लेकर जागरुक करते हुए चेतावनी दी।

अवैध शराब के साथ पांच कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूट (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 5 आरोपियों के कब्जे से कुल 10 लीटर कच्ची व 76 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। सीतापुर चौकी प्रभारी गौरव तिवारी व उनकी टीम द्वारा शिवबालक निवासी भंभई को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक अंशुल कुमार व उनकी टीम द्वारा सचिन कुमार निवासी बनवारीपुर को 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा राजापुर थाना के उप निरीक्षक कन्हैया बख्श सिंह व उनकी टीम द्वारा श्याम लाल निषाद निवासी रेवाडी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह व उनकी टीम द्वारा शिवबहादुर निवासी कलवारा बुजुर्ग को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सरधुवा थाना के उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव व उनकी टीम द्वारा बिनुवा निवासी रहुनिया मजरा को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

1,08,261 कापियों में 86059 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा

चित्रकूट (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है। अब तक कुल 1,08,261 कापियों में कुल 86059 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है जबकि 22202 कापियां अवशेष हैं। उपनियंत्रक रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि इस मूल्यांकन केन्द्र में अब तक हाईस्कूल की 54373 और इण्टर की 31686 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब हाई स्कूल में 6351 और इण्टर में 15851 कॉपियां जचने के लिए अवशेष हैं। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल में 25 और इण्टर में 40 टोली लगाई गई हैं।

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

चित्रकूट (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर आगामी होली पर्व के अवसर पर आम जन मानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध करानें एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 18 मार्च से 24 मार्च तक जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ सी आर प्रजापति ने बताया कि यह अभियान जनपद के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संचालित किया जा रहा है।

सर्वे भवन्तु सुखिन: की कामना के साथ हुई गंगा आरती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसया, कुशीनगर। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत हिरण्यवती नदी के बुद्धा घाट पर होने वाली नियमित गंगा आरती सर्वे सुखिनः सर्वे भवन्तु की कामना के साथ हुई।

इस दौरान घाट वैदिक मंत्रों व शंखनाद से गूंज उठा। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बृहस्पतिवार को पुजारी अमरनाथ तिवारी, श्री प्रकाश पांडेय व सिद्धार्थ दूबे ने वैदिक मंत्रों व शंखनाद के साथ हिरण्यवती नदी के बुद्धा घाट पर गंगा आरती शुरू कराई। आरती शुरू होने के साथ ही घंट- घड़ियाल व शंखनाद से पूरा घाट गूंज उठा और वातावरण भक्ति मय हो गया। घाटों पर नियमित गंगा आरती होने से बुद्धा घाट पर लौटी रौनक लौट आयी है और स्थानीय व देशी विदेशी श्राद्धालुओं की आवक बढ़ी है। गंगा आरती के पवित्र अवसर पर नपाप कुशीनगर के वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह नगर के सभासद प्रभुनाथ सिंह ने कहा कि गंगा आरती हमारी श्रद्धा और आस्था ही नहीं जीवन रेखा है। मां गंगा जीवन दायनी हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नदियों को जोड़ने व पुनर्जीवित करने को लेकर नमामि गंगे योजना शुरू की है। हमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर नदियों, जलाशयों के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। इस दौरान राम छपित सिंह, जितेंद्र गुप्ता, भोला यादव, गुरुदेव, अशोक कुमार सिंह, सभासद प्रतिनिधि अजेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

बंडा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंडा।शाहजहांपुर। बृहस्पतिवार को ब्लाक सभागार में प्री प्राइमरी शिक्षा से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय अभिमुखी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दूर से दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के प्रथम दिन पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री प्राइमरी बच्चों की शिक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री प्राइमरी के अंतर्गत तीन से चार वर्ष,चार से पांच वर्ष,पांच से छह वर्ष तक के बच्चों के शिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तकनीकी और सामाजिक क्षेत्र में मजबूती और सुनिश्चितता के लिए तैयार किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य निर्माण,बाल विकास और माता शिशु जैसे विषयों पर गहराई से विचार किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आंगनबाड़ी सेवाओं के क्षेत्र में गुणवत्ता और संबद्धता में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यशाला के द्वारा बताया गया कि छोटे छोटे बच्चों को किस तरह से पढ़ाया जाए, उन्हें विकसित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिन चलेगा। बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण का पहला दिन था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रामेश्वरी समेत विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

वितरित हुआ परीक्षाफल, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंडा। शाहजहंापुर । बंडा के गुरु तेग बहादुर स्कूल में बृहस्पतिवार को परीक्षाफल वितरण का उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में अपनी कक्षा में प्रथम, द्तिीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। परीक्षाफल पाकर बच्चे काफी उत्साहित हुए। स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने इस मौके पर छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निरुपम कुमार, अभय सिंह, आदित्य शर्मा,रुबा , लवप्रीत, अर्पित कुमार , अभिनव सिंह अनन्या गुप्ता, आदित्य कुमार, राधिका सिंघल , विशेष कटियार,रौनक सिंह,विदुशी,गुरुभाग सिंह, कृष्ण गोपाल तिवारी,श्रेंयाशी पटेल सृष्टि गंगवार,निर्मल गुप्ता व सुखजोत सिंह ने अपनी कक्षाओं में प्रथम द्तिीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

अविभावकों के साथ सभी बच्चे स्कूल में उपस्थित हुए। स्कूल के प्रधानाचार्या ने छात्रों की प्रगति और उपलब्धियों पर ध्यान दिया। उन्होंने छात्रों को संघर्ष की महत्वता पर बात की और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हों।

समारोह के दौरान, स्कूल क प्रमुख शिक्षकों ने भी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा और प्रोत्साहन दिया। छात्रों के परिश्रम, नैतिकता, और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका पर उन्होंने चर्चा की।

समारोह के समापन के समय, स्कूल के प्रबंधक जसवीर सिंह ने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों से अपने जीवन में उच्चतम मानक की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया।

इस परीक्षाफल वितरण समारोह ने स्कूल के छात्रों को उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें उनके भविष्य की दिशा में प्रेरित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या निधि बहल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि परीक्षाफल बच्चों के पूरी साल की मेहनत का परिणाम होता है। स्कूल का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। नैनिहालों की बेहतर शिक्षा के लिए समस्त स्कूल स्टाफ प्रतिबद्ध है। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

सर्राफा कारोबारियों से मिलीं निरंजन ज्योती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। शहर के मसवानी मोहल्ला सर्राफा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी उर्फ पप्पन के निज निवास स्थान पर केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति पहुंची संगठन के अध्यक्ष व पदाधिकारीयो ने केंद्रीय मंत्री का शाल उड़ाकर के स्वागत किया स्वागत करने वालों में श्रीमती मंजू रस्तोगी श्रीमती पायल रस्तोगी आनंद स्वरूप रस्तोगी प्रकार रस्तोगी शिखर रस्तोगी सहित सभी पदाधिकारी ने साध्वी जी का स्वागत व सम्मान किया अध्यक्ष ने सर्राफा व्यापारियों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न के बारे में भी विस्तार से चर्चा की केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिलाया कि हमारे संज्ञान में आया है जिसका निवारण शीघ्र कराया जाएगा इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा नीरज सिंह डॉक्टर शिव प्रताप त्रिपाठी मोनू रस्तोगी सोनू गुप्ता बृजेश सोनी शिव सोनी पप्पू गुप्ता राम रस्तोगी रवि रस्तोगी श्याम रस्तोगी नारायण रस्तोगी अदि लोग मौजूद हैं।

चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की रहती है महत्वपूर्ण भूमिका : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टरेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 का जनपद में पांचवें चरण में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए 236- चित्रकूट विधानसभा के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ईवीएम व वीवी पैट मशीनों के जागरूकता एवं प्रशिक्षण के बारे में चरणबद्ध तरीके से सामान्य प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मतदेय स्थल पर पहुंचने के उपरांत की जाने वाली व्यवस्था, चेक लिस्ट, मतदान के पूर्व तैयारी, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति, मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति, मांकपोल, मतदान प्रक्रिया, पीठासीन की डायरी, 17 ए, 17 सी आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कोई समस्या होती है तो पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट ही पहुंचेगे। इस लिए कोई भी सामान्य बातें बताई जा रही हैं, उसे ध्यान से देखें व सुनें। उन्होंने कहा जो चुनाव आयोग गाइड लाइन दी गई है, उसका अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। चुनाव के दौरान मतदान कार्मिक बूथों पर ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान शुरू होने पर दो-दो घंटे पर रिपोर्ट जानी चाहिए। साथ ही जब बूथों पर जाए तो पीठासीन रजिस्टर को भी देखें। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन द्वारा कोई समस्या की सूचना मिले तो वह तत्काल पहुंचे। उन्होंने कहा कि मत पत्र लेखा 17 ए, 17 सी को सही से भरें। उन्होंने कहा कि यदि मशीन खराब हो गई हो तो प्रोटोकॉल के अनुसार व चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, वहीं पर मशीन जमा होगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि जब तक मशीन जमा नहीं होती तब तक कोई भी व्यक्ति मशीनों को छोड़कर नहीं जा सकता। इसे चुनाव आयोग गंभीरता पूर्वक लेता है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जब तक मशीन न जमा हो जाए, उसे छोड़कर कहीं न जाए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी आप लोगों के साथ लगाए गए हैं, वह आपके साथ निरंतर रहकर क्षेत्र पर भ्रमणशील रहेंगे। साथ ही कम समय में ज्यादा से ज्यादा आउटपुट दें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार निर्वाचन को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराना है। निर्वाचन प्रक्रिया कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। जब आप क्षेत्र में भ्रमण पर जाएं तो पुलिस फोर्स के साथ ही जाएं।

समन्वय बनाकर हर्षोल्लास के साथ मनाएं होली और ईद का पर्व

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में आगामी होली एवं ईद त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत शान्ति समिति की बैठक जिला कलेक्टरेट के सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने सभी धर्म गुरुओं से अपील की कि आगामी आने वाले पर्व को शांतिपूर्ण मनाया जाता है और मनाए। उन्होंने कहा कि होली, ईद व अन्य त्योहारों को जो जिला प्रशासन की तरफ से व्यवस्थाएं रहती है वह तत्पर रहेंगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि साफ सफाई एवं जल संस्थान पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था से सम्बन्धित एंबुलेंस व कीट हर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुस्तैद रहनी चाहिए। साथ ही पुलिस व्यवस्था भी सभी जगह पर लगा दी गयी है।

डीएम व एसपी ने किया अन्तर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरूवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्भीक व सकुशल संपन्न कराने के लिए तहसील मानिकपुर के वल्नरेबिल बूथों एवं इटवा डुडैला में बनाए जा रहे अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने त्यागी इण्टर कॉलिज ऐचवारा के बूथ संख्या 270, 271, 272 एवं प्राथमिक विद्यालय गढ़चपा के बूथ संख्या 298, 299 का भ्रमण कर पेयजल, रैंम्प, फर्नीचर, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि को देखा तथा बूथ लेवल ऑफीसरों से मतदाता 18 से 19 वर्ष, फार्म 6 व 7, दिव्यांग मतदाता, मृतक मतदाता, गत चुनाव में मतदान प्रतिशत आदि की जानकारी की। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों से कहा कि सभी घरों का भ्रमण अवश्य कर लें। इस बार 70 प्रतिशत से कम मतदान नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से विवाद आदि के सम्बन्ध में जानकारी की। साथ ही ग्राम वासियों से अपील की कि सभी लोग निष्पक्ष, स्वतंत्र, निर्भीक होकर अपने मताधिकार का मतदान के दिन अधिक से अधिक प्रयोग करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी मानिकपुर से कहा कि मतदाता दस्तक अभियान के दौरान टीमों को घर-घर भेज कर मतदाताओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को किसी भी दशा में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराएगा, अगर कोई अराजक तत्व किसी को प्रभावित करेगा तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ग्राम वासियों से कहा कि सभी मतदाता मतदान के दिन बढ़-चढ़ कर मतदान करें। मतदान केन्द्रों पर चुनाव को निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी के प्रलोभन, डर व भय से मतदान नहीं करना है। आप अपने मन से मत का प्रयोग करें। अगर कोई समस्या आए तो तत्काल इसकी जानकारी दें। अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐंचवारा में ग्राम प्रधान सुनील शुक्ला ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने धारकुंडी तिराहा पर लगाए गए बैरियर एवं अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट इटवा डुडैला की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने जांच में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि यहां पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें, कोई भी वाहन बिना जांच के प्रवेश नहीं होना चाहिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, थानाध्यक्ष मानिकपुर रीता सिंह, मारकुंडी मनीष कुमार, चौकी प्रभारी सरैया यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

गोण्डा पुलिस जालसाजो से खाद्य सुरक्षा अधिकारी का पैसा कराया वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ 149900 रुपए का साइबर ठगी हुई थी।क्रेडिट कार्ड कैंसिल करने के नाम पर जालसाजों ने रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड कराया। रिमोट एक्सेस ऐप से मुख्य फ्रॉड किया।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस से शिकायत की थी।

साइबर सेल ने जांच के बाद ठगी 149900 रुपए पीड़ित का वापस करा दिया।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने क्रेडिट कार्ड कैंसिल कराने के लिए गूगल पर सर्च किया तो वहां पर एक नंबर मिला।उन्होंने उस नंबर पर बात किया तो जालसाजों ने रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। रिमोट एक्सेस डाउनलोड करने पर आरोपियों ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के फोन का एक्सेस लेकर के 149900 रुपए का साइबर फ्रॉड कर लिया।जबकि क्रेडिट कार्ड भी कैंसिल नहीं हुआ।पीड़ित ने दोबारा जालसाजों को फोन करने का प्रयास किया तो उनके मोबाइल नंबर बंद मिले।इसके बाद उन्होंने एसपी से शिकायत की साइबर सेल की जांच में सामने आया कि कनाडा के रहने वाले आरोपियों ने फ्रॉड किया।साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ ठगी किए गए 149900 को वापस करा दिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ कनाडा पुलिस प्रशासन को पत्र भेजा है।पैसा वापस आने पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने पुलिस को धन्यवाद दिया है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज रावत ने बताया कि यहां गोंडा में तैनात मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह के साथ क्रेडिट कार्ड कैंसिल के नाम पर 149900 की ठगी हो गई थी। जिसको लेकर के साइबर सेल में तैनात हरिओम टंडन, राजेंद्र कश्यप, मनीष और सुमित शर्मा को जिम्मेदारी दी गई थी।चारों लोगों ने पीड़ित से ठगी की गई 149900 रुपए को वापस कर दिया है।आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर के कनाडा पुलिस को पत्र भेजा गया है।

युवा मतदाताओं को लुभाने में सभी राजनीतिक दल नहीं छोड़ना चाहते हैं कोई कसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । लोकसभा चुनाव के सियासी संग्राम का बिगुल बज चुका है।पहली बार मतदाता बने युवाओं में लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साह बना हुआ है।लोकसभा चुनाव में दलीय और भावी निर्दलीय प्रत्याशियों का युवा मतदाताओं पर जोर दिया जा रहा है।सभी राजनीतिक पार्टियां के युवाओं को लेकर अपने अपने तरह के दावे और वादे हैं। अब युवा मतदाता इनके भाग्य विधाता बनेंगे।लोकसभा निर्वाचन का चुनावी रणभेरी सज चुकी है।बिगुल बज चुका है।राजनीति का सबसे बड़ा रण अब जोर पकड़ता जा रहा है।निर्वाचन विभाग की ओर से चुनावी तारीखों का ऐलान करने के बाद सियासी माहौल गरमा गया है।गोण्डा लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में बीस मई को मतदान होना है।मतदान होने में अभी लगभग 58 दिन का समय शेष है राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव को लेकर प्रचार प्रचार तेज कर दिया गया है।पहली बार मतदाता बने युवाओं को लुभाने में सभी राजनीतिक पार्टियों कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है।युवा मतदाता भी सभी पार्टियों के प्रत्याशियों की अच्छे से परख कर रहे हैं।लोकसभा क्षेत्र में नए मतदाता सूची में शामिल हुए हैं ऐसे में यह मतदाता लोकसभा चुनाव में भाग्य विधाता की भूमिका निभाएंगे।सभी सियासी दल युवा मतदाताओं की ताकत से भली भांति जानते हैं।इसलिए इन युवा मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस लोक सभा सीट पर बीजेपी और सपा कांग्रेस गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है लेकिन बसपा ने अभी तक अपना पत्ता नहीं खोला है।टेक्नोलॉजी के इस योग में युवा इंटरनेट से जुड़ा हुआ है।युवा राजनीतिक दलों के दावों को परख रहा है।राजनीतिक दल भी सोशल मीडिया के जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं।सभी राजनीतिक दलों के द्वारा युवाओं को साथ में हर संभव प्रयास किया जा रहा है लेकिन युवा खामोशी से सब कुछ परख रहे हैं।ऐसे में आने वाले समय में ही पता चलेगा कि युवा मतदाता किस प्रत्याशी के सर पर विजय का ताज सजाते हैं।

जिला समन्वयक ने बीएसए कार्यालय में हूटर लगी गाड़ी से की इंट्री वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हुआ वायरल

पीलीभीत।अक्सर आप लोगों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित अन्य वीआईपी और वीवीआईपी लोगों के काफिले में हूटर से बजती हुई गाड़ियों को देखा और सुना होगा। लेकिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक अजीब मामला नजर आया एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें दो जिला समन्वयक हूटर लगी गाड़ी में एंट्री कर रहे हैं। जिसमें जिसमें एक का नाम जितेंद्र कुमार दूसरे का नाम सचिन कुमार है। जिले में आदर्श आचार संहिता लगी होने के बाद भी जिला जिला समन्वयक को इस बात का कतई भी भय नहीं दिखा है।जो खुलेआम अपनी रॉबिन हुट की छवि बनाने का प्रयास करके माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

पीले ईट से हो रहा है इंण्टर लांकिग सड़क निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । विकास खण्ड कटरा की ग्राम पंचायत परसिया रानी में लाखों की लागत से बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में पीले ईंटो के साथ बालू का प्रयोग किया जा रहा है।तो वहीं मानको की दुहाई देने वाले ब्लॉक के जिम्मेदार जेई से लेकर अधिकारी जानबूझकर मूक दर्शक बने हुए हैं।एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों में पूरी पारदर्शित के साथ मानको को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाने के साफ निर्देश आए दिन दिए जा रहे हैं।तो वही मिलीभगत से विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में धांधली आम बात हो गई है।सांठगांठ से विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे हैं।जिसका जीता जागता उदाहरण यदि देखना हो तो विकासखंड कटरा ग्राम पंचायत परासिया रानी गांव में आकर कभी भी देखा जा सकता है।वही सूत्रों के मुताबिक लाखों की लागत से बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में मानको को दरकिनार करते हुए बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है।इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में दोयम दर्जे की ईंटों के साथ घटिया की किस्म की साम्रग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।जो भ्रष्टाचार को उजागर करती है।वही इस प्रकरण में जब ग्राम विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीला ही नहीं लगाया जा रहा है।

बसपा प्रत्याशी के मैदान में उतरने से मची हलचल

पीलीभीत।बहेड़ी पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने अपनी लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया इस दौरान उन्होंने वहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक में शिरकत की है।बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खा ने बहेड़ी में आयोजित बैठक को संबोधित कर वर्तमान हालात और गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह गठबंधन सिर्फ पार्टीयों का है जनता इसे नकार चुकी है।यह गठबंधन के नाम पर जनता से किया गया छलावा है दूसरी ओर देश व प्रदेश की मौजूदा सरकारें जनहित के कार्य करने के बजाय सिर्फ जनता का वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। बसपा सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का बखान किया इतना ही नहीं पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी बहुजन

लापता किशोर का पता नहीं लगा सकी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के सिविल लाइन पुलिस चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत हाउसिंग कालोनी निवासी सोलह वर्षीय एक किशोर के बीते नौ मार्च को लापता हो जाने के संबंध में थाने में दर्ज करायी गई गुमशुदगी के बावजूद पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है,जिससे पीड़ित माँ काफी हैरान व परेशान होकर अपने पुत्र की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगाने पर मजबूर है।पीड़ित महिला किसमती पत्नी नागेन्द्र प्रसाद निवासिनी हाउसिंग कालोनी, मकान नम्बर 16, सिविल लाइन पुलिस चौकी के बगल जनपद गोंडा ने बताया कि उसके पति नागेन्द्र प्रसाद आयुक्त आवास गोरखपुर में कार्यरत हैं। महिला घर पर अकेले ही निवास करती है। उसका पुत्र यश कुमार आयु लगभग 16 वर्ष पुत्र नागेन्द्र प्रसाद जो दिनांक 09.मार्च 2024 को सायं सात बजे कालोनी से निकला था और कहीं गायब हो गया है। कई जगह पर उसने पता किया लेकिन कही भी नहीं मिला।पीड़ित महिला के मुताबिक जो व्यक्ति उसके पुत्र को ले गया है उसकी फोटो उसके मोबाइल में है,लेकिन उसका नाम व पता नही मालूम है। महिला का कहना है कि उक्त घटना की रिपोर्ट थाने पर दर्ज करायी गई लेकिन थाने द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे वह काफी हैरान व परेशान होकर अपने पुत्र की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगा रही है।

पूर्ति निरीक्षक की मिलीभगत से राशनकार्ड उपभोक्ताओं को कम राशन दे रहे कोटेदार

पुरनपुर।कलीनगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतो कोटेदार कर रहे घटतौली उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राशनकार्ड उपभोक्ताओं को पूरा राशन मिले इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन प्रणाली लागू की थी।लेकिन कोटेदारों ने उसका भी तोड़ निकाल लिया है।और लगातार कम राशन तौल रहे हैं। वहीं इस भ्रष्टाचार में पूर्ति निरीक्षक भी शामिल हो रहे हैं और जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं।जिससे उचित दर विक्रेता अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है। राशनकार्ड उपभोक्ताओं को राशन कम दे रहे है। उचित दर विक्रेताओ की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है और सस्ते गल्ले की दुकान पर कम राशन दिया जा रहा है वहीं योगी सरकार में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक घटतौली को बढ़ावा दे रहे हैं।कोटेदार की मनमानी से राशनकार्ड उपभोक्ता परेशान हैं और प्रत्येक कार्ड पर 1 किलो राशन कम दिया जा रहा है।इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्ति विभाग के अधिकारियों का संरक्षण उक्त उचित दर विक्रेता को प्राप्त है।आखिर किसके दबाव में घटतौली करने पर मजबूर हो रहे उचित दर विक्रेता,क्या पूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रहीं हैं।अवैध वसूली जिससे कोटेदार करते हैं घटतौली,घटतौली का विरोध करने वाले लोगों पर राशनकार्ड निरस्त करवाने की धमकी दी जाती है।

पीले ईट से हो रहा है इंण्टर लांकिग सड़क निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी व चोरी गये वाहनो की बरामदगी व चोरो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 कृष्ण कुमार सिंह, उ0नि0 विजय कुमार व उ0नि0 संतोष कुमार यादव मय हमराही पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त व आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आई सी पी चौराहे पर बैरियर लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियो व वाहनो की चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल पर तीन व्यक्तियो को रोका व चेक किया गया । पूछताछ के दौरान शंका होने पर मोटर पर बैठे तीनों व्यक्तियों क्रमशः प्रेम कुमार चौहान पुत्र तीरथ राम चौहान निवासी ग्राम एरिया पो0 बभनौटी शंकरपुर थाना हरदी जनपद बहराइच उम्र करीब 23 वर्ष, तीरथ राम मौर्य पुत्र कोईली मोर्य निवासी लोनियन पुरवा दा0 एरिया थाना हरदी जनपद बहराइच उम्र करीब 31 वर्ष एवम जय जय राम यादव पुत्र रंगीलाल यादव निवासी ग्राम नौरंगपुरवा मौजा भगवानपुर थाना हरदी जनपद बहराइच उम्र करीब 22 वर्ष की जामा तलाशी ली गयी तो प्रेम कुमार उपरोक्त के कब्जे से एक अदद देसी तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिन्दा कारतूस तथा तीरथ राम मौर्या व जय जय राम यादव की जामा तलाशी मे एक-एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ । पकड़े गये उक्त व्यक्तियों से रात्रि के समय में हरदी क्षेत्र से रुपईडीहा क्षेत्र में आने के सम्बंध में गहनता से पूछताछ करने पर तीनों ने बताया कि हम तीनों बहराइच जिले तथा अन्य जनपदों में मोटरसाइकिल की चोरी करते हैं, हम तीनों का एक गैंग है, हम लोग मोटरसाइकिल चोरी कर जंगल के रास्ते नेपाल में जाकर बेच देते हैं । कट्टा तथा चाकू हम लोग अपनी सुरक्षा के लिए रखते हैं । तत्पश्चात अभियुक्तगण से और पूछतांछ करनें पर तीनों अभियुक्तगण ने बताया कि हम तीनों ने जनपद सीतापुर, जनपद बहराइच, जनपद लखनऊ व जनपद बाराबंकी से कुल 21 मोटरसाइकिल की चोरी किया है, एक चोरी की मोटरसाइकिल आप लोगों ने पकड़ लिया है, शेष 20 गाड़ियां हम लोगों ने चकिया रोड पर बक्शी जंगल में एक खंडहर मकान तथा उससे सटे खाली पक्के टैंक में पत्तों से ढक कर रखा है आज हम लोगों ने सभी गाड़ियों को बेचने के लिए नेपाल के व्यक्ति को जंगल में बुलाए थे जहां से नेपाल सटा हुआ है । अभियुक्तगण की निशानदेही पर बक्शी गांव जंगल पहुंचकर तीनों अभियुक्त जंगल के किनारे खंण्डर मकान तथा टैंक के पास अभियुक्तगण की निशानदेही पर कुल 20 मोटरसाइकिल चोरी की बरामद की गयी । उपरोक्त चोरी की मोटर साइकिले व अवैध कट्टा व कारतूस व अवैध चाकू बरामद होने के सम्बंध में थाना रूपईडीहा पर मु0अ0सं0 145/2024 धारा 411/413/420/467/468/471 भादवि व 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्तगण को जिला न्यायालय बहराइच रवाना किया गया । गिरफ्तार किए गए तीनोअभियुक्तगण का नाम प्रेम कुमार चौहान पुत्र तीरथ राम चौहान निवासी ग्राम एरिया पो0 बभनौटी शंकरपुर थाना हरदी जनपद बहराइच ,तीरथ राम मौर्य पुत्र कोईली मोर्य निवासी लोनियन पुरवा दा0 एरिया थाना हरदी जनपद बहराइच एवम जयजय राम यादव पुत्र रंगीलाल यादव निवासी ग्राम नौरंगपुरवा, भगवानपुर थाना हरदी जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया।

मेट्रो म्यूजिक अकैडमी डायरेक्टर सोनी श्रीवास्तव ने संगीत विद्यार्थी शमा परवीन को विश्व कविता दिवस पर मोमेंटो से नवाजा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री द्वारा दुर्गा सम्मान से सम्मानित डायरेक्टर मेट्रो म्यूजिक अकैडमी सोनी श्रीवास्तव जी ने अपनी संगीत विद्यार्थी शमा परवीन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बहराइच की सुप्रसिद्ध मेट्रो म्यूजिक अकैडमी डायरेक्टर सोनी श्रीवास्तव जो की प्रतिभाओं को संवारने और निखारने के कार्य में माहिर है। सत्तराह वर्षों से मेट्रो म्यूजिक एकेडमी का संचालन कर रही है अब तक हजारों की संख्याओं में लोगों की प्रतिभाओ को निखारने का काम किया है। लेखिका शमा परवीन जो की मेट्रो म्यूजिक अकैडमी में संगीत विद्यार्थी है। सोनी श्रीवास्तव जी ने विश्व कविता दिवस पर सम्मानित करके शमा को प्रोत्साहित किया। लेखिका शमा परवीन संगीत टीचर से सम्मान पाकर बहुत ही गर्व महसूस कर रही हैं। शमा ने बताया कि वह अपनी म्यूजिक टीचर के कार्यों से बहुत प्रभावित है उनको प्रेरणा मान कर साहित्य और संगीत में आगे बढ़ना चाहती है।

बकाया भरण पोषण धनराशि की वसूली के लिए नीलाम होगी भूमि

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोण्डा के न्यायोजित में दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सं. 03/2022 अफरोज जहां बनाम फिरोज धारा-125 (3) में पारित आदेश दिनांक 18 मार्च 2024 के अनुपालन में बकाया भरण पोषण राशि रू. 44000=00 न अदा करने के कारण फिरोज अहमद पुत्र मुबीन अहमद, निवासी ग्राम डिहवा शेर बहादुर सिंह, हुजुरपुर रोड, नई मस्जिद थाना कैसरगंज, जिला बहाइच की कुल सम्पत्ति भूमि ग्राम कसेहरीखुर्द की खाता सं. 76 की गाटा सं. 129 व ग्राम झल्ला की खाता सं. 26 की गाटा सं. 241 तथा 174 की नीलामी 23 मार्च 2024 को निर्धारित है। यह जानकारी देते हुए नीलाम अधिकारी/नायब तहसीलदार कैसरगंज ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 23 मार्च 2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तहसील सभागार कैसरगंज में उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं।

32 दवाओं सहित लिव-52 की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने बताया कि जनपद बहराइच में शासन स्तर से हुई जांच में आयुर्वेदिक 10 दवायें नकली पायी गयी है तथा 22 दवाओं में ऐलोपैथिक की मिलावट पायी गयी है। इन सभी 32 दवाओं की बिकी पर पूरे प्रदेश में प्रतिबंध लगा दिया गया है जिसमें लिवर की प्रचालित दवा लिव-52 भी सम्मिलित है इसमें मंडूर भस्म व दारुहरिद्रा का मिश्रण मानक के अनुरुप नहीं पाया गया। प्रदेश के समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों को इन दवाओं की बिक्री को रोकने के निर्देश दिये गये है तथा विभाग द्वारा छापेमारी जारी है मानक विरुद्ध पायी गयी दवाओं में प्रेडनिसोलोन व बीटामेथासोन नामक स्टेराइड, आइबाप्रोफ़ेन व डाइक्लोफिनेक नामक दर्द निवारक, ग्लीमपैराइड नामक मधुमेह की दवा व सिलिडिनाफिल नामक यौन उत्तेजना की दवा का अपमिश्रण पाया गया है तथा सीतापुर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्नगर, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्धनगर व कानपुर से इन दवाओं के नमूने लिये गये थे। जनपद बहराइच में इन दवाओं की बिकी पाये जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासानिक कार्यवाही की जायेगी। अपमिश्रण पायी गयी दवाएं विश्वास गुड हेल्थ, पेननिल चूर्ण, एज किट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकान गोल्ड कैप्सूल, डाठबियंट शुगर कैयर टेबलेट, हाई पावर मूसली, कैप्सूल, डाइबियोग केयर, झंडू लालिमा, हेल्थ गुड सिरप, हेपलिव डीएस सीरप, सिस्टोन सीरप, बायना प्लस ऑयल, वातारिन ऑयल, लिव-52, न्यू रिविल, बोस्टा एम.आर. टैबलेट व लिव-52 तथा नकली दवाओं में ज्वाला दाद, रूमो प्रवाही, सुंदरी कल्प सिरप, त्रयोदशांग गुग्गुल, वेदांतक वटी, एसीन्यूट्रा लिक्विड, आंवला चूर्ण, सुपर सोनिक कैप्सूल, बोस्टा 400 टेबलेट व बायना प्लस कैप्सूल शामिल है।

त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की थाने पर हुई बैठक

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों होलिका दहन,होली,गुडफ्राइडे,जुमा-ए-अलविदा,चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर,श्री राम नवमी, प्रचलित रमजान माह व लोकसभा समान्य चुनाव 2024 को सकुशल शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना रहा।जिसमें सर्वप्रथम थाना कटाराबाजार क्षेत्रों से आए हुए संभ्रांत व्यक्तियों से त्योहारों के संबंध में संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गई एवं आगामी त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। तथा बताया गया की जुलूस बिना अनुमति के न निकाले जाए, आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दयपूर्ण तरीके से मनाए जाए।त्यौहारों को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी।सभी धार्मिक स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जायेगी। पीस कमेटी के सभी सदस्यों से त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग देने की की अपील की गई।इस पर पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा आगामी त्योहारों में पुलिस का पूर्ण सहयोग देने एवं त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने का भरोसा दिया गया। इसी प्रकार थाना छपिया, कौड़िया, इटियाथोक व करनैलगंज में आगामी त्योहारों एवं लोकसभा समान्य चुनाव 2024 को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पीस कमेटी की बैठक की।इस अवसर पर पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण व थाना क्षेत्र के पीस कमेटी के सम्मानित नागरिकगण मौजूद रहे।

फागुन महोत्सव पर निकली भव्य निशान यात्रा, श्याममय हुआ वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री श्याम प्रभु एवं दादी राणी सती मंदिर प्रांगण में चल रहे फागुन मेला एवं निशान उत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को हुआ। मंदिर कमेटी की ओर से फागुन महोत्सव पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुरूष व महिला श्रद्धालू हाथों में श्याम नाम की पताका थामें भजनों की धुन पर नाचते गाते श्याम प्रभू का गुणगान करते चल रहे थे। निशान यात्रा पुरानी तहसील स्थित विश्वनाथ मंदिर पहुंची और निशान को प्रभु से स्पर्श कराकर पुनः खाटू श्याम प्रभु मंदिर पहुंचकर खाटू श्याम को निशान अर्पित किए गए। इस दौरान नानपारा धाम की माही पोरवाल, भजन गायक कुमार शानू, मीनू गुप्ता तथा किशन कुमार ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सम्पूर्ण वातावरण श्याममय कर दिया। इसी कड़ी में रात 9 बजे से श्री श्याम भजन संध्या पर सिरसिया हरियाणा से आये भजन गायक सचिन राधे ने श्याम भक्तों पर अपने भजनों की रसवर्षा की। दूसरे दिन गुरूवार को जात एवं जात जडूला श्री श्याम बाबा का मंगल पाठ एवं इत्र और गुलाल की होली का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें श्री श्याम मंगल पाठ नानपारा धाम के कथावाचक दीपक कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण श्री श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार, मनमोहक दरबार व छप्पन भोग रहा। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, आनन्द पोद्दार, सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, नमिता पोद्दार, सुरेश गोयल, राजेन्द्र प्रसाद मनीरामका, अजीत भीमराजका सहित हजारों की तादाद में श्याम भक्त शामिल हुए।

श्याम प्रभु एवं दादी राणी सती मंदिर में मनमोहक दरबार रहा मुख्य आकर्षण

पूर्व बसपा प्रत्याशी विनोद शुक्ला ने सपा का थामा दामन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले के कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र से बीते चुनाव में बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी रहे विनोद कुमार शुक्ल ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के लखनऊ स्थित कार्यालय में पहुंचकर पार्टी के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, मसूद खां की मौजूदगी में सपा मुखिया अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि विनोद शुक्ला ने अपने राजनीति की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी से की थीं।बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट ना मिलने से असंतुष्ट होकर हाथी पर सवार होकर बहुजन समाज पार्टी से चुनाव में प्रत्याशी रहे।लेकिन बुधवार को उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होकर सबको चौंका दिया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।विनोद शुक्ल के सपा में शामिल होने पर हर्ष जताते हुए शुभचिन्तको व समर्थकों ने बधाई दी है।

चुनाव में 50% से कम मतदान वाले बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा गौरीगंज क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 50% से कम मतदान हुआ था वहां के बीएलओ/सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि विगत चुनाव में विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत 87 मतदान केंद्रों पर 50% से कम मतदान हुआ था जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का अधिकार मिला है इसे यूं ही व्यर्थ न होने दें, मतदाता सूची को पढ़ लें उसमें जो त्रुटियां हैं उसे ठीक कर लें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि मतदाता सूची से किसी वोटर का नाम छूटने न पाए, आपके क्षेत्र में जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में अभी तक जुड़ा नहीं है उनका नाम जोड़ दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी स्वच्छ व पारदर्शी होगी चुनाव उतना ही अच्छा होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में किसी भी वोटर का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान से पहले शत प्रतिशत मतदान पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि मतदान पर्ची सीधे परिवार के किसी सदस्य को दी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान होना है उस समय भीषण गर्मी होगी सभी बूथों पर पीने का पानी, छांव की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए तथा 20 मई को मतदान के दिन बुलावा टोली के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने का प्रयास किया जाए। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को मताधिकार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा जनपद की सभी विधानसभाओं में पत्र जारी कर लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह सहित बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद रहे।

अमेठी जिले के 8138 मतदाता घर से करेंगे मतदान

अमेठी। लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की एक नई पहल से इस बार अमेठी जनपद के 8138 मतदाता अपने घर से ही मतदान करेंगे। आयोग के इस नवीनतम दिशा निर्देशानुसार जिले के समस्त 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 8138 मतदाताओं को फार्म 12 डी के माध्यम से अपने घर से ही वोट डालने की सुविधा मिलेगी। अमेठी जनपद के अपर जिलाधिकारी के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे अर्पित गुप्ता ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जो मतदाता 85 वर्ष से ऊपर के हैं उनको हमलोग फार्म 12 डी के माध्यम से घर-घर जाकर ही वोट डलवाने की व्यवस्था करेंगे।उन्होंने बताया कि जनपद में 85 वर्ष से अधिक वाले मतदाताओं की संख्या 7905 है। जिले में सौ साल से ऊपर वाले मतदाताओं की संख्या 233 है। इस प्रकार कुल 8138 मतदाताओं के लिए हम वहीं व्यवस्था कर रहे हैं। यह प्रक्रिया दो-तीन दिनों के भीतर शुरू कर दी जाएगी।

स्कूली बच्चों ने होली गीतों पर जमकर उड़ाया गुलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। धनपाला मेमोरियल पब्लिक स्कूल कैथागांव में नामांकित बच्चों द्वारा गुरुवार को होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और बच्चों ने होली गीतों पर धमाल मचाते हुये जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। बच्चों के साथ ही शिक्षक और शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को सतरंगी रंगों से रंग दिया। विद्यालय के प्रबंधक द्वारा होली की शुभकामनाएं देते हुये बच्चों को गुझिया भी वितरित की गयी।क्षेत्र के कैथागांव स्थित धनपाला मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने होली खेली।सोमवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में शिक्षारत बच्चों ने अपने सहयोगी छात्रों के साथ गुरुवार को होली का त्यौहार मनाया और खूब अबीर गुलाल उड़ाते हुये एक दूसरे को सतरंगी रंगों से रंग डाला। धनपाला स्कूल में गुरुजनों ने साथ बच्चो ने भी अबीर गुलाल के साथ होली खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी तो विद्यालय के प्रबंधक अविनाश मिश्रा की ओर से बच्चों को गुझिया वितरित की गयी।इस मौके पर प्रतीक्षा शुक्ला, श्रीवास्तव, स्वाती मिश्रा,विकास वर्मा, मनीष ज्योति मिश्रा, सौम्या श्रीवास्तव, कशिश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

तीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी। थाना कमरौली पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत तीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आजाद अहमद पुत्र मकसूद अहमद निवासी ग्राम चादगढ़ बनबिरवा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को लोहिया पुल से रोड नम्बर चार की तरफ ग्राम उतेलवा के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को युवक के कब्जे से तीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस टीम द्वारा युवक से मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 आर 0878 के कागजात मांगने पर दिखा नही सका जिसे पुलिस ने सीज कर दिया है और गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

एसपी ने नकद पुरस्कार से पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,थाना पीपरपुर और शुकुल बाजार पुलिस द्वारा अपहर्ताओं की सकुशल बरामदगी पर पुलिस अधीक्षक ने गठित टीम में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।थाना पीपरपुर एवं थाना बाजार शुकुल में दर्ज मुकदमों से सम्बन्धित अपहृता की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा टीमें गठित कर अपहृताओं की सकुशल बरामदगी हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा गठित टीम में पीपरपुर के पूर्व थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल, उप निरीक्षक संजय सिंह, हेमंत यादव व रुबी शर्मा के साथ ही थाना बाजार शुकुल के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल, उप निरीक्षक गुलाब सिंह, अंकेश कुमार व दीपा यादव द्वारा अथक प्रयास करते हुये उपरोक्त दोनों अपहृताओं को सकुशल बरामद कर लिया गया।पुलिस टीमों को उनके सराहनीय कार्य हेतु गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा नकद पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया तथा भविष्य में पूरी दक्षता एवं लगनशीलता से कार्य करने के लिये उत्साहवर्धन किया गया।

त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं : डीएम

आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम व एसपी ने शांति एवं कानून व्यवस्था की किया बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहार होली, ईद उल फितर, रामनवमी व अन्य त्योहार तथा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिये जनपद के अधिकारियों, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत ने आगामी त्यौहारों होली, ईद उल फितर, रामनवमी आदि को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। त्योहारों के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के लोगों की भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह अपने आसपास के लोगों को आपसी भाईचारे के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने के लिये प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि होली में रंग लगाने के दौरान व्यक्तियों की धार्मिक मान्यता और इच्छाओं का भी ध्यान रखें, त्योहारों में मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत बिजली की व्यवस्था हेतु अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि त्योहारों के दौरान कहीं पर भी बिजली की कटौती न की जाए तथा साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल को लेकर शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों का ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा विभाग को त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर दुकानों व प्रतिष्ठानों पर अभियान चलाकर छापेमारी करने के निर्देश दिए। आबकारी अधिकारी को जनपद में कहीं पर भी अवैध शराब का निर्माण, संचयन व बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। इसके अतिरिक्त बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने की अपील किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों का दुष्प्रचार नहीं करेगा और ना ही कोई अफवाह फैलाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर त्योहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों में माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान डीएम व एसपी ने उपस्थित सभी लोगों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सम्भ्रांत नागरिक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

धूमधाम से मना फाग महोत्सव, फगुवा गायन व कवियो ने बिखेरी छटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सुजान साहित्य एवं समाज कल्याण समिति जरई कलां द्वारा फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीन फगुवा की टीमों द्वारा चैताल, डेढ़ ताल, उलार और धमार गीतों का गायन प्रस्तुत किया गया। फगुआ गायन टीमों के साथ कुल सात साहित्यकारों को साहित्य पुरोधा, अवधी गौरव, अनागत साहित्य मार्तंड सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजक राम दुलारे सिंह सुजान की पुस्तक होली के रंग अवधी के संग का विमोचन किया गया।पुस्तक विमोचन के बाद सरस कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ अवधी रचनाकार राम बहादुर मिश्र की वाणी वंदना से हुआ। इसके बाद लखनऊ से आई कवियत्री कुसुम वर्मा का गीत, बेटी तो धान कै फसल, बोयो कहूँ रोप्यउ कहूँ कल। पढा तो पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। बाराबंकी से आये कवि सोभित यादव की ओज पूर्ण कविता, देश की सीमाओं के रक्षक कवच जो हैं। सरहदों पर खड़े उन जवानों को नमन है।पढ़कर तालियां बटोरी।पूर्व डी एस पी डॉ सत्या सिंह की गीत,एक बाबू जी जो घर को जमाने मे लगे थे। इज्जत जमीर के लिए जागीर बेंच दी। आये न आंच हमपे शमशीर खींच ली। हम चैन की वंशी जब बजा रहे थे। तब बाबू जी बाहर कमाने में लगे थे। पढ़कर भाव विभोर किया। हास्य कवि श्री कृष्ण द्विवेदी अज्ञान की कविता, राम राज्य लाना कोई खेल व तमाशा नहीं।

राम राज्य लाना है तो राम बन जाइये। श्रोताओं द्वारा सराही गयी। इंद्र जीत अर्चक ने राम गीत,चारिउ वरिया है गुहार न्यारी राम नगरी । घर घर मंदिर स्वर्गद्वार, न्यारी राम नगरी। पढ़कर वाहवाही बटोरी। युवा कवि विकास चैरसिया का चैता गीत,पिया बिनु लागे नाही मनवा हो रामा,लागे नाही मनवा। पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये।कवि कर्म राज शर्मा तुकांत का राम गीत,मंगल के गीत आज गाओ हमारे राम राजा बने हैं। सुनकर पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया।

क्षेत्राधिकार आदेश रद्द करने को दायर हुई पीआईएल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अधिवक्ताओं ने लड़ाई को दिया धार

सुलतानपुर। दो थानो का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर हो गई है। इसकी सुनवाई जल्द होगी। इधर अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मुकदमो को कादीपुर भेजने पर रोक लगाने की मांग की है। आपको बता दें कि क्षेत्राधिकार स्थानांतरण के विरोध में 13 मार्च से अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। अब 28 मार्च को महापंचायत होगी जिसमें कई जिला बार के पदाधिकारी शामिल होंगे तब तक हड़ताल जारी रहेगी। आज अखंडनगर थाना व कादीपुर थानो के फौजदारी मुकदमे कादीपुर कोर्ट भेजनें के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा ने गुरुवार को जनहित याचिका दायर कर दी है। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने इसे अर्जेंट मानकर सुनवाई की बात भी कही है। संभावना है कि जल्दी बहस होगी। उधर बार के प्रस्ताव के अनुपालन में गुरुवार को वकीलों के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट जाकर डीएम ज्योत्सना कृतिका को ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में सीजेएम के 12 मार्च 23 को स्थगित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में ये भी लिखा गया है कि उक्त आदेश अधिवक्ता व वादकारी के हित में नहीं है।

ज्ञापन देने वालों में पूर्व अध्यक्ष रामविशाल तिवारी, उपाध्यक्ष विद्या भूषण पांडे महासचिव आर्त मणि मिश्र इस सहसचिव प्रशासन बलराम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष रामविशाल तिवारी, जितेन्द्र मिश्र, अजय त्रिपाठी, प्रदीप यादव आदि रहे।

प्राणघातक हमले में वांछित दो युवकों को जेल भेजा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने प्राणघातक हमले में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक राजेश कुमार मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्राणघातक हमले में वांछित सत्यम सिंह पुत्र रामराज सिंह व अनुराग सिंह उर्फ सोहित सिंह पुत्र हरिनारायन सिंह उर्फ हन्नू सिंह निवासीगण ग्राम दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गांव के बाहर तालाब के पास तिराहे से गिरफ्तार किया गया। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा गिरफ्तार दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने राजामऊ नहर पुल के पास से चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने इन युवकों के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार दीक्षित मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार अकरम पुत्र कल्लन निवासी कस्बा व थाना फुरसतगंज व अभिषेक मुसलमान पुत्र राजू बेहना निवासी आशापुर रूरू थाना मोहनगंज को शंकरगंज रोड नहर पुल के पास से समय करीब पौने एक बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को गिरफ्तार अकरम के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है उक्त मोटरसाइकिल के सम्बंध में पूंछतांछ करने पर गिरफ्तार युवकों ने बताया कि हम दोनों ने बीते वर्ष की तेइस नवम्बर को ग्राम ब्रम्हनी थाना क्षेत्र फुरसतगंज से एक तिलक समारोह से चोरी कर उक्त मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट हटा दी थी।

अमेठी में दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । अमेठी में गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि और उनकी पत्नी नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष चंद्रमा देवी द्वारा औसान माता की दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2500 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। दुखदूरिया कार्यक्रम में अयोध्या के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी अपनी पत्नी के साथ पहुंचे और कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम राजेश अग्रहरि ने अपने राजेश मिल्क एंड एडिबल फैक्ट्री टिकरी में आयोजित किया है। नारी शक्ति ही हमारे सनातन की नींव वहीं अयोध्या के मेयर गुरु पंडित गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि नारी शक्ति ही हमारे सनातन की नींव है और जब नींव मजबूत होती है तो समाज देश सब कुछ मजबूत होता है। वहीं मीडिया के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अमेठी में किसी पार्टी का प्रत्याशी आया है या नहीं यह मायने नहीं रखता है। जिससे अमेठी का उत्थान और अमेठी का गौरव बढ़ाना है जिन पर अमेठी गर्व करती है। उस बहन स्मृति ईरानी का नाम घोषित हो चुका है। यहां से बहन स्मृति ईरानी भारी मतों से चुनाव जीतेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, जिनके नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र का सपना देख रहा है। गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या का जो विकास डबल इंजन की सरकार ने किया है यह किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। राम मंदिर के बनने के साथ ही अयोध्या का सुंदरीकरण हम सब के लिए गर्व का अहसास कराता है दीदी ने अमेठी का मान बढ़ाया वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि नारी शक्ति के रूप में हम सबकी लोकप्रिय सांसद दीदी स्मृति ईरानी पूरे देश में अमेठी का झंडा लहरा रही हैं, हम सब का नेतृत्व कर रही हैं। हम सब ने बरसों बरस जिसके ऊपर भरोसा किया था उसने कभी हमारा साथ नहीं

सपा के छात्रसभा जिला उपाध्यक्ष की सड़क दुर्घटना में मौत

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। जबकि दूसरा युवक घायल है, उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। जिसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना कोतवाली देहात थाना अंतर्गत भुलकी चैराहे के पास की है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक सुल्तानपुर शहर से वापस घर लौट रहे थे।

दोनों जब अयोध्या- प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे थे तभी एक टेलर उनकी मौत बनकर पहुंचा। रोड क्रॉस करते समय टेलर ने बाइक में टक्कर ऐसी मारी कि बाइक सवार एक युवक सीधे टेलर के बैक पहिए के नीचे आ गया। दबकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही दूसरा युवक दूर जा गिरा और उसे काफी चोटे आई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया और घायल को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने बताया कि उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है।

10 दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण कैम्प का व्यापारी नेता ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उद्योग युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने मझोला- खटीमा क्षेत्र के सुविख्यात एसके पब्लिक स्कूल में स्कूल द्वारा आयोजित 10 दिवसीय क्रिकेट ट्रेनिंग कैम्प का रिबन काट कर शुभारंभ किया। कैम्प में रणजी प्लेयर विजय जेठी के दिशानिर्देशन में क्षेत्रीय प्रतिभावान खिलाड़ी इस खेल की गहन जानकारी और ट्रेनिंग प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगे। क्षेत्रीय युवाओं के हित में इस महत्वपूर्ण आयोजन को करने के लिए विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह और प्रबंध निदेशक जगजीत सिंहका प्रदेश अध्यक्ष ने हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के अवसरों से इस क्षेत्र से भारतीय हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के और भी खिलाड़ी उभर के निकल सकेंगे और क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने निरन्तर क्षेत्र के हित मे काम करने पर एसकेपीएस परिवार को बधाई देते हुए कहा कि अपने युवा प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह की नवीन और विकासोन्मुख सोच और प्रबन्ध निदेशक जगजीत सिंह के समाजसेवा के प्रति समर्पित मनोभाव के चलते एसके पब्लिक स्कूल निरन्तर सफलता के नए कीर्तिमान बना रहा है और क्षेत्र के नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक कुंदन सिंह वानी,आकाश अग्रवाल समेत समस्त एसकेपीएस स्टाफ और विद्यार्थी तथा कैम्प में भाग लेने वाले शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

तहसीलदार के गलत निर्णय से आहत होकर मां बेटी ने किया आत्मदाह का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव रामपुर मजरे कोंची की एक महिला अपनी बेटी के साथ तहसील पहुंची महिला के हाथ में ज्वलनशील पदार्थ का डिब्बा था यह देखकर आसपास के लोगों को किसी अनहोनी की आशंका सताने लगी।जमीनी विवाद में खुद के साथ तहसीलदार द्वारा अन्याय करने की बात कहते हुये तहसीलदार कार्यालय के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। तहसील प्रांगण में मौजूद लोगों की सतर्कता के चलते एक बड़ी अनहोनी टल गई और आक्रोशित मां बेटी धरने पर बैठ गई।यह नजारा देखकर तहसील से तहसीलदार भाग खड़े हुये और घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल तहसील पहुंच गया और मां बेटी से मान मनौव्वल में जुट गया। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी राजेन्द्र सिंह की लकवा बीमारी से करीब चार वर्ष पूर्व मौत हो गई थी।पति की मौत के बाद मृतक की पत्नी माया देवी ने भूमि वरासत के लिए आवेदन किया तो लेखपाल द्वारा अपनी रिपोर्ट लगाकर अग्रसरित कर दिया गया लेकिन राजस्व निरीक्षक ने उक्त भूमि को विवादित दर्शाकर उसे निरस्त कर दिया। मृतक की पत्नी माया देवी की मानें तो पति की मौत के बाद कूटरचित दस्तावेजों के सहारे मेरे देवर ने फर्जी वसीयत कविता सिंह के नाम तैयार कराकर पति की मौत के छह माह बाद सब रजिस्ट्रार तिलोई को अनुचित लाभ देकर रजिस्ट्री करा ली गई उक्त वसीयत में हासिया गवाह ग्राम रामपुर से दस किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पन्हौना और जमुरवां के अपने मददगार को बनाकर हक को हड़पने की नियत से तहसीलदार तिलोई के न्यायालय में मुकदमा किया था।पीड़िता की मानें तो उसकी पुत्री संगीता और खुद उसके भरण पोषण का जरिया पति के हिस्से की जमीन है। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत बीती तेरह मार्च को मुख्यमंत्री के साथ ही राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मण्डलायुक्त जिलाधिकारी और एसडीएम से की थी। गुरुवार को इस विवादित मामले का निर्णय तहसीलदार न्यायालय से सुनाया गया जो कि कूटरचित वसीयत कराने वाले लोगों के पक्ष में गया जबकि उक्त लगभग चार भूमि पर आज भी माया देवी का ही कब्जा है।

संयुक्त प्रतिपक्ष की तस्वीर और पैगाम

कई-कई अवरोधों को पार करते हुए आखिरकार एक संयुक्त प्रतिपक्ष का वह चेहरा मतदाताओं के सामने आ ही गया है जिसके बारे में सत्ता पक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी और उसके समर्थक यह उम्मीद लगाये बैठे थे कि उसे (भाजपा को) चुनौती देने वाली कोई ताकत खड़ी हो ही नहीं सकती। पिछले लगभग डेढ़ वर्षों के प्रयासों के बाद देश के सियासी परिदृश्य में एक ऐसा मजबूत प्रतिपक्ष अंततरू खड़ा नजर आ रहा है जो अपने बुलन्द हौसलों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ मतदाताओं के समक्ष उपस्थित है, कि जिसे देखकर कहा जा सकता है कि हां, यह भाजपा का विकल्प है और दो दर्जन से ज्यादा दमदार सियासी दलों में ही कई ऐसे नाम हैं जो नरेन्द्र मोदी के स्थान पर चुने जा सकते हैं। कंाग्रेसी नेता राहुल गांधी की 6300 किलोमीटर दूरी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित इंडिया गठबन्धन की विशाल सभा में ऐसे विपक्ष की तस्वीर उभरी है जो भाजपा से लोकसभा चुनाव में दो-दो हाथ करने को तैयार है, जिसकी घोषणा इसी शनिवार को हुई थी। पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाये गये चुनावी कार्यक्रम, ईवीएम के अनसुलझे सवाल, केन्द्रीय जांच एजेंसियों की विरोधी दल के नेताओं पर छापेमारी, समर्थक मीडिया, प्रचार में माहिर आईटी सेल, संसाधनों की कमी जैसे तमाम अवरोधों की चिंता किये बिना एक ऐसा एकजुट विपक्ष सामने आया है जो भयमुक्त है। यही इसकी ताकत है। साथ ही, कंाग्रेस के नेतृत्व में उसने राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय का जो विमर्श रचा है, वही उसका संदेश है। दो दर्जन से अधिक राजनीतिक संगठनों से बने संयुक्त प्रतिपक्ष की जो ताकत है उसमें देश के 60 प्रतिशत मतदाताओं का समावेश है। देखना यह होगा कि क्या कार्यकर्ताओं व समर्थकों की सामूहिक ताकत इस संदेश को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचा सकेगी और उसे वोटों में तब्दील कर सकेगी। 18वीं लोकसभा में बैठने की व्यवस्था कैसी होगी- यह सारा कुछ इसी प्रयत्न पर निर्भर करेगा। मुंबई की रैली न केवल संयुक्त विपक्ष का आभास देती है वरन वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच भी दिखलाई देता है। इसका विस्तार धुर उत्तर के जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत के अंतिम छोर यानी तमिलनाडु तक और पूर्वी राज्य बिहार व झारखंड से लेकर पश्चिम के महाराष्ट्र तक का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायल होने के कारण अनुपस्थित थीं तो वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव बीमार होने के कारण नहीं आये।दिल्ली व पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के झंझटों में फंसे हैं इसलिये नहीं आये लेकिन उनके प्रतिनिधि के रूप में सौरभ भारद्वाज मौजूद थे जो खुद भी एक वरिष्ठ नेता हैं। कई दल वैसे अपने राज्यों में परस्पर विरोधी हैं लेकिन वे अपने विवादों को किनारे रखकर इसमें शामिल हुए थे। नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला एवं पीडीपी की महबूबा मुफ्ती चाहे अपने राज्य कश्मीर में परस्पर विरोधी हों पर यहां वे साथ बैठे नजर आये। जिस गठबन्धन के बारे में प्रचारित किया जाता रहा कि वह साथ नहीं चल सकता, उसने वे सारी भ्रांतियां खत्म कर दीं। विभिन्न नेताओं के दिये भाषणों में यह बात उभरकर आई कि वे सभी तीसरी बार मोदी के चुनकर आने और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद उत्पन्न होने वाले खतरों से पूर्णतः वाकिफ हैं। लोकतंत्र एवं संविधान पर मंडराते बड़े खतरे को सभी महसूस करते दिखाई दिये। भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे के पीछे की मंशा को भी वे जान चुके हैं। देश भर में इस मंच के माध्यम से संदेश गया है कि भाजपा संविधान को बदलकर मनुस्मृति का शासन लाना चाहती है। कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी लोगों को इस खतरे के प्रति आगाह किया कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को किस प्रकार से संविधान के खत्म होने से नुकसान होगा।

चुनावी समर: अर्थ का अनर्थ कर जनसमस्याओं से ध्यान भटकाने का 'कुटिल प्रयास'

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सत्ता व विपक्षी दलों के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप शुरू कर दिये हैं। राजनीति के स्वयंभू 'चाणक्यों' द्वारा बड़ी ही चतुराई से मतदाताओं को ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटका कर ग़ैर ज़रूरी मुद्दों की तरफ़ खींचा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस बार होने जा रहे 18 वीं लोकसभा के आम चुनाव संभवतः पूर्व में अब तक हुये सभी चुनावों की तुलना में कुछ ज़्यादा ही कटु वातावरण में होने की संभावना है। इसके लक्षण भी अभी से दिखाई भी देने लगे हैं। देश के समक्ष इस समय ताज़ातरीन मुद्दा इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी घोटाले का है। मंहगाई इस समय अभूतपूर्व रूप में अपने चरम पर है। विपक्षी दल वर्तमान केंद्र सरकार को चंद गिने चुने उद्योगपतियों के हितों का संरक्षण करने तथा किसानों, मज़दूरों,कामगारों व ग़रीबों के विरुद्ध काम करने वाली सरकार बता रहे हैं। सत्ता पर कई प्रमुख केंद्रीय जांच एजेन्सीज़ के दुरूपयोग का आरोप है। विपक्षी दल अग्निवीर योजना का विरोध कर इसे सैनिकों के जोश व उत्साह को ख़त्म करने वाली देश विरोधी योजना बता रहे हैं। विपक्षी दल पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी कर रहे हैं। बेरोज़गारी देश की ज्वलंत समस्या है। परन्तु इन ज़रूरी विषयों से इतर बड़ी ही चतुराई से चुनाव का रुख़ 'धर्म' की तरफ़ मोड़ा जा रहा है। पिछले दिनों इण्डिया गठबंधन दलों की एक विशाल सभा जो कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन सभा के रूप में मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित की गयी थी इस सभा में राहुल गांधी ने कहा था कि ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है ? बस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहुल गांधी द्वारा प्रयुक्त 'शक्ति 'शब्द इतना 'अनुकूल' लगा कि वे अपनी विशेष शैली के अनुसार इसी 'शक्ति शब्द' को लेकर 'उड़ पड़े'। मुंबई की इस सभा के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के जगतियाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि -''मुंबई में इंडी गठबंधन की पहली रैली हुई और उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया। वह कहते हैं कि उनकी लड़ाई 'शक्ति' के ख़िलाफ़ है। मेरे लिए हर बेटी शक्ति का रूप है और मैं अपनी माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाज़ी लगा दूंगा,जीवन खपा दूंगा।'' उन्होंने कहा कि 'एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं, दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुक़ाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। इंडी गठबंधन ने अपने घोषणापत्र में कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के ख़िलाफ़ है। मेरे लिए हर मां, बेटी और बहन 'शक्ति' का रूप हैं। मैं उनकी पूजा करता हूं। मैं विपक्ष की चुनौती को स्वीकार करता हूं।'' तेलंगाना में ही एक अन्य सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि ''इंडी गठबंधन वाले बार-बार, जानबूझकर हिन्दू धर्म का अपमान करते हैं। हिन्दू धर्म के ख़िलाफ़ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। डीएमके और कंाग्रेस का इंडी गठबंधन और किसी धर्म का अपमान नहीं करता। किसी और धर्म के ख़िलाफ़ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता, लेकिन हिन्दू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। ग़ौरतलब है कि ''कंाग्रेस स्पष्ट कर चुकी है कि राहुल गांधी द्वारा ''शक्ति शब्द का अर्थ 'दुष्ट शक्तियों' से था न कि दुर्गा या शिव शक्ति से। लेकिन बीजेपी झूठ फैला रही है।स्वयं राहुल गांधी ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की है, जबकि उन्होंने जिस 'शक्ति' का उल्लेख किया था उसका 'मुखौटा' प्रधानमंत्री ख़ुद हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि जिस 'शक्ति' के ख़िलाफ़ वह लड़ने की बात कर रहे हैं उसने सभी संस्थाओं और संवैधानिक ढांचे को अपने चंगुल में दबोच लिया है। परन्तु राहुल गाँधी द्वारा 'शक्ति' शब्द का प्रयोग करने और जवाब में मोदी द्वारा कंाग्रेस सहित इण्डिया गठबंधन के सभी सदस्यों को हिन्दू विरोधी बताने

पिछले दिनों इण्डिया गठबंधन दलों की एक विशाल सभा जो कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन सभा के रूप में मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित की गयी थी इस सभा में राहुल गांधी ने कहा था कि ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है ? बस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहुल गांधी द्वारा प्रयुक्त 'शक्ति 'शब्द इतना 'अनुकूल' लगा कि वे अपनी विशेष शैली के अनुसार इसी 'शक्ति शब्द' को लेकर 'उड़ पड़े'। मुंबई की इस सभा के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के जगतियाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि -''मुंबई में इंडी गठबंधन की पहली रैली हुई और उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया। वह कहते हैं कि उनकी लड़ाई 'शक्ति' के ख़िलाफ़ है। मेरे लिए हर बेटी शक्ति का रूप है और मैं अपनी माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाज़ी लगा दूंगा,जीवन खपा दूंगा।'' उन्होंने कहा कि 'एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं, दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुक़ाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। इंडी गठबंधन ने अपने घोषणापत्र में कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के ख़िलाफ़ है। मेरे लिए हर मां, बेटी और बहन 'शक्ति' का रूप हैं। मैं उनकी पूजा करता हूं। मैं विपक्ष की चुनौती को स्वीकार करता हूं।'' तेलंगाना में ही एक अन्य सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि ''इंडी गठबंधन वाले बार-बार, जानबूझकर हिन्दू धर्म का अपमान करते हैं। हिन्दू धर्म के ख़िलाफ़ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। डीएमके और कंाग्रेस का इंडी गठबंधन और किसी धर्म का अपमान नहीं करता। किसी और धर्म के ख़िलाफ़ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता, लेकिन हिन्दू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। ग़ौरतलब है कि ''कंाग्रेस स्पष्ट कर चुकी है कि राहुल गांधी द्वारा ''शक्ति शब्द का अर्थ 'दुष्ट शक्तियों' से था न कि दुर्गा या शिव शक्ति से। लेकिन बीजेपी झूठ फैला रही है।

और इसी सन्दर्भ में उनका कहना कि 'मेरे लिए हर बेटी शक्ति का रूप है और मैं अपनी माताओं-बहनों की रक्षा के लिए जान की बाज़ी लगा दूंगा,जीवन खपा दूंगा'। प्रधानमंत्री मोदी के 'शक्ति' शब्द पर दिये गये इस 'प्रवचन' ने मोदी पर ही कई सवाल खड़े कर दिये हैं। पहला सवाल तो यह कि जब प्रधानमंत्री के अनुसार उनके लिए देश की 'हर बेटी' शक्ति का रूप है और वे अपनी इन बेटियों-माताओं व बहनों की रक्षा के लिए जान की बाज़ी लगाने व अपना जीवन खपाने की बात करते हैं तो क्या मणिपुर में निःवस्त्र घुमाई जाने वाली बेटियां 'शक्ति का रूप' नहीं थीं ? जिन बेटियों के साथ वहाँ बलात्कार की अनेक घटनाएं हुईं उन बहनों की रक्षा के लिए क्या प्रधानमंत्री ने अपनी जान की बाज़ी लगाई? हाथरस से लेकर कठुआ तक और जंतर मंतर पर बैठी ओलम्पिक स्तर का पदक जीतने वाली कई पहलवान लड़कियां क्या 'शक्ति' का रूप नहीं थीं? क्या किया मोदी जी ने उनकी रक्षा के लिये? सत्ता के कई क़रीबी लोगों पर से तो मोदी सरकार के ही कार्यकाल में बलात्कार सम्बन्धी कई मुक़द्दमे तक वापस ले लिए गये? उस समय 'शक्ति' का रूप और बहनों की रक्षा के लिए जान की बाज़ी लगाने व अपना जीवन खपाने जैसे डायलॉग याद नहीं आये थे? या मतदाताओं को गुमराह करने व उनमें भ्रम पैदा करने वाली ध्यान भटकाने की यह 'पुड़िया' चुनाव के समय ही खोली जाती है? रहा सवाल मोदी के इस आरोप का कि ''इंडी गठबंधन वाले बार-बार, जानबूझकर हिन्दू धर्म का अपमान करते हैं।'' इसपर कंाग्रेस कुछ डीएमके नेताओं के आपत्तिजनक बयानों से किनारा भी कर चुकी है और उससे असहमति भी जता चुकी है। परन्तु भाजपा ने बिहार में गया की सीट राजग के जिस उम्मीदवार के लिये छोड़ी है वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी। जीतन राम मांझी अनेक अवसर पर हिन्दू धर्म व हिन्दू देवी देवताओं का अपमान कर चुके हैं। वे न केवल राम को भगवान मानने से इनकार कर चुके हैं बल्कि सत्यनारायण पूजा व हिंदू धर्म पर भी सवाल खड़े कर चुके हैं। यहां तक कि वे ब्राह्मणों के प्रति भी अपशब्द बोल चुके हैं। मांझी यह भी कहा था कि वे पूजा-पाठ कभी नहीं करते। परन्तु जीतन राम मांझी की पार्टी वर्तमान नितीश सरकार में भी साझीदार है और मांझी स्वयं एन डी ए के लोकसभा प्रत्याशी भी हैं। क्या मांझी का हिंदू धर्म व देवी देवताओं का विरोध मोदी या भाजपा अथवा हिन्दू धर्म के उन स्वयंभू शुभचिंतकों को दिखाई नहीं देता ? दरअसल यह सब चुनावी समर के दौरान इसी तरह अर्थ का अनर्थ करने व जनसमस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने का कुटिल प्रयास मात्र है। जिससे जनता को समझने व इससे सचेत रहने की ज़रुरत है। - निर्मल रानी

राहुल का एक और बयान या फिर एक और सेल्फ गोल?

मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज चुकी है, सभी राजनैतिक दलों ने अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना प्रारम्भ कर दिया है । नेता मतदाताओं को रिझाने के लिए गर्मागर्म बयानबाजियां कर रहे हैं। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों और अबकी बार 400 पार के नारे के साथ एनडीए गठबंधन ने मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है तो वहीं दूसरी ओर कंाग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन भी मैदान में उतर चुका है। इंडी गठबंधन जैसे ही ताकत लगाकर खड़ा होता है वैसे ही उसके नेता राहुल गाँधी ही उसकी टांग खींचने वाला काम कर देते हैं । मुंबई में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट -2 का समापन हुआ जिसमें कई महत्वपूर्ण नेता शामिल हुए लेकिन समापन कार्यक्रम में राहुल के अति उत्साह से भरे बयान ने कंाग्रेस और इंडी गठबंधन को एक बार फिर बैकफुट पर धकेल दिया। राहुल जी ने अपनी न्याय यात्रा के समापन अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित महारैली में एक बयान दिया। इस भाषण में उन्होंने कहा कि वो न बीजेपी के खिलाफ लड़ रहे हैं और न ही मोदी के खिलाफ। हिंदू धर्म में एक शब्द बोला जाता है और वह है शक्ति, हम उसी शक्ति से लड़ रहे हैं। स्वाभाविक रूप से राहुल गांधी के इस बयान से इंडी गठबंधन असहज हो गया क्योंकि हिंदू धर्म में शक्ति शब्द का प्रयोग मां दुर्गा के लिए हुआ है और यह एक बहुत पवित्र शब्द माना गया है जिसे नारी सम्मान के साथ भी जोड़ा जाता है। हिंदू धर्म को मानने वाला प्रत्येक भारतीय मां की शक्ति के रूप में आराधना करता है। समस्त हिन्दू संत समाज का मानना है कि राहुल गांधी ने विनाशकाले विपरीत बुद्धि की कहावत को चरितार्थ कर दिया है। राहुल गांधी पूर्व में भी सनातन हिंदू धर्म को अपमानित करते रहे हैं किन्तु इस समय चुनाव सिर पर है और भाजपा ने इस मुद्दे को लपक लिया है। राहुल गांधी आज शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा और उनकी शक्ति के विनाश की बात कर रहे हैं। राहुल के इस भाषण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हर सार्वजानिक कार्यक्रम में इसकी चर्चा कर रहे हैं और तीखा उत्तर दे रहे हैं। स्वयं को जनेऊ धारी दत्तात्रेय गोत्रीय ब्राह्मण कहने वाले राहुल गांधी को दुर्गा सप्तशती का कम से कम एक श्लोक तो समझना चाहिए था जो कहता है - या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। सनातन को लेकर की गई यह राहुल की पहली गलती नहीं है इससे पूर्व वह अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की आलोचना कर चुके हैं, उन्होंने प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा पर भी सवाल उठाए थे और रैलियों में कहा था कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय केवल बड़े लोग आए और उसमें कोई गरीब नहीं दिखाई दिया। राहुल सहित कंाग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया । इसी तरह राहुल गांधी ने एक बार बयान दिया था कि मंदिरों की मूर्तियों में कोई प्राण नही होते वह निर्जीव होती हैं और एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया था कि लोग मंदिरों में लड़कियां छेड़ने के लिए जाते हैं। इसी तरह वे जीसस को ही एकमात्र गॉड भी बता चुके हैं। सम्पूर्ण विपक्ष इस बात को अच्छी तरह समझता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस तरह विपक्ष के बड़े से बड़े हमले को अपने पक्ष में राजनैतिक हथियार के रूप में सफलतापूर्वक प्रयोग कर लेते हैं। नीच चायवाला और चौकीदार चोर है' का हाल वो पिछले चुनावों में देख चुका है । हाल ही में लालू यादव के एक बयान के बाद उन्होंने मैं हूं मोदी पारिवार का नारा दे दिया । अब तो राहुल गाँधी ने सीधे सनातन की शक्ति पर हमला बोल दिया है तो विपक्ष का असहज होना स्वाभाविक है। कंाग्रेस, प्रियंका, राहुल सहित उनके अपने प्रवक्ता और कुछ यू टूबर सफाई दे रहे हैं किन्तु इस मुद्दे पर राहुल का बचाव कर पाना किसी के बस की बात नहीं रह गई है। निर्जल नवरात्र करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल को उत्तर देते हुए कहा तेलंगाना की जनसभा में कहा क , गठबंधन ने अपना घोषणपत्र शक्ति को समाप्त करने के लिए जारी किया है।मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं और मैं इस शक्ति स्वरूपा माताओं बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा, जीवन खपा दूंगा। क्या भारत की धरती पर कोई शक्ति के विनाश की बात कर सकता है क्या? राहुल गांधी के बयान पर भारत की नारी शक्ति सहित प्रत्येक हिन्दू में आक्रोष है।

सेहत मंत्र

नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे

आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी?बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी?बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी?एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

धर्म मंत्र

अनोखा और बहुत बड़ा है भगवान शिव का परिवार, कैलास पर है निवास

भगवान शिव का परिवार बहुत बड़ा है। वहां सभी द्वंद्वों और द्वैतों का अंत दिखता है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां, चौंसठ योगिनियां, षोडश मातृकाएं, भैरव आदि इनके सहचर और सहचरी हैं। माता पार्वती की सखियों में विजया आदि प्रसिद्ध हैं। गणपति परिवार में उनकी पत्नी सिद्धि बुद्धि तथा शुभ और लाभ दो पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। कार्तिकेय की पत्नी देवसेना तथा वाहन मयूर है। भगवती पार्वती का वाहन सिंह है और स्वयं भगवान शंकर धर्मावतार नन्दी पर आरूढ़ होते हैं। स्कन्दपुराण के अनुसार यह प्रसिद्ध है कि एक बार भगवान धर्म की इच्छा हुई कि मैं देवाधिदेव भगवान शंकर का वाहन बनूं। इसके लिए उन्होंने दीर्घकाल तक तपस्या की। अंत में भगवान शंकर ने उन पर अनुग्रह किया और उन्हें अपने वाहन के रूप में स्वीकार किया। इस प्रकार भगवान धम्र ही नंदी वृषभ के रूप में सदा के लिए भगवान शिव के वाहन बन गये। बाण, रावण, चण्डी, भृंगी आदि शिव के मुख्य पार्षद हैं। इनके द्वार रक्षक के रूप में कीर्तिमुख प्रसिद्ध हैं, इनकी पूजा के बाद ही शिव मंदिर में प्रवेश करके शिव पूजा का विधान है। इससे भगवान शंकर परम प्रसन्न होते हैं। यद्यपि भगवान शंकर सर्वत्र व्याप्त हैं तथापि काशी और कैलास इनके मुख्य स्थान हैं। भक्तों के हृदय में तो ये सर्वदा निवास करते हैं। इनके मुख्य आयुध त्रिशूल, टंक, कृपाण, वज्र, अग्नियुक्त कपाल, सर्प, घंटा, अंकुश, पाश तथा पिनाक धनुष हैं। भगवान शंकर के चरित्र बड़े ही उदात्त एवं अनुकम्पापूर्ण हैं।

पर्यटन

पहाड़ों की लॉन्ग ड्राइव के साथ धरती पर ही जन्नत का नजारा दिखाता है मुनस्यारी

अधिकतर लोगों की चाहत होती है कि जब भी सुबह उनकी आंखें खुले तो सामने चमकता हिमालय और लाली बिखेरता सूरज दिखाई पड़े ! अपनी इस तमन्ना अगर आप पूरा करना चाहते हैं तो उत्तराखंड का खूबसूरत मुनस्यारी आपको अपने पास बुला रहा है। हिल स्टेशन तो सारे खूबसूरत होते हैं लेकिन हर हिल स्टेशन की अपनी अलग खूबसूरती और विशेषता होती है। उत्तराखंड की चोटी पर बसा मुनस्यारी काफी खूबसूरत है। समुद्र तल से 2300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मुनस्यारी को कुदरत का वरदान प्राप्त है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, बर्फीली चोटियां, हरे-भरे खूबसूरत जंगल, हिमालय वस्पतियों और वन्य जीवन के लिए मुनस्यारी विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। मुनस्यारी की खूबसूरती को देखते हुए इसे उत्तराखंड 'मिनी कश्मीर' कहा जाता है। अगर आप अपनी छुट्टियां मुनस्यारी मे बिताने के बारे में सोच रहे हैं तो हम इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मुनस्यारी कैसे जा सकते हैं और वहां क्या-क्या घूम सकते हैं। मुनस्यारी जाने का प्लान आप कम से कम 6 दिनों का तो जरूर बनाएं तभी आप मुनस्यारी के मनमोहक दृश्यों का आनंद उठा सकते हैं। यहां की ड्राइव काफी लंबी है। बिर्थी जल प्रपात उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के पास तेजम से लगभग 14 किमी दूर स्थित है। यह झरना समुद्र तल से 400 फीट ऊपर से गिरता है और इसे कलामुनी दर्रे के पास से गुजरता है। बिर्थी जलप्रपात मुनस्यारी से लगभग 35 किमी दूर है और एक छोटे ट्रेक द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है। ट्रेकिंग सफर के बीच आप आसपास के प्राकृतिक दृश्यों का आनंद भी ले सकते हैं। ब्रिथी वॉटरफॉल कि खास बात है कि यह झरना बारिश हो, गर्मी या फिर सर्दी का मौसम हर समय एक जैसा रहता है। इसका पानी कभी कम नहीं होता है। अगर आप मुनस्यारी जा रहे हैं वहां पर आप कलामुनी टॉप भी घूम सकते हैं। कलामुनी टॉप घूमने के लिए काफी मशहूर जगह है। सबसे ऊंचाई पर होने के कारण इस जगह को कलामुनी टॉप कहा जाता है।

भूलीगंज में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत के अंतिम दिन विशाल भण्डारे के साथ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। स्थानीय कस्बा के भुलीगज में सत्यनामी ब्रम्हयज्ञ गुरुग्रंथ श्रीमद् भागवत के अन्तिम दिन पूर्ण आहुति के साथ सम्पन्न हुआ। उसके बाद भव्य भण्डार का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने पुड़ी सब्जी खीर कि प्रसाद ग्रहण किया। कथा में व्यास पूर्णानन्द शरण दास जी ने कहा कि स्वामी जी ने हमें बताया की कलि काल में सिर्फ कशी का महातम है और काशी कोई और नहीं, हमारा जो शरीर है इसी में काशी है जहाँ पर मन इंद्री एकत्र होते हैं वही पर संगम कहलाता है और हमारे जो पाप हैं वही यमराज हैं ऐसा हमारे सतगुरु ने हमें बताया है और हमारा शरीर तब ही काशी कहलाएगा जब इसमें सुकर्म की गंगा बहेगी। जब त्रिकुटी पर हम स्थिर हो जाएं यही संगम है। ब्रह्मा और भक्ति और भजन देश का सम्पूर्ण ज्ञान कराते हुए स्वामी जी ने सप्तम दिवस को विराम दिया तत्पश्चात सवा दो लाख आहुतियों का जो संकल्प हुआ था आज पूर्णआहुति के साथ स्वामी जी की कृपा से संपन्न हुआ तत्पश्चात अभिजीत मुहूर्त में कन्या भोज प्रारम्भ करके विशाल भंडारे का आयोजन समस्त भक्त जानो द्वारा संपन्न हुआ। स्वामी जी के सतनामी ब्राह्मयज्ञ की के सम्पन्न के बाद पूर्ण आहुति दी गई। इसके बाद पुड़ी, सब्जी और खीर का भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा मसौली, मसौली बाजार कटरा ज्योरी नौबस्ता मनियाचांदा देवलिया बड़ागांव, बांसा, धरौली,मुजापर,गुरेला, रहरामऊ, धनकुट्टी, बसन्त पुर,देवकलिया सहित इलाके से महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन जगजीवन राम, पुष्पा

आचार संहिता लगने के बाद यातायात प्रभारी ने अभियान चलाते हुए विधायक की कार में लगा झण्डा उतरवाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद शहर मे यातायात प्रभारी राम यतन की अगुवाई मे दिन भर अभियान चलाया गया अभियान के क्रम मे सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव की निजी कार को पुलिस ने शहर के पटेल तिराहे पर रोककर उनकी निजी कार मे लगे राजनैतिक पार्टी के झंडे को उतरावाया वहीं इस दौरान गहमा-गहमी देखने को मिली लेकिन यातायात प्रभारी ने विधायक से अनुरोध किया की आप यदि आप ही झण्डा लगाकर चलेंगे तो फिर हम अन्य वाहनो के झंडो को कैसे उतरवा पाएंगे। अभियान के क्रम यातायात प्रभारी ने कई चार पहिया वाहनो मे लगे झंडे तथा अनाधिकृत हूटरो को निकलवाया और जुर्माना वसूला जिससे हड़कंप मच गया।

कासगंज में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

कासगंज। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए जिले में अवैध शस्त्रों की तस्करी की रोकथाम में लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात सहावर थाना पुलिस एवं एसओजी टीम ने अवैध रूप से शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तमंचे कारतूस और शस्त्र तैयार करने के उपकरण बरामद किए हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने गुरुवार को बताया कि थाना सहावर क्षेत्र के ग्राम बाजनगर से नगला भम्मा व मौहम्मदपुर के जंगल में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी गई है।

सांई पीजी कॉलेज में आयोजित होगी चित्रकला प्रदर्शनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। छात्र एवं छात्राओं में बहुत सी प्रतिभाएं छुपी होती हैं लेकिन उन प्रतिभाओं के प्रदर्शन का अवसर, उन छात्र एवं छात्राओं को नहीं मिल पाता है। मालूम हो कि छात्र एवं छात्राओं में छुपी प्रतिभाओं को निखारने एवं प्रदर्शन करने हेतु सांई पी0 जी0 कॉलेज बेलहरा रोड फतेहपुर बाराबंकी में प्रबंधक विपिन राठौर के निर्देशन में कला संकाय के छात्र-छात्रों के द्वारा आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होना है। कला संकाय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर विवेक कुमार एवं शिखा नाग के नेतृत्व में चित्रकला प्रदर्शनी की तैयारी छात्र एवं छात्राएँ कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी से छात्र एवं छात्राओं की प्रतिभा एवं कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

अनाधिकृत व्यक्ति ने दस माह में लाखों निकाले सोते रहे प्रधान व सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददात

रामसनेहीघाट बाराबंकी। गैर अधिकृत व्यक्ति सरकारी खाते से दस माह तक धन निकासी करता रहा किन्तु सचिव व प्रधान को पता नहीं चला जो कि सचिव प्रधान पर शक पैदा करता है फिलहाल विकास खंड बनीकोडर के एक गांव में सरकारी धन हड़पने के मामले में करीब पांच वर्ष बाद प्रधान ने एक गैर जनपदीय व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम प्रधान द्वारा गैरजनपदीय व्यक्ति पर पाच साल बाद मुकदमा दर्ज कराया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि उसने कूटरचित दस्तावेज तैयार करके चालीस लाख रुपए की निकासी की है। प्राप्त जानकारी मुताबिक विकास खंड

पांच साल बाद प्रधान ने दर्ज कराया मुकदमा संदेह में प्रधान,सचिव

बनीकोडर के दुल्लापुर निवासी हरिश्चन्द्र की तहरीर मुताबिक दर्ज मुकदमा के अनुसार वह 2018 में दुल्लापुर का ग्राम प्रधान था तो भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण खातिर वीरेंद्र सिंह उर्फ पिंकू सिंह निवासी औरी थाना मोहनगंज अमेठी ने शौचालय निर्माण का ठेका लिया था किंतु कुछ दर्जन शौचालय बनवाने के बाद और नहीं बनाया आरोप है कि 14 अगस्त 2018 से 11 जून 2019 के मध्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करीब चालीस लाख रुपए निकाल लिए, प्रधान ने पैसे मांगे तो आरोपी बहाने बनाता रहा। असंद्रा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसबीएम की जमकर उड़ाई धज्जियां कागजों में ओडीएफ*

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एसबीएम (जी) को दो अक्टूबर, 2014 को आरंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य दो अक्टूबर, 2019 तक देश के सभी गांवों में सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालयों तक पहुंच प्रदान करके खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) की स्थिति प्राप्?त करना था। एसबीएम (जी) के तहत, सभी बीपीएल परिवारों और चिन्हित एपीएल परिवारों (एससी/एसटी परिवार, दिव्?यांग व्यक्तियों वाले परिवारों, भूमिहीन मजदूरों, छोटे और सीमांत किसानों तथा महिला मुखिया वाले परिवारों के लिए व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) के निर्माण के वास्?ते 12,000 रुपए के प्रोत्साहन का प्रावधान हैं।

किंतु दुल्लापुर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना शौचालय निर्माण कार्य ठेकेदारी प्रथा व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, सूत्रों की माने तो विकास खंड बनीकोडर में तत्कालीन खंड विकास अधिकारी व तत्कालीन सचिव व प्रधानो ने ज्यादातर लाभार्थियों को चेक या धनराशि न देकर ठेकेदारी प्रथा के तहत शौचालय निर्माण करा सरकार की नजरों में अपने नंबर बढ़वाते रहे। फिलहाल दुल्लापुर तो महज बानगी भर है पूरे बनीकोडर में जम कर धन दोहन करते हुए कागजों पर ही ओडीएफ कर दिया गया जबकि असलियत में एसबीएम जमीन पर हैं ही नहीं, महज गिनती के लोगों को चेक दिया गया है। बाकी घोटाले की भेंट चढ़ा दिया गया।

लोकतंत्र में मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : प्रियंका शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगर पंचायत बंकी में निकाली गई मतदाता जागरूकता मशाल रैली

बाराबंकी। नगर पंचायत बंकी में मतदाता जागरूकता को लेकर एक मशाल रैली निकाली गई। इसमें नायाब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला, अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी, लेखपाल इंद्रपाल,बीएलओ, सभासद मोमहम्मद रज़ी सिद्दीकी, सभासद मास्टर इरफान,सभासद प्रतिनिधि राहुल, सभासद प्रतिनिधि मनीष गौतम, सभासद उपेंद्र ने नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत बंकी के सभी बूथों पर जा जाकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली का समापन नगर पंचायत बंकी से होते हुए बंकी बाजार व पूरे नगर पंचायत में भ्रमण कर वापस नगर पंचायत बंकी में हुआ।

सेना के अलंकरण समारोह में 58 विजेता व 64 यूनिट सम्मानित

एजेंसी



प्रयागराज। भारतीय सेना की उत्तरी कमान ने रेड ईगल डिवीजन के तत्वावधान में वृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सैन्य स्टेशन में आयोजित अलंकरण समारोह में अपने वीर और प्रतिष्ठित 58 सैनिकों और 64 यूनिटों को सम्मानित किया। सभी पुरस्कार विजेताओं को उनकी बहादुरी, कर्तव्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिन्द्र कुमार, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम बार, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ उत्तरी कमान ने भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को उनके निःस्वार्थ कर्तव्य परायणता से परे उनकी बहादुरी के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया। यूनिटों को राष्ट्र की विशिष्ट सेवा, बहादुरी एवं उनकी असाधारण कार्य और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए जीओसी-आईएन-सी यूनिट प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गये। समारोह के दौरान वीरता के लिए 45 सेना मेडल, विशिष्ट सेवा के लिए तीन सेना मेडल, एक युद्ध सेवा मेडल और 09 विशिष्ट सेवा मेडल सहित 58 पुरस्कार विजेताओं को मेडल प्रदान किए। इसके अलावा 64 यूनिटों को यूनिट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान जब प्रत्येक वीर सैनिक की अदम्य वीरता और अटूट साहस के बारे में पढ़ा गया, तो उपस्थित सभी लोगों का दिल गर्व और कृतज्ञता से भर गया। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ़ ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी रैंकों को सभी क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेठ करने और भारतीय सेना के उच्च परम्पराओं और मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ़ ने पुरस्कार विजेता सेवा कर्मियों को उनके कर्तव्यों के पालन में भरपूर समर्थन देने के लिए उनके परिवार के सभी सदस्यों के योगदान की सराहना की। सेना कमांडर ने सभी पदों, पूर्व सैनिक कर्मियों और उनके परिवारजनों से राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने को कहा। सेना कमांडर ने बाद में पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की और भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं को बनाए रखने में अभूतपूर्व योगदान को स्वीकार किया। उत्तरी कमान भारतीय सेना की सबसे सक्रिय कमान है तथा अपनी सबसे गम्भीर चुनौतियों और आतंकवाद के संकट का मुक़ाबला करने के प्रयासों में सबसे आगे है।

इलेक्ट्रोरल बांड के मुद्दे पर कंाग्रेस जिलाध्यक्ष की प्रेसवार्ता आज

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया के ओबरी स्थित आवास पर इलेक्ट्रोरल बांड के मुद्दे पर कंाग्रेस जिलाध्यक्ष मो.मोहसिन पत्रकारो से इस संबंध मे वार्ता करेंगे।वार्ता मे गठबंधन से संभावित प्रत्याशी यूपी कंाग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया समेत तमाम कंाग्रेसी मौजूद रहेंगे।उक्त आशय की जानकारी कंाग्रेस के जिला प्रवक्ता सरजू शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी है।

अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत,मुकदमा दर्ज

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार की देर शाम अपने खेत से घर जाने के लिए निकले एक युवक को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पीआरवी वाहन ने युवक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार मसौली थाना क्षेत्र के पूरे किंहौली गांव निवासी 22 वर्षीय उमापति पुत्र शिव शरण दीक्षित अपने हसनापुर गांव के मोड़ पर स्थित खेत मे काम करके घर बुधवार की शाम घर जाने के लिए निकला था और अपनी घर मे मौजूद मां को मृतक ने फोन करके कहा था कि घर आ रहा हूं चाय बनाईये उतने मे पीछे से आये एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी टक्कर के बाद युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल पीआरवी पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।इंस्पेक्टर मसौली अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने सरदार पटेल महिला महाविद्यालय मे दिलायी मतदाता शपथ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर क्षेत्र के दशहरा बाग स्थित मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा कालेज की छात्राओं, शिक्षिकाओं व स्टाफ को मतदाता शपथ दिलायी गयी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की सभी छात्राओं से मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने की अपील करते हुए उन्हें मतदान करने के लिये जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं, शिक्षिकाओं व कालेज स्टाफ को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों की गरिमा को बनाए रखने और हर चुनाव में निडर होकर और धर्म के विचारों से प्रभावित हुए बिना मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए वोट देने के लिए जागरूक किया।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ.ऊषा चौधरी व अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

शराब की दुकानें 24 मार्च की रात्रि से 25 मार्च की सायं तक बन्द रहेंगी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में होली पर्व के अवसर पर कानून व शान्ति व्यवस्था एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा द्वारा जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, भांग, ताड़ी, मॉडल शाप, एफएल-9/9ए, एफएल-16/17, सीएल-2, एफएल-2/2बी की दुकानें 24 मार्च की रात्रि 10 बजे से 25 मार्च को सायं 5 बजे तक बन्द रखने के आदेश जारी किया गया है। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने दी है। उन्होंने बताया कि इस निर्धारित अवधि में मादक पदार्थो की बिक्री नहीं होगी। साथ ही इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों का कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

शराफत अली हरदोई समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नियुक्त

हरदोई। समाजवादी पार्टी ने हरदोई में अपना जिलाध्यक्ष बदल कर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शराफत अली को फिर से जिलाध्यक्ष की कमान सौप दी है।

समाजवादी पार्टी ने पहले वीरेंद्र यादव वीरे को पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया था। वीरेंद्र जिलाध्यक्ष बनने के बाद से ही विवादों में घिरे रहे। जिला अध्यक्ष की तानाशाही के कारण कई बार पार्टी कार्यालय पर विवाद हुआ। इसकी शिकायत राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंची, अखिलेश यादव ने गोपनीय रूप से शिकायतों की जांच कराई। जिसमें शिकायतों को सही पाया गया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व में जिलाध्यक्ष रहे शराफत अली को पार्टी का नया जिला अध्यक्ष घोषित किया है। शराफत अली को जिलाध्यक्ष बनाने पर समाजवादी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार उत्तम ने पत्र जारी कर शराफत अली की ताजपोशी की है। समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में फूंक- फूंक कर कदम बढ़ा रही है। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि शराफत अली की ताजपोशी विवादों पर लगाम लगाने की कोशिश है। फिलहाल सपा के इस फैसले से सियासी हलकों में हलचल पैदा हो गयी है।

दहेज हत्या के मामले में पति सहित पांच ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज

फतेहपुर। जिले में थाना जहानाबाद क्षेत्र में गुरुवार को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों की प्रताड़ना से अजीज आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतक महिला के पिता ने पति सहित पांच ससुरालीजनों पर दहेज हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद बनारस के थाना फूलपुर के गाँव नारायणदासपुर निवासी नंदलाल पटेल ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मनीषा का विवाह जनपद फतेहपुर के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गाँव बम्थरा निवासी हिमांशु सचान के साथ वर्ष 2020 में हिन्दू रीति रिवाज के साथ अपनी सामर्थ अनुसार देकर विदा किया था। शादी के बाद से ही पति हिमांशु, ससुर प्रेमचंद, सास दयावती, देवर दिव्यांशु, चचिया ससुर विपिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पुत्री को आये दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते रहते थे, जिससे उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर जान दे दी है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध द्विवेदी ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति, सास-ससुर सहित पांच ससुराली जनों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

आजमगढ़ में बोले धर्मेन्द्र यादव, वर्ष 2022 में भाजपा की एक्सीडेंटल जीत हुई

एजेंसी

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के नेता एवं आजमगढ़ सदर लोकसभा से प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव गुरूवार को आजमगढ़ जनपद पहुंचे। टिकट घोषित होने के बाद जनपद में पहली बार पहुंचे धर्मेन्द्र यादव का पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान मंदुरी हवाई अड्डे के समीप आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान धर्मेन्द्र यादव ने आजमगढ़ की कंातिकारी धरती को नमन करते हुए कहा कि स्थानीय नेताओं व राष्टीय अध्यक्ष को भरोसा दिलाया वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगें। धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि आजमगढ़ के विकास की एक-एक ईंट पर नेताजी या अखिलेश यादव का नाम लिखा हुआ है। आजमगढ़ में भाजपा की जीत एक्सीडेंटल थी, सासंद निरहुआ स्क्रिप्ट के आधार पर राजनीति करते हैं। धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि आजमगढ का तरक्की, खुशहाल का जो समाजवादियों के साथ इतिहास जुड़ा हुआ है। नेता जी ने आजमगढ़ को न केवल विकास व तरक्की के रास्ते पर ले जाने की शुरूआत की थी बल्कि मैं इस बात को फक्र के साथ कह सकता हूं कि यहां विकास की एक-एक ईट पर नेताजी या अखिलेश यादव का नाम लिखा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में कहीं भी भाजपा के लोग जीते हो लेकिन आजमगढ़ के लोगों ने बीजेपी को जीतने नहीं दिया है। एक जीत हो गई लेकिन यह एक्सीडेंटल जीत थी, इसका लोगों को अफसोस व एहसास भी है। चार जून को जब परिणाम आएगा तो लोग महसूस करेगें कि आजमगढ़ के लोगों ने किस तरह से जबाव दिया है । पुलिस भर्ती के रद्द होने के सवाल पर धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि 50 लाख नौजवानों के साथ अन्याय, अत्याचार और धोखा हुआ है। उन्होने कहा कि योगी सरकार में एक भी भर्ती पूरी नहीं हुई है। सात वर्ष की भाजपा सरकार में हमारे नौजवान ओवर एज हो गए है। उन्होने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जैसा कहा है कि अस्सी हटाओ रोजगार पाओ। अखिलेश यादव के नेतृत्व में हमारी पार्टी आईएनडीए गठबंधन की सरकार बनाएगी और एनडीए को हटायेगी और बेरोजगार नौजवानों की उम्मीदों को हम पूरा करेगें। धर्मेन्द्र यादव ने भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव को कहा कि वे कलाकार है, दूसरे क्षेत्र से राजनीति में आए है। उनके सामने जो परंपरा रहती है कि स्क्रिप्ट लिखकर उनको दी जाती है। उस स्क्रिप्ट पर वे चलते है। धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि उनको शायद अंदाजा नहीं है । उन्होने कहा कि स्वर्गीय रामबचन से लेकर अखिलेश यादव तक समाजवादी शानदार परंपरा है। हम समाजवादी लोगों ने आजमगढ़ को न तो कभी छोड़ा था, न छोड़ने वाले है। यह इस बात का एहसास उनको नहीं हो सकता है। क्योंकि वे राजनीति स्क्रिप्ट के आधार पर करते होगें। दिल व जज्बातों की राजनीति उन्होने नहीं की होगी।

धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि बदायूं में भी घर बनाकर रहा हूं और आजमगढ़ में आने से पहले ही घर बन रहा है और उसी में रहकर इस क्षेत्र के लोगों की जो आवश्यकता होगी उसे पूरा करेगें।

सबके राम और सबमें राम के साथ दुनियां में फैलेगा रामपंथ

वाराणसी । रामपंथ विश्व भर में टूटते रिश्तों को बचाने के लिए बड़ी पहल कर रहा है। श्रीराम परिवार भक्ति आन्दोलन और राम सम्बन्ध संस्कृति के माध्यम से परिवार और समाज को सम्बन्धों में बांधने का अभियान रामपंथ चला रहा है। इससे जुड़ने के लिये नीदरलैंड के संत स्वामी अखण्ड सम्राट आनंद महाराज गुरूवार को लमही स्थित सुभाष भवन पहुंचे। भवन में आनंद महाराज ने सुभाष मन्दिर में 7 किलो की माला अर्पित की और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रति श्रद्धा जताई। इस अवसर पर अनाज बैंक ने आनंद महाराज के हाथों 50 बाँसफोर परिवारों में होली की त्योहारी के रूप में अनाज की पोटली वितरित की। इस दौरान रामपंथ के डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आज विश्व को भगवान राम के मर्यादा की जरूरत है। जब तक देश देश के लोक व्यवहार में राम की मर्यादा नहीं आएगी, तब तक न परिवार बचेगा और न रिश्ते। बतौर मुख्य अतिथि आनंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम सिर्फ हमारे नहीं हैं, सभी के हैं। राम भूत या वर्तमान के नहीं हैं बल्कि सदैव हैं। रामपंथ वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण की आवश्यकता है। भारत सरकार के उर्दू काउंसिल की सदस्य रामभक्त नाज़नीन अंसारी ने कहा कि अरब देशों में राम की मर्यादा स्थापित करने के लिये श्रीराम मंदिर का निर्माण होना चाहिए।

आरसीबी के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगी धोनी की सीएसके

एजेंसी

चेन्नई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की मौजूदगी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी हालांकि दोनों टीमों के सामने कई यक्षप्रश्न टूर्नामेंट से पहले ही खड़े हैं। पांच बार की चैम्पियन पिछली विजेता चेन्नई की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर है। दूसरी ओर महिला प्रीमियर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने के बाद अब आरसीबी की पुरूष टीम भी इस कमी को पूरा करना चाहेगी। लेकिन दोनों टीमों के सामने कई अनुत्तरित प्रश्न हैं। चेन्नई की कमान 42 वर्ष के एम एस धोनी के पास है जो इस उम्र में भी सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से है। क्रिकेट की गजब की समझ रखने वाला उनका दिमाग पहले की तरह ही चुस्त है लेकिन उम्र के साथ बतौर बल्लेबाज उनकी चपलता में कमी आई है। ऐसे में युवाओं पर प्रदर्शन की महती जिम्मेदारी होगी। अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाहर डेवोन कोंवे की जगह न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने ली है। वहीं मध्यक्रम में उनके हमवतन डेरिल मिचेल होंगे। अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा रूतुराज गायकवाड़ पर मध्यक्रम में रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिये सर्वाधिक रन बनाये थे। चेन्नई की ताकत उसके हरफनमौला और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनेर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी। सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंका के मथीषा पथिराना का खेलना संदिग्ध है जिन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी। आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी लेकिन मैक्सवेल के पास अनुभव है। कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा और मयंक डागर को मैच अभ्यास नहीं मिल सका है।

आईपीएल में जलवा दिखाएंगे मुरादाबाद मंडल के सितारे, क्रिकेट प्रेमी गेंदबाजी का लुफ्त उठाने को बेताब

एजेंसी

मुरादाबाद। आईपीएल की शुरुआत शुक्रवार से होने जा रही है। इसमें पहला मैच चेन्नई सुपर किंग और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2024 में मंडल के सितारों पर सभी की नज़रे होंगी। इसमें महानगर के लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते नजर आएंगे। तो बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज मोहसिन खान लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से आईपीएल के रण में उतरेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। इसका खुमार युवाओं के सर पर चढ़कर बोलता है। इसकी शुक्रवार से शुरुआत होने जा रही है। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में मुंबई इंडियंस की ओर से दो बार के विश्व विजेता इंडिया टीम का हिस्सा रह चुके महानगर के लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला मुंबई इंडियंस की ओर से प्रतिभागी करेंगे। जिन पर मंडल के क्रिकेट प्रेमियों की नजरे रहेंगे। वही संभल निवासी मोहसिन खान की गेंदबाजी का लुफ्त भी मंडल के क्रिकेट प्रेमी उठाने के लिए बेताब है। हालांकि, इस बार भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अमरोहा निवासी मोहम्मद शमी की कमी जरूर मंडल के क्रिकेट प्रेमियों को खालेगी। क्योंकि वह चोट की वजह से आईपीएल से बाहर रहेंगे। क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि इन खिलाड़ियों को देखकर मंडल के युवा खिलाड़ियों में कुछ कर गुजरने का नया जोश पैदा होता है। पीयूष अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाकर मुंबई इंडियंस को छठवीं बार चैंपियन बनाने की कोशिश करेंगे। तो युवा तेज गेंदबाज मोहसिन आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर इंडियन टीम का दरवाजा खटखटाना की प्रयास में लगे हैं।

स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की वापसी पर खुशी जताई

चंडीगढ़। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने टीम के कप्तान ऋषभ पंत की वापसी पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा है कि ऋषभ पंत के वापस आने से खेल को लेकर गंभीर बातचीत के साथ-साथ हंसी-मजाक भी शुरू हो गया है। मैं इस सीजन में उसके साथ और अधिक आनंद लेने की उम्मीद कर रहा हूं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के लिए चंडीगढ़ पहुंची है। टीम अपने पहले मैच में 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। मैच से पहले ऋषभ पंत की पेशेवर क्रिकेट में वापसी पर स्टार ऑलराउंडर ने कहा कि मुझे यकीन है कि हर किसी ने कहा होगा कि टीम में उसका वापस आना बहुत अच्छा है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैंने उसे बहुत याद किया, पिछले साल मैदान के अंदर और बाहर हमारी हंसी-मजाक को मिस किया। 30 वर्षीय खिलाड़ी पटेल ने आईपीएल 2024 में टीम के दृष्टिकोण के बारे में बात करते हुए कहा कि यह एक नया सीजन है। हम नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं। मुख्य रूप से कोचों के साथ बातचीत, योजनाओं के क्रियान्वयन और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टूर्नामेंट में चीजों को कैसे सरल रखा जाए। ऋषभ पंत आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते दिखेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज 14 महीने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। साल 2022 के अंत में ऋषभ पंत एक भयावह कार हादसे का शिकार होकर गंभीर चोटों के चलते लंबे समय के लिए क्रिकेट से दूर हो गए थे।

ताबड़तोड़ क्रिकेट के सबसे बड़े जलसे में भारत के सितारों पर रहेंगी नजरें

एजेंसी

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी। महेंद्र सिंह 42 बरस की उम्र में भी आईपीएल के सदाबहार कप्तान हैं और उनसे जब पूछा जायेगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जायेंगे। उनके वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है। अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे , कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगी तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल



जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को धोनी की कप्तानी में अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज गायकवाड़, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी है। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पांड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

तेल कंपनियां ईवी चार्जिंग में कूदीं, 15,000 से अधिक पेट्रोल पंपों पर मिलेगी चार्जिंग की सुविधा

एजेंसी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक कार की कीमत अब धीरे-धीरे घटने लगी है। बीते फरवरी महीने में ही टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक कार के दो मॉडलों की कीमत में करीब सवा लाख रुपए तक की कटौती की थी। ई-कार खरीदारों को जो सबसे बड़ी टेंशन होती है, वह इसकी चार्जिंग की। एक बार घर से निकल गए तो फिर ईवी चार्जिंग स्टेशन मिले ना मिले, क्या ठिकाना। ऐसे कार मालिकों के लिए बड़ी खबर आई है। पेट्रोल पंप चलाने वाली सरकारी कंपनियां देश भर में करीब 15,000 से अधिक पेट्रोल पंपों पर ईवी चार्जिंग की सुविधा दे रही हैं या देने वाली हैं। केंद्र सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस समय इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम जैसी सरकारी ऑयल कंपनियों के 14,450 पेट्रोल पंपों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। एक साल पहले चार्जिंग सुविधा वाले पंपों की संख्या महज 6,700 ही थी। मतलब कि यह एक साल में ही दोगुनी से अधिक हो गई है। उल्लेखनीय है कि देश में जितने पेट्रोल पंप हैं, उनमें 95 फीसदी पंप इन्हीं सरकारी कंपनियों के हैं। शेष पांच फीसदी की हिस्सेदारी निजी क्षेत्र के कंपनियों की है। इनमें रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी के पास ईवी चार्जर वाले अधिकांश निजी क्षेत्र की कंपनियों के पेट्रोल पंप हैं। यदि सबमें देखें तो भारत में इस समय करीब 89,000 पेट्रोल पंप चल रहे हैं। इनमें से 17% पंपों पर अब ईवी चार्जिंग सुविधाएं विकसित हो चुकी हैं। देश में पेट्रोलियम ईंधन के सबसे बड़े रिटेलर इंडियन ऑयल के पास ईवी चार्जिंग की सुविधा वाले 8,760 फिलिंग स्टेशन हैं। इस कंपनी के पास अभी कुल 32,000 पंप हैं। मतलब कि इस कंपनी के करीब एक चौथाई पंपों पर ईवी चार्जिंग फैसिलिटी है। इस समय एचपीसीएल के 3,050 पंप और बीपीसीएल के 2,640 पंपों पर भी ईवी चार्जिंग की सुविधा है। पेट्रोल पंप चलाने वाली कंपनियां आंख मूंद कर तो पेट्रोल पंप पर ईवी चार्जिंग फैसिलिटी डेवलप कर नहीं रही हैं। इसके लिए वे डायवर्स स्ट्रेटेजी पर काम कर रही हैं। कुछ कंपनियां कुछ हाईवेज पर फोकस कर रही हैं तो कुछ कंपनियां कुछ इलाकों पर, जहां ईवी की संख्या ज्यादा है। ये कंपनियां बैटरी स्वैपिंग स्टेशन भी बना रही हैं जहां मुख्य रूप से टू व्हीलर और थ्री व्हीलर को सुविधा मिलेगी। सरकारी तेल कंपनियों ने अपने पेट्रोल पंपों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन तो खोल दिया है लेकिन उसका उपयोग बहुत कम हो रहा है। एक सरकारी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारिक सूत्र का कहना है कि इस समय ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर क्षमता का उपयोग बहुत कम है। देखा जाए तो इन दिनों मुख्य रूप से टू व्हीलर ही चार्ज हो रहे हैं। उनका कहना है ''यदि आपके पास पर्याप्त चार्जिंग सुविधाएं नहीं हैं, तो लोग ईवी नहीं खरीदेंगे। और यदि आपके पास सड़क पर पर्याप्त ईवी नहीं हैं, तो चार्जिंग सुविधाओं का सीमित उपयोग होगा। यह मुर्गी और अंडे की समस्या है। हालांकि, हम चार्जिंग समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं, जो अंततः ईवी बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

ऑल टाइम हाई पर पहुंची सोने की कीमत, चांदी के भी बढ़ गए भाव

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में आज उछाल देखने को मिल रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 66000 के पार कारोबार कर रहा है वहीं चांदी भी मजबूत होकर 76000 के पार पहुंच गई है। अगर आप सोना खरीदने की योजना बना रहे हैं तो एक बार इसके लेटेस्ट रेट जरूर चेक कर लें। एमसीएक्स पर आज यानी गुरुवार को 5 अप्रैल 2024 की डिलीवरी वाला सोना बढ़त के साथ 66,739 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। सोना आज सुबह 1000 रुपए से ज्यादा बढ़त के साथ खुला है। इसमें लगातार तेजी देखी जा रही है। वहीं 5 जून 2024 को डिलीवरी वाला सोना आज 67,148 रुपए के भाव पर ट्रेड कर रहा है। एमसीएक्स पर आज यानी गुरुवार को 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी बढ़त के साथ 76,492 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 76,835 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रही है। चांदी के भाव में आज उछाल देखा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

क्वीन सिरिकिट कप में भारतीय खिलाड़ियों के लिये कठिन दिन

क्राइस्टचर्च। भारत की जारा आनंद, विधात्री उर्स और हीना कांग के लिये 44वें क्वीन सिरिकिट कप गोल्फ टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार का दिन कठिन रहा और तीन पायदान गिरकर टीम स्पर्धा में वे नौवें स्थान पर खिसक गए। पहले दौर के बाद व्यक्तिगत वर्ग में संयुक्त बढत बनाने वाली जारा 11वें और विधात्री संयुक्त 20वें से संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गई। हीना कांग कल संयुक्त 32वें स्थान पर थी जो दूसरे दौर के बाद संयुक्त 30वें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया की सारा हामेट पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ शीर्ष पर है।

पाकिस्तान के मुख्य कोच के लिये लैंगर , कर्स्टन से भी बात कर रहा है पीसीबी

कराची। शेन वाटसन के इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिये जस्टिन लैंगर और गैरी कर्स्टन समेत कई विदेशी कोचों के संपर्क में है। 'जंग' अखबार के अनुसार पीसीबी ने लैंगर, कर्स्टन, माइक हेसन, मैथ्यू हेडन, इयोन मोर्गन और फिल सिमंस से संपर्क किया है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि वह आगामी टी20 विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए टीम के लिये विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ चाहते हैं। पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने देशी कोचों को तरजीह दी थी।उनके रहते विदेशी कोचों को तीन महीने की तनख्वाह देकर पदमुक्त कर दिया गया था।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था। उन्होंने आखिरी मैच 1972 . 73 के दौरे पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला था। उनके कैरियर का हालांकि उस दौरे पर विवादित अंत हुआ। पाकिस्तान बोर्ड का मानना था कि सिडनी की हरी भरी पिच पर डेनिस लिली का सामना करने से बचने के लिये उन्होंने कमर की चोट का झूठा बहाना बनाया। अहमद को अनुशासन कारणों से दौरे से बुला लिया गया और फिर पाकिस्तान के लिये कभी उनका चयन नहीं हुआ। सईद के सौतेले भाई युनूस अहमद ने भी पाकिस्तान के लिये चार टेस्ट खेले थे।

हंड्रेड के ड्राफ्ट में स्मृति मंधाना, रिचा घोष ही भारतीय क्रिकेटर

लंदन। महिला प्रीमियर लीग विजेता कप्तान स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ही वे भारतीय क्रिकेटर हैं जिन्हें 'द हंड्रेड' के ड्राफ्ट में चुना गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाने वाली मंधाना को सदर्न ब्रेव वुमेंस ने चुना जबकि रिचा को बर्मिंघम फीनिक्स वुमेंस ने चुना है। मंधाना ने डब्ल्यूपीएल में 10 मैचों में 300 रन बनाये जबकि रिचा ने दस मैचों में 142 के स्ट्राइक रेट से 257 रन जोड़े। मंधाना ब्रेव के ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रह चुकी है और कोच ल्यूक विलियम्स के साथ डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिये खेलने से पहले यहां खेल चुकी है। रिचा भी फीनिक्स के लिये दूसरी बार खेलेंगी। हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स और श्रेयांका पाटिल समेत 17 भारतीय खिलाड़ियों ने ड्राफ्ट के लिये रजिस्टर किया था लेकिन उन्हें किसी ने नहीं चुना। वैसे अभी भी उनके पास मौका है क्योंकि 'वाइटलिटी वाइल्ड कार्ड' के जरिये टीमें एक और विदेशी खिलाड़ी चुन सकती हैं।

मात्तेओ बेरेतिनी को हराकर एंडी मर्रे मियामी बोपन के दूसरे दौर में

मियामी गार्डन्स। एंडी मर्रे ने एक और मैराथन मुकाबला जीतते हुए इटली के मात्तेओ बेरेतिनी को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली। इस सत्र में एटीपी टूर पर पहला मैच खेल रहे बेरेतिनी अच्छी शुरूआत के बाद लय कायम नहीं रख सके। दूसरे सेट में उन्हें मेडिकल सहायता भी लेनी पड़ी। दूसरा सेट गंवाने के बाद वह कोर्ट से चले गए लेकिन वापस आकर दो घंटे 49 मिनट तक चला मैच खत्म किया। मर्रे ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के पहले दौर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 6-3, 6-3, 4-6, 6-7, 7-6 से जीता था। महिला वर्ग में दो बार की अमेरिकी ओपन चैम्पियन नाओमी ओसाका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना 15वीं रैंकिंग वाली एलिना स्वितोलिना से होगा।

कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंड क्रूड 0.50 डॉलर यानी 0.58 फीसदी की उछाल के साथ 86.45 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.70 डॉलर यानी 1.14 फीसदी की गिरावट के साथ 81.68 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इन्फ्रा स्थापित करने के लिए एमएंडएम, अडानी टोटल एनर्जी में समझौता

एजेंसी

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए अडानी टोटल गैस की एक इकाई के साथ समझौता किया है। प्रमुख वाहन कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि उसने अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के साथ इस संबंध में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार, एमओयू देशभर में एक विस्तृत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक खाका तय करता है। एमएंडएम ने कहा कि इसके अलावा, साझेदारी में खोज, उपलब्धता, नेविगेशन और लेनदेन को कवर करने वाले ग्राहकों के लिए चार्जिंग नेटवर्क तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए ई-मोबिलिटी समाधान पेश करना भी

शामिल होगा। इसमें कहा गया है कि इस सहयोग से इलेक्ट्रिक वाहन एक्सयूवी400 ग्राहकों के पास अब 1,100 से अधिक चार्जर तक पहुंच होगी। एमएंडएम के वाहन खंड के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, ''यह गठबंधन ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में एक आधारशिला है। यह सुनिश्चित करता है कि हमारे ग्राहकों को एक अद्वितीय ईवी अनुभव के लिए चार्जिंग नेटवर्क और डिजिटल एकीकरण तक निर्बाध पहुंच का आनंद मिले।'' अडानी टोटल गैस के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरेश पी मंगलानी ने कहा कि चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए एमएंडएम के साथ समझौते से ईंधन उपयोग बदलाव के हिस्से के रूप में ईवी प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा।

बैंक खाते सील करना मोदी-शाह की आपराधिक कार्रवाई : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सील करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और श्री मोदी तथा श्री शाह की सह पर सील किए गये हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सील होने की वजह से नहीं किया जा सकता है। पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। श्री खडगे ने कहा, अठारहवीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। देश का हरेक नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सुक है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतांत्रिक मूल्यों और अर्दर्शों के लिये जाना जाता रहा है। यह सभी राजनीतिक दल के लिए समान अवसरों को सील करने की कार्रवाई है। भाजपा ने किस तरीक़े से कंपनियों से ये पैसे लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट तथ्यों की जाँच कर रहा है। हमें उम्मीद है कि सच्चाई बहुत जल्द हम सब के सामने आयेगी। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सील कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बाँड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक ख़तरनाक खेल खेला गया है। उन्होंने कहा, मैं सांविधानिक संस्थाओं से अपील करता हूँ कि अगर वे स्वतंत्र और निष्पक्ष इलेक्शन चाहते हैं तो हमारी पार्टी को बग़ैर किसी रोक -टोक के बैंक खातों को इस्तेमाल करने दें। जो आयकर का दावा है वो अंततः कोर्ट के निर्णय के अनुसार सेटल हो जाएगा। राजनीतिक दल टैक्स नहीं देते, भाजपा ने कभी नहीं दिया, इसके बाद भी अगर हमसे यह माँगा जा रहा है, तो हम न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतज़ार करेंगे। श्रीमती गांधी ने कहा, आज हम जो मुद्दा उठा रहे हैं वह बहुत ही गंभीर है और न केवल कांग्रेस को प्रभावित करता है - बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को भी सबसे अधिक प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। हालाँकि, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ 'इलेक्टोरल बॉन्ड' का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। जैसा कि सभी जानते हैं, चुनावी बाँड से भाजपा को भारी और बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है। दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमला हो रहा है। यह सचमुच अभूतपूर्व है।

श्रीमती गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। हालांकि, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। श्री राहुल गांधी ने कहा, हमारे सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। हम अपना प्रचार कार्य नहीं

कांग्रेस का दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है: नड्डा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने देश में लोकतंत्र खत्म होने के कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस अप्रासंगिक हो गयी है और उसका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरूवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सरकार पर कांग्रेस के बैंक खातों को बंद करने का आरोप लगाया और कहा कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है। श्री नड्डा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी और ऐतिहासिक हार के डर से उनके शीर्ष नेतृत्व ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और भारतीय लोकतंत्र तथा संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय,कांग्रेस अपनी परेशानियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह आयकर अपीलय न्यायाधिकरण हो या दिल्ली उच्च न्यायालय दोनों ने कांग्रेस से नियमों का पालन करने और बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा है लेकिन पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा जिस पार्टी ने हर क्षेत्र, हर राज्य और इतिहास के हर पल में लूट की हो, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात करना हास्यास्पद है। जीप से लेकर हेलिकॉप्टर घोटाले से लेकर बोफोर्स तक सभी घोटालों से जमा हुए पैसे का इस्तेमाल कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में कर सकती है। श्री नड्डा ने कहा , छ्ल कांग्रेस के पार्ट टाइम नेता कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र होना झूठ है - क्या मैं उन्हें विनम्रतापूर्वक याद दिला सकता हूं कि 1975 और 1977 के बीच केवल कुछ महीनों के लिए भारत एक लोकतंत्र नहीं था और उस समय भारत की प्रधान मंत्री कोई और नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गांधी थीं।

नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है। कार्यस्थलों में एआई के उपयोग के विकसित होते रूझानों और कौशल की जरूरतों को बेहतर रूप से समझने के लिए एडब्लूएस ने 'एक्सेलरेटिंग एआई स्किल्सः प्रिपेयरिंग द एशिया-पैसिफिक वर्कफोर्स फॉर जॉब्स ऑफ द फ्यूचर' शीर्षक से एक क्षेत्रीय अध्ययन किया जिसमें 1600 से ज्यादा कर्मचारियों और 500 नियोक्ताओं को शामिल किया गया। भारत में सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 97 प्रतिशत कर्मचारियों को अपेक्षा है कि उनके एआई के कौशल से वेतन में अच्छी वृद्धि के अलावा उनके करियर पर भी सकारात्मक असर होगा और उनका करियर आगे बढ़ेगा। भारत में काम करने वाले 95 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वो अपने करियर में तेजी लाने के लिए एआई का कौशल विकसित करने में रुचि रखते हैं। यह रुचि विभिन्न पीढ़ियों में एक समान है। जैन ज़ी के 95 प्रतिशत, 96 प्रतिशत मिलेनियल्स, और 93 प्रतिशत जैन एक्स कर्मचारी एआई कौशल हासिल करना चाहते हैं, जबकि 90 प्रतिशत बेबी बूमर्स, जो आम तौर से रिटायरमेंट की योजना बना रहे हैं, उन्होंने कहा कि यदि उन्हें एआई कौशल बढ़ाने वाला कोर्स पेश किया जाएगा, तो वो इसमें दाखिला लेंगे। इसमें यह भी पता चला है कि भारत में एआई कौशल रखने वाले कार्यबल द्वारा उत्पादकता में भी काफी वृद्धि हो सकती है। सर्वे में शामिल नियोक्ताओं को आशा है कि एआई द्वारा बार-बार होने वाले कामों के ऑटोमेट हो जाने (71 प्रतिशत), नए कौशल सीखने का प्रोत्साहन मिलने (68 प्रतिशत), वर्कफ्लो और परिणामों में सुधार आने (64 प्रतिशत) से संगठन की उत्पादकता में 68 प्रतिशत तक की वृद्धि हो जाएगी। कर्मचारियों का मानना है कि एआई से उनकी दक्षता में 66 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

भाजपा को केवल विरोधी 'परिवारों' से है समस्या: उमर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केवल उन्हीं परिवारों से समस्या है, जो उसके विरोधी हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओं की ओर से कांग्रेस सहित कई दलों पर 'परिवारवाद' को बढ़ावा देने का आरोप लगाने वाली हालिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री अब्दुल्ला ने कहा, मैंने यह पहले भी कहा है। भाजपा को 'परिवारवादी' दलों से कोई दिक्कत नहीं है। उन्हें केवल उन्हीं दलों से दिक्कत है जो उनका विरोध करते हैं। उन्होंने बिहार में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी और भाजपा के बीच हालिया गठबंधन का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या यह गठबंधन 'परिवारवाद' नहीं है? श्री अब्दुल्ला ने कहा, हाल ही में अमित शाह साहब ने राज ठाकरे से मुलाकात की। क्या वह 'परिवारवाद' नहीं है।

हाइड्रोजन, ईंधन सेल के लिये अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। अर्थव्यवस्था में हाइड्रोजन और ईंधन सेल के लिये अंतरराष्ट्रीय साझेदारी (आईपीएचई) की संचालन समिति की राजधानी में चल रही 41वीं बैठक में हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिये बिजनेस मॉडल, विनियम और बुनियादी ढांचे के बारे विचार-विमर्श किया गया।

भारत की मेजबानी में यह बैठक राजधानी में 18 मार्च से 22 मार्च तक की गयी है। भारत ने सभी हितधारकों से प्राथमिकता के आधार पर अर्थव्यवस्था के सभी संभावित क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन की तैनाती को गति प्रदान करने के लिए साहसिक उपाय अपनाने का आग्रह किया। नयी और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार आईपीएचई की संचालन समिति की 42 वीं बैठक नवंबर में यूरोपीय हाइड्रोजन सप्ताह के दौरान यूरोपीय आयोग द्वारा की जाएगी। बैठक की औपचारिक कार्यवाही बुधवार को सुषमा स्वराज भवन में शुरू हुई। इसमें ऑस्ट्रिया, चिली, फ्रांस, यूरोपीय आयोग, जापान, जर्मनी, नीदरलैंड, संयुक?त अरब अमीरात, इंग?लैंड, अमरीका, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया सहित इस बैठक में भाग लेने वाले देशों के आईपीएचई प्रतिनिधियों ने अनुसंधान और विकास, प्रमुख नीतिगत विकास और उनकी संघीय तथा प्रांतीय सरकारों द्वारा हाइड्रोजन के बारे में की गई पहलों पर अपने देश की नवीनतम स्थिति के बारे में जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय स्वच्छ हाइड्रोजन रणनीतियों, हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण और परिवहन से संबंधित अनुसंधान और विकास पहलों, मांग सृजन की स्थिति, बुनियादी ढांचा विकास, आपूर्ति और मांग का पैमाना और कार्यबल का कौशल बढ़ाने का उल्लेख किया। समिति ने एक मजबूत हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिये हाइड्रोजन के परिवहन, उत्पादन और भंडारण के लिये व्यावसायिक मॉडल, वित्त, नीति, विनियम और सतत वाणिज्यिक एवं आर्थिक मॉडल के क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भागीदारी की संभावनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने नियामक ढांचे, उत्सर्जन बचत का पता लगाने की पद्धति, समर्पित हाइड्रोजन बुनियादी ढांचा और बाजारों का निर्माण, हाइड्रोजन बैंकों और आयात-निर्यात गलियारे, जन जागरूकता, व्यापार करने में आसानी और उच्च दक्षता एवं कम लागत वाले दृष्टिकोण के बारे में भी इस चर्चा के दौरान विचार-विमर्श किया गया। समिति ने 40वीं संचालन समिति के निर्णयों और कार्यों तथा आईपीएचई की सदस्यता के बारे में भी समीक्षा की।

पक्षपाती रवैया अपना रही है जेएनयू की चुनाव समिति: अभाविप

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के चुनाव समिति पर पक्षपाती रवैया अपनाने का आरोप लगाया है और कहा है कि छात्र संघ चुनाव के प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान गुरुवार की सुबह चुनाव अभाविप की ओर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमेश चंद्र अजमीरा के साथ दुर्व्यवहार करना तथा भाषण देने से रोकने के कृत्य को पूरी तरह से पक्षपाती, असंवैधानिक एवं तानाशाही कृत्य है। अभाविप ने आज यहां कहा कि परिषद इस कृत्य को एक स्वस्थ छात्र संघ चुनाव के लिए घातक मानते हुए इसकी कड़ी निंदा करती है।अभाविप चुनाव समिति पर अविश्वास जताते हुए निष्पक्ष चुनाव के लिए जेएनयूएसयू चुनाव समिति से बैलेट पेपर के छपने और प्रयोग करने की संख्या को सार्वजनिक करने की मांग करती है ।

उल्लेखनीय है कि आज सुबह लगभग पांच बजे जेएनयू में प्रेसिडेंशियल डिबेट के प्रश्न और उत्तर सत्र के के दौरान अभाविप की तरफ से श्री अजमीरा ने अपने भाषण के दौरान संदर्भ के तौर पर महात्मा गांधी का कथन 'एन आई फॉर एन आई मेक होल वर्ल्ड ब्लाइंड' का प्रयोग किया था, जिसको लेकर बिना किसी आधार और बिना किसी नियम के तहत जेएनयूएसयू चुनाव समिति ने वाम छात्र संगठनों के साथ मिलकर श्री अजमीरा के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू किया तथा उन्हें भाषण देने से भी रोका। चुनाव समिति के इस व्यवहार से पता चलता है कि यह समिति पूरे तरीके से वाम छात्र संगठनों के साथ सांठ-गांठ करके जेएनयूएसयू के छात्रसंघ चुनाव के लोकतांत्रिक प्रक्रिया को तार तार कर रही है। अभाविप जेएनयू इकाई के मंत्री विकास पटेल ने कहा कि देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जेएनयू में चुनाव के लिए गठित की गई चुनाव समिति द्वारा प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान अभाविप की तरफ से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के साथ दुर्व्यवहार करना तथा भाषण देने से रोकना चुनाव समिति के पक्षपाती रवैया और उसके असंवैधानिक कदम को दर्शाता है। इस कदम की हम कड़ी निंदा करते हैं ।

भारत का उदय वैश्विक शांति, सद्भाव का आश्वासन: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है और भारत का उदय वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए एक आश्वासन है।

श्री धनखड़ ने आज यहां एक उपराष्ट्रपति निवास पर अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टेप) के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति को शक्ति से ही सुरक्षित रखा जा सकता है और युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है। श्री धनखड़ ने कहा कि अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भारत का उदय विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा आश्वासन है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शांति, स्थिरता और सद्भाव को बनाए रखने और बनाए रखने के लिए समान विचारधारा वाले देशों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन-स्टेप 21 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और आठ भारतीय अधिकारियों वाले इस दो सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक विकास पर है और यह वृद्धि अजेय है। उन्होंने कहा कि भारत की असाधारण विकास की कहानी है जो दूरदर्शी नेतृत्व, समावेशी विकास और अटूट दृढ़ता का उदाहरण है। अर्थव्यवस्था और प्रभावी कूटनीति और बढ़ती सौम्य शक्ति के कारण दुनिया शांति के लिए सकारात्मक परिवेश के लिए भारत की ओर देख रही है। वैश्विक शांति और सुरक्षा को विकास के लिए अनिवार्य करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शांति की सबसे अच्छी स्थिति शक्ति है। युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना शांतिपूर्ण माहौल के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में टकराव करने वाले देशों से परे वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ता है और ऐसे टकराव का समाधान कूटनीति और बातचीत में निहित है। उन्होंने कहा कि अलगाव का दृष्टिकोण अब अतीत की बात है। इस सभी राष्ट्रों को सार्थक चर्चा में शामिल होने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रभावी नीति निर्माण और संघर्ष समाधान के आधार के रूप में बातचीत और एकजुटता से काम करने पर जोर दिया।



कमलनाथ के सहयोगी माने जाने वाले दीपक सक्सेना ने दिया त्यागपत्र

एजेंसी

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नजदीकी माने जाने वाले मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना ने आज कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र दे दिया।

छिंदवाड़ा जिले से विधायक रह चुके श्री सक्सेना ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को संबोधित पत्र में पार्टी से त्यागपत्र देने की बात कही है। श्री सक्सेना ने इसी तरह का पत्र पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को भी लिखा है। दोनों ही पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

छिंदवाड़ा जिला निवासी श्री सक्सेना ने प्रदेश अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि वे वर्ष 1974 से कांग्रेस के सदस्य रहे हैं। सात बार विधानसभा का चुनाव लड़ा और छिंदवाड़ा कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पद पर भी रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में श्री दिग्विजय सिंह के साथ पांच साल तक सह सचिव पद पर रहे।

श्री सक्सेना ने लिखा है कि उन जैसे किसान परिवार के छोटे व्यक्ति पर श्री राजीव गांधी, श्रीमती सोनिया गांधी और श्री कमलनाथ ने विश्वास कर दायित्व दिया, जिसके लिए वे सदैव कांग्रेस के ऋणी रहेंगे। पत्र के अंत में श्री सक्सेना ने लिखा है कि वर्तमान में व्यक्तिगत परेशानियों के कारण कांग्रेस पार्टी की जवाबदारी निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए वे कांग्रेस से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने त्यागपत्र को स्वीकार करने का अनुरोध प्रदेश अध्यक्ष से किया है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख के के मिश्रा ने इस संबंध में नपे तुले शब्दों में यूनीवार्ता से कहा कि श्री सक्सेना के त्यागपत्र की सूचना उन्हें मीडिया के माध्यम से मिली है। दरअसल हाल ही में श्री कमलनाथ के एक अन्य नजदीकी माने जाने वाले छिंदवाड़ा के स्थानीय नेता सैयद जफर ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। इस तरह के घटनाक्रमों के राजनैतिक गलियारों में अनेक मायने निकाले जा रहे हैं। श्री कमलनाथ छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र का पर्याय माने जाते हैं और इस बार यहां से श्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में हैं।

पेज एक का शेष

भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी...

न्यायालय के 15 फरवरी 2024 और 18 मार्च 2024 के आदेशों के अनुसार कर चुनावी बांडों का ब्योरा दो बंद बंद लिफाफों (लिफाफा 1 और लिफाफा 2) में प्रस्तुत किये जाने की जानकारी दी गयी है, ताकि आयोग इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके। पहले लिफाफ़े में बांड की सूचनाओं वाली पेन ड्राइव है, तथा दूसरे फाइल में पेन ड्राइव के पीडीएफ फाइल के पासवर्ड सौंपे गये हैं। बैंक ने कहा है कि जब भी जरूरत होगी, वह आयोग को यह हार्ड कॉपी के रूप में भी देगा। उल्लेखनीय है कि चुनावी चंदे में नकदी के चलन को रोकने के लिये संसद में पारित कानून को तहत चुनावी बांड की व्यवस्था शुरू की गयी थी। एसबीआई को इन बांडों बेचने और भुनाने का दायित्व दिया गया था। बैंक इन बांडों को कुछ चुनिंदा शाखाओं के माध्यम से बेचता और उनका भुगतान करता आ रहा था। उच्चतम न्यायालय ने बांड को संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा के प्रावधान 19 (1) ए के प्रावधान और सूचना के अधिकार के कानून के खिलाफ करार दिया है।

सुप्रीम कोर्ट का...

सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, आपको चयन समिति के सदस्यों को उनके सामने आने वाले नामों पर अपना दिमाग लगाने के लिए समय देना चाहिए। संसद ने एक कानून बनाया और इसका मतलब है कि चयन समिति के सदस्यों को इस पर अपना दिमाग लगाना होगा। शीर्ष अदालत के समक्ष एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य ने याचिका दायर कर नए कानून में सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए गठित समिति में मुख्य न्यायाधीश नहीं रखे जाने पर सवाल उठाया था।

जाति जनगणना पर...

उल्लेख किया। शर्मा के अनुसार, ''विपक्ष के नेता के रूप में राजीव गांधी ने छह सितंबर 1990 को लोकसभा में अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा था कि अगर हमारे देश में जातिवाद को स्थापित करने के लिए जाति को परिभाषित किया जाता है तो हमें समस्या है। अगर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद को एक कारक बनाया जाएगा तो हमें समस्या होगी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक रुख से पीछे हटना देश भर के कई कांग्रेसजन के लिए चिंता का विषय है। शर्मा ने कहा कि इस रुख से पीछे हटना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अपमान माना जाएगा तथा यह कांग्रेस के राजनीतिक विरोधियों को भी मदद प्रदान करने वाला है। पत्र में उन्होंने कहा, ''यह उल्लेख करना आवश्यक है कि जातिगत भेदभाव की गणना करने वाली आखिरी जनगणना 1931 में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान हुई थी। स्वतंत्रता के बाद, सरकार द्वारा एससी और एसटी को छोड़कर जनगणना में जाति से संबंधित प्रश्नों को शामिल नहीं करने का एक सचेत नीतिगत निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा, ''मेरे विचार में जाति जनगणना न तो रामबाण हो सकती है और न ही बेरोजगारी को समाप्त करने के लिए व्याप्त असमानताओं का समाधान हो सकती है। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर लंबे समय से चली आ रही नीति से मौलिक विचलन के प्रमुख दीर्घकालिक राष्ट्रीय निहितार्थ हैं। शर्मा ने कहा, ''समावेशी दृष्टिकोण वाली पार्टी के रूप में कांग्रेस को राष्ट्रीय सर्वसम्मति के निर्माता के रूप में अपनी भूमिका को पुनः प्राप्त करने और एक सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए। पार्टी के रुख की अभिव्यक्ति संतुलित होनी चाहिए और क्षेत्रीय एवं जाति आधारित संगठनों के कट्टरपंथी रुख से बचना चाहिए। उनका कहना था, '' कांग्रेस ने पारदर्शिता, लोकतांत्रिक चर्चा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करने में दृढ़ता से विश्वास किया है। मैं इस पत्र को उसी भावना से लिख रहा हूं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद...

2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी को मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखने को मिली और 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 1,57,43,790 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए। इसी क्रम में वर्ष 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। कुल मिलाकर 2,21,38,805 श्रद्धालु 2022 में अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। वर्ष 2023 में यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। 2023 में वर्ष भर में कुल 5,75,15,423 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इनमें 5,75,07,005 भारतीय श्रद्धालु व 8418 विदेशी श्रद्धालु शामिल रहे। माना जा रहा है कि वर्ष 2024 में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इतनी तेजी से बढ़ी है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से 20 मार्च के बीच 1 करोड़ 12 लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर चुके हैं। ऐसा नहीं है कि अयोध्या आने वाले भारतीय श्रद्धालुओं की ही संख्या में बढ़ोतरी हुई है। राम लला का दर्शन करने के लिए यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से यहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी-रोजगार में भी तेजी से वृद्धि भी होने लगी है। पहले सूने रहने वाले दुकानों में अब ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। खान-पान, होटल-रेस्टोरेंट, सजावटी सामानों की दुकानों पर सैलानियों की भीड़ अब आम हो चली है। लोगों का मानना है कि 22 जनवरी को जबसे रामलला विराजमान हुए हैं, यहां देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा हुआ है। इसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। अयोध्या को फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी अयोध्या में विकसित की जा रही हैं।

कांग्रेस ने 'मोदी की गारंटी'...

सहित विभिन्न मुख्य मुद्दों पर चुनाव आयोग के सामने आपत्ति दर्ज की है। 2-जी पर यह वीडियो पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने के फर्जी दावे वाले वीडियो, विज्ञापन में सेना का इस्तेमाल, मोदी की गारंटी' जैसे विज्ञापन, भाजपा की राज्य इकाई द्वारा डाली गई आपत्तिजनक पोस्ट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धर्म और धार्मिक बातों का कटाक्ष के रूप में इस्तेमाल करना और सांसद शोभा करंदलाजे का तमिलनाडु से जुड़ा बयान शामिल है। हमें उम्मीद है कि आयोग भ्रमित करने वाले विज्ञापन, फ़ेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन पर कदम उठाएगा। देश में जगह-जगह सरकार के कामों के विज्ञापनों पर आपत्ति जताई है क्योंकि ये सब प्रचार का हिस्सा नहीं हो सकता है।

सचिव डा. पंकज ने चारधाम यात्रा मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

- एनएचआईडीसीएल के धीमी रफ्तार से किए जा रहे सुधारीकरण कार्यों पर सचिव ने जतायी नाराजगी
- कार्यदायी संस्थाओं को यात्रा से पहले सड़क सुधारीकरण कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चमोली/बद्रीनाथ। उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के सचिव डा. पंकज कुमार पाण्डेय ने बद्रीनाथ धाम पहुंच कर मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित पुनः निर्माण कार्यों और बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव डा. कुमार ने कहा कि हर साल लाखों श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ चारधाम यात्रा पर आते हैं। श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाना हमारी प्राथमिकता है। आगामी चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। बद्रीनाथ धाम में पुनः निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे। अभी धाम में पांच फीट बर्फ जमी है। बद्रीनाथ धाम में पुनः निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सचिव ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू कराया जाए। इस दौरान उन्होंने शेष नेत्र व बद्रीश झील, अराइवल प्लाजा, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की पूरी जानकारी ली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मास्टर प्लान कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से अवगत कराया। आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सचिव ने चमोली से हेलंग तक एनएचआईडीसीएल के धीमी रफ्तार से किए जा रहे सुधारीकरण कार्यों पर सचिव ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यदायी संस्था को चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सड़क चौडीकरण, सुरक्षा दीवार निर्माण और सड़क से मलवा निस्तारण कार्यों को हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पागलनाला के पास सुचारू यातायात और स्थाई ट्रीटमेंट के लिए शीघ्र डीपीआर उपलब्ध करें। यात्रा मार्ग पर निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में लेवर और मशीन लगाते हुए सड़क सुधारीकरण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। हेलंग से बद्रीनाथ तक बीआरओ द्वारा संचालित सड़क चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति पर सचिव ने संतोष व्यक्त करते हुए सड़क सुधारीकरण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। गोविंदघाट में टू-लेन मोटर ब्रिज निर्माण के लिए भी सचिव ने अधिकारियों को शीघ्रता से सभी कार्रवाई पूर्ण करने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, एसडीएम चन्द्रशेखर वशिष्ठ, एनएचआईडीसीएल के डीजीएम शैलेन्द्र कुमार, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, अधिक्षण अभियंता राजेश चन्द्रा, अधिशासी अभियंता आरएस चौहान, अधिशासी अभियंता विपुल शैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, ईओ सुनील पुरोहित आदि मौजूद थे।

सिधू मूसवाला की मां के आईवीएफ उपचार मामले में प्रमुख सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगड़। पंजाबी गायक स्वर्गीय सिद्धू मूसेवाला की माता श्रीमती चरण कौर के आईवीएफ उपचार संबधी केन्द्र सरकार को रिपोर्ट सौंपने के मामले में पंजाब सरकार ने अजॉय शर्मा, आईएएस प्रमुख सचिव, पंजाब सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विशेष सचिव, कार्मिक ने गुरूवार को जारी नोटिस में कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने 14 मार्च 2024 को श्रीमती चरण कौर (श्री सिधू मूसेवाला की माँ) के आईवीएफ उपचार के संबंध में आपसे रिपोर्ट मांगी थी। व्यवसाय नियम, 1992 के प्रावधानों के आलोक में और इसमें शामिल मुद्दे के महत्व को देखते हुए, आपको इसे अपने प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाना था और आगे की प्रक्रिया के संबंध में उनके आदेश लेना था। हालाँकि, आपने इस मुद्दे को अपने प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए बिना और उनसे कोई आदेश लिए बिना इस मामले में कार्रवाई की। यह आपकी ओर से एक गंभीर चूक है। इसलिए, आपसे दो सप्ताह के भीतर यह बताने के लिए कहा जाता है कि आपके खिलाफ अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन और अपील) नियम, 1969 के तहत कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि हिंदुस्तान टाइम्स द्वारा प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (एआरटी और सेरोगेसी प्रभाग) के निदेशक, एस.के. रंजन ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब सरकार के प्रमुख सचिव/प्रशासनिक सचिव को पत्र लिख कर श्रीमती चरण कौर के आईवीएफ उपचार के संबंध में पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी थी।

देहरादून के चकराता का रहने वाला है आतंकी संगठन आइएसआइएस प्रमुख फारुकी

- लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत इंटेलिजेंस टीम और विभिन्न एजेंसियां हैं अलर्ट
- पिछले 12 वर्षों से नहीं आया देहरादून, परिवार के किसी भी सदस्य से संपर्क नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारत में आतंकी संगठन-इस्लामिक स्टेट इराक-सीरिया (आइएसआइएस) के प्रमुख हरीश फारूकी उर्फ हरीश अजमल और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों आरोपितों को एनआइए ने वांटेड लिस्ट में डाल रखा था। फारूकी देहरादून के चकराता का रहने वाला है। वह विगत 12 वर्षों से देहरादून नहीं आया था। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को यह बड़ी सफलता मिली है। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के साथ इंटेलिजेंस टीम और विभिन्न एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। बुधवार देर रात असम एसटीएफ ने आतंकी संगठन के नापाक इरादों को नाकाम कर दिया। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि आइएसआइएस के भारत प्रमुख को बांग्लादेश से सीमा पार करने के बाद असम से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित हरीश फारूकी उर्फ हरीश अजमल फारूकी देहरादून का रहने वाला भारत में आइएसआइएस का प्रमुख है। उन्होंने बताया कि हरीश फारूकी पिछले 10-12 वर्षों से देहरादून नहीं आया है। गलत गतिविधियों के चलते हरीश फारूकी का परिवार के किसी भी सदस्य से संपर्क नहीं था। उन्होंने बताया कि दून पुलिस को इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच की थी, जिसमें यह सामने आया कि हरीश फारूकी अपने किसी भी परिजन के संपर्क में नहीं है और ना ही वह पिछले 12 वर्षों में देहरादून आया है।

उत्तराखंड में मौसम ने ओढ़ी बादलों की चादर, फिजाओं में घुली ठंडक

- पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं मंडरा रहे आंशिक बादल
- गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। बादलों की लुका-छिपी के बीच इन दिनों उत्तराखंड में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। गुरुवार को एक बार फिर मौसम ने करवट ली है और बादलों की चादर ऐसी ओढ़ी कि मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम के अचानक बदले मिजाज से समूचे राज्य में गुलाबी ठंड जैसा महसूस होने लगा है। दरअसल, इन दिनों दून में चटख धूप के कारण दिन में तपिश बढ़ गई थी। उत्तराखंड के मौसम में लगातार बदलाव होता दिख रहा है। होली के पहले मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, बारिश और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल मंडराने लगे हैं। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दो दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। गुरुवार को दून में अधिकतम तापमान 26 तो न्यूनतम तापमान 16 सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिन पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा-बर्फबारी हो सकती है। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें और निचले इलाकों में झोंकेदार हवा चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदल सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के आसार हैं। 21, 22, 24 मार्च को बारिश, बर्फबारी और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। जबकि 23 व 25 मार्च को मौसम शुष्क बना रहेगा।

भारतीय रेलवे ने होली की भीड़ को कम करने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है।

गुंडा एक्ट के आरोपित को तीन माह के लिए किया जिला बदर

हरिद्वार। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को जनपद सीमा से बाहर करने के लिए एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को तीन माह के लिए जिला बदर किया। पुलिस ने इस अवधि में जनपद में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी। अभियुक्त संदीप उर्फ सापू पुत्र जोनी को 03 माह (90 दिवस) के लिए जनपद सीमा से बाहर करते हुए समय सीमा से पूर्व जनपद में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) हरिद्वार के आदेश एवं गुण्डा अधिनियम के अनुपालन में आरोपित संदीप उर्फ सापू पुत्र जोनी निवासी मोतीचूर झुग्गी झोपड़ी भूपतवाला हरिद्वार को 90 दिवस के लिए जिला बदर का आदेश प्राप्त हुआ था। इसके चलते पुलिस ने आज आरोपित के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करते हुए उसे जनपद की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाया।

लोकसभा चुनाव: भाजपा कार्यकर्ता वर्षों भर बूथों पर करते हैं काम : सौरभ बहुगुणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता सिर्फ लोकसभा या अन्य चुनावों में नहीं बल्कि पूरे वर्ष भर बूथों पर कार्य करते हैं। इन्हीं के बदौलत भाजपा चुनावों में जीत दर्ज करती आ रही है। इस बार भी लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी। लोकसभा चुनावों को लेकर उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। अब भारतीय जनता पार्टी जनता को साधने के लिए अपने रणनीति को आखिरी रूप दे रही है। मंत्री सौरभ की कार्य करने की शैली को देखते हुए पार्टी ने कुमाऊं मंडल के दो लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी फहले से दे रखी है। मंत्री सौरभ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को पूरी योजना और विकास के मुद्दों को लेकर पार्टी चुनाव मैदान में है। हमारे कार्यकर्ता चुनाव को लेकर पूरी तैयारी के साथ दिन-रात मेहनत के साथ काम कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। भाजपा ऐसी पार्टी है जो सिर्फ चुनाव के समय नहीं बल्कि हम पांचों साल तक काम में जुटे रहते हैं। कार्यकर्ता बूथों पर रहकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। आज इसी का परिणाम है भाजपा विश्व की नम्बर वन पार्टी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 साल में देश में हुए विकास की उपलब्धियों और राज्य के धामी सरकार के विकास को लेकर लोकसभा के चुनाव मैदान में पार्टी उतरी है। जिसका फायदा निश्चय ही मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कई बड़े नेताओं की जनसभाएं भी उत्तराखंड में होने जा रही हैं। इसके लिए प्रदेश नेतृत्व की ओर से केंद्रीय नेतृत्व से मांग की गई है। केंद्रीय नेताओं का जल्द ही कार्यक्रम तय होने वाले हैं।

बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर महाजनसम्पर्क अभियान की होगी शुरूआत : आदित्य कोठारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी समाज के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर महा जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ करेगी। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में यह जानकारी साझा करते हुए आदित्य कोठारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के संरक्षकों यानि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के आशीर्वाद लेकर अपने महाजन संपर्क अभियान की शुरूआत करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंतर समाज से जुड़ी रहती है और वरिष्ठजनों के अनुभवों से आगे बढ़ती है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी लगातार जारी है। इसके साथ ही मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए बीजेपी लगातार अभियान चला रही है ।अब बुजुर्ग मतदाताओं के आशीर्वाद के साथ भाजपा अपने प्रचार प्रसार का शंखनाद करने जा रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता के साथ-साथ बुजुर्ग मतदाताओं को भी मिल रहा है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने महा जनसंपर्क अभियान की शुरुआत बुजुर्ग मतदाताओं के आशीर्वाद के साथ शुरू करेगी।

मानवता को बचाने के लिए जिहादियों पर कार्रवाई करे सरकार : प्रबोधानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज ने बदायूं में नाबालिग बालकों की हत्या पर रोष जताते हुए कहा कि यह बढ़ते हुए जिहादियों के मंसूबों का परिचायक है। यह बहुत दुखद और निंदनीय घटना है, जिससे मानवता शर्मशार हुई है। यह हमला एक सुनियोजित हमला है। समस्त हिन्दुओं को काफिर बताने वाले लोगों के मंसूबे बहुत बढ़ते जा रहे हैं। इन पर तत्काल सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर सरकार ने हल्की कार्यवाही की तो जेहादियों की घटनाएं बढ़ जाएंगे। अपराधियों को ऐसी सजा दी जाए जिससे कोई अपराधी दूसरा अपराध करने की हिम्मत ना करें। नाबालिग बच्चों की हत्या समस्त मानवता की हत्या है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा की मैं सभी हिंदुओं से आग्रह करता हूं कि आप अपनी रक्षा करने के स्वयं खड़े हो जाएं, हिन्दू रक्षा सेना आप सब के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा यह जिहादी जन्नत पाने के लिए पागल हो गए हैं और यह शिक्षा मदरसे और मस्जिदों में दी जाती है। उन्होंने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा की यदि धरती पर मानवता को बचाना है और शांति को स्थापित करना है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए देश की सभी मस्जिदों और मदरसों की जांच हो। गैरकानूनी पाए जाने पर मदरसे और मस्जिदें बंद की जाएं। उन्होंने कहा की पूरे देश में बार-बार जिहादियों द्वारा गैर मुसलमानों की हत्या किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जिहादी देश का कोई कानून नहीं मानते और नहीं उनको मानवता प्यारी है। जिहादियों के कुकृत्यों से पूरे विश्व की मानवता और शांति खतरे में हो गई। उन्होंने असम में पकड़े गए आइएसआइएस के आतंकवादी जो की देहरादून के चकराता - विकास नगर का रहने वाला है, के पकड़े जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में भी जिहादियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। साथ ही हरिद्वार में भी गैर हिन्दू पहचानिछुपा कर यहां लंबे अरसे से निवास कर रहे हैं, जो कि उत्तराखंड और हरिद्वार के लिए बड़े खतरे का संकेत हैं। उन्होंने सरकार से तत्काल इस मामले की जांच कराकर जिहादियों को देवभूमि और हरिद्वार से बाहर कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले इनामी को एसटीएफ ने दबोचा

- एसटीएफ ने गैंगस्टर के मंसूबे किए फ़ेल, अब तक कर चुका है दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर नवयुवकों से दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने वाला फरार इनामी गैंगस्टर उत्तराखंड एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। फरार इनामी गैंगस्टर देहरादून में ठिकाना बना रखा था और नवयुवकों को ठगने के फिराक में था। इसके लिए योजना भी बना ली थी। गैंगस्टर गिरफ्तारी से बचने के लिए मोबाइल का उपयोग नहीं करता था, लेकिन मुखबिर तंत्र के जाल में फंस गया और एसटीएफ ने गैंगेस्टर के मंसूबे को नाकाम कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने गिरफ्तार किए गए इनामी अपराधी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित पंकज सामंत के विरुद्ध उत्तराखंड के नवयुवकों को सेना में भर्ती करवाने के नाम पर दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी किए जाने के संबंध में जनपद पिथौरागढ़ में अलग-अलग थानों में चार और उधमसिंह नगर में दो अभियोग पंजीकृत किए गए थे। इसमें जनपद पिथौरागढ़ के कोतवाली जौलजीवी, थाना जाजरदेवल, कोतवाली पिथौरागढ़ में एक-एक अभियोग और जनपद उधमसिंह नगर के कोतवाली खटीमा में दो अभियोग वर्ष 2023 में पंजीकृत हुए थे। आरोपित का आपराधिक इतिहास है, जो गैंग बनाकर नवयुवकों को फौज में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगी कर चुका है। इसकी गैंग की गतिविधियों को देखते हुए इस गैंग के विरूद्ध कोतवाली जौलजीवी जनपद पिथौरागढ़ में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग भी पंजीकृत किया गया है। यह आरोपित वर्ष 2023 से लगातार फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ ने इस पर 10 हजार रुपये इनाम घोषित किया था। आरोपित किसी प्रकार से फोन का उपयोग नहीं करता था तथा मैन्युअल सूचनाओं के आधार पर एसटीएफ टीम इसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। बुधवार को देर रात एसटीएफ ने इनामी आरोपित को देहरादून के धोरण खास थाना राजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063